महानगर > मुंबई > सोमवार, 12 जनवरी 2026 > पौष 23 शक संवत 1947 माघ कृष्ण नवमी, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 77, संख्या 10 > मूल्य ₹5.00 > पेज 10 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in


# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



ईरान आजादी चाहता है, US मदद को तैयार: डॉनल्ड ट्रंप


▶ देखें अंदर



टेनिस खिलाड़ी सबालेंका ने ब्रिस्बेन फाइनल जीता

▶ देखें अंदर





## NBT AI टाइम मशीन

### आज है राष्ट्रीय युवा दिवस

आज के दिन भारत में हर साल राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। ये दिन स्वामी विवेकानंद की जयंती भी है। स्वामी जी का मानना था कि युवाओं की ऊर्जा से ही देश का भविष्य बदल सकता है। भारत सरकार ने 1984 में इस दिन की घोषणा की थी। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वामी के आदर्शों और 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए' जैसे विचारों के लिए प्रेरित करना है।

NBT


Front Page-2

नवभारत टाइम्स | मुंबई

सोमवार, 12 जनवरी 2026, पेज 8

### भविष्य में बढ़ेगी युवाओं की भूमिका

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में दुनिया की सबसे बड़ी युवा शक्ति भारत के पास होगी, जो काम, तकनीक और फैसलों में आगे रहेगी। युवा सिर्फ नौकरी नहीं करेंगे, बल्कि नौकरी देने वाले भी बनेंगे। भविष्य का भारत AI इंडिया बनेगा, जिसकी कमान युवा संभालेंगे। लीडरशिप दिल्ली-मुंबई से नहीं, गांव-गांव से निकलेगी। स्वच्छता, पर्यावरण, महिला सशक्तीकरण जैसे अभियानों में युवाओं की बड़ी भागीदारी रहेगी। युवा सिर्फ वोट नहीं देंगे, बल्कि नीतियां बनाने में हिस्सा लेंगे।




AI Images

## SPEED News

### नेपाल में राजशाही के समर्थकों ने राजा की



बहाली की मांग लेकर रविवार को काठमांडु में रैली निकाली। लोग राजा पृथ्वी नारायण शाह की प्रतिमा लेकर नारे लगाते दिखे।




### ऑस्ट्रेलिया में आग में 300 बिल्डिंग तबाह

हो गईं। 70 से ज्यादा विमान आग पर काबू पाने में जुटे हैं। घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई है।

### पाकिस्तान के सिंध में हिंदू किसान की



गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके बाद हिंदू समुदाय ने प्रदर्शन किया। आरोपी को पुलिस ने अरेस्ट किया है।



### US सेना ने सीरिया में ISIS के ठिकानों पर

स्ट्राइक की है। दिसंबर में हुए हमले के जवाब में कार्रवाई हुई। यह अटैक 'ऑपरेशन हॉकआई' के तहत हुआ।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

# क्रिप्टो से जुड़ी KYC के लिए लाइव लोकेशन देना भी होगा ज़रूरी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**क्रिप्टोकरंसी के** जरिए फ्रॉड पर अंकुश लगाने के लिए वित्त मंत्रालय की फाइनैंशल इंटेलिजेंस यूनिट ने कड़े नियम जारी किए हैं। क्रिप्टो एक्सचेंजों को किसी भी यूजर को जोड़ते समय नए और कड़े कस्टमर नियमों के तहत उसकी लाइव सेल्फी अपने रिकॉर्ड पर लेनी होगी। यह भी दर्ज होगा कि यूजर भौगोलिक रूप से कहां मौजूद है। साथ ही, PAN के अलावा यूजर को एक और ID प्रूफ देना होगा। इसमें पासपोर्ट, आधार या वोटर ID का उपयोग हो सकता है। मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवादियों के रुपये-पैसे पहुंचाने वाले नेटवर्क पर अंकुश लगाने के लिए नए नियम जारी किए गए हैं।

**एक्सचेंज को यूजर PAN के साथ एक और ID लेना होगा**

समय और IP एड्रेस के अलावा इसके लिए जगह का अक्षांश और देशांतर भी दर्ज किया जाएगा। वहीं, पेनी ड्रॉप मेथड के तहत 1 रुपये के ट्रांजैक्शन से पक्का किया जाएगा कि बैंक खाता एक्टिव है और यूजर का ही है। यूजर को अपनी पहचान के लिए PAN के अलावा पासपोर्ट, आधार या वोटर आईडी देनी होगी। साथ ही ईमेल और फोन नंबर पर OTP से वेरिफिकेशन होगा। लाइवलीनेस डिटेक्शन टेक्नॉलजी के जरिए पक्का करना होगा कि रजिस्टर करने वाला क्लाइंट ही अकाउंट बनाने की प्रक्रिया पूरी कर रहा है।



AI Image

### ज्यादा रिस्क तो हर 6 महीने में KYC अपडेट

#### क्लाइंट ID, पता, 5 साल के ट्रांजैक्शन को सेफ रखना होगा

**एक्सचेंजों को** 'ज्यादा रिस्क' वाले क्लाइंट्स का हर 6 महीने पर KYC अपडेट करना होगा। बाकियों के लिए यह काम साल में एक बार होगा। एक्सचेंजों से क्लाइंट ID, पता और कम से कम 5 साल के ट्रांजैक्शन की जानकारी सुरक्षित रखने को कहा गया है। अगर कोई जांच शुरू हो, तो ऐसी जानकारी जांच पूरी करने तक सुरक्षित रखनी होगी। हाई रिस्क वाले क्लाइंट्स की कैटिगरी में ऐसे लोग या इकाइयां हैं, जिनके संबंध टैक्स हेवेन देशों से हैं। वैश्विक संस्था ने जिन लोगों और इकाइयों को ग्रे लिस्ट में रखा हो, वे भी हाई रिस्क कैटिगरी में होंगे।

#### इनीशियल कॉइन या टोकन ऑफरिंग ज्यादा रिस्क वाला

**गाइडलाइंस में** इनीशियल कॉइन ऑफरिंग या इनीशियल टोकन ऑफरिंग को ज्यादा रिस्क वाला कहा गया है। इसमें आमतौर पर ब्लॉकचेन स्टार्टअप्स बिटकॉइन जैसी ज्यादा चलन वाली क्रिप्टोकरंसीज या स्थापित करंसी के बदले में पब्लिक को नए डिजिटल टोकन जारी करते हैं। गाइडलाइंस में कहा गया है कि इनमें मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फाइनैंसिंग का जोखिम ज्यादा है। एनॉनिमिटी एनहांसिंग क्रिप्टो टोकन, टंबलर्स और मिक्सर्स को उनकी ओनरशिप, ओरिजिन या ट्रांजैक्शन वैल्यू छिपाने के लिए डिजाइन किया जाता है।

# प्रदर्शन के आगे झुका ईरान? राष्ट्रपति ने कहा- बात करेंगे

## पेजेश्कियान का ऐलान- लोगों की चिंताएं दूर करना हमारी ज़िम्मेदारी, लेकिन...

■ एपी/आईएएनएस, दुबई


**ईरान में** इन दिनों हालात काफी तनावपूर्ण बने हुए हैं। ईरान के सुप्रीम नेता अयातुल्लाह खामेनेई के खिलाफ लोगों का गुस्सा देखने को मिल रहा है। महंगाई और बेरोजगारी से आक्रोशित लोग रविवार को भी सड़कों पर दिखे। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने कहा है कि सरकार प्रदर्शन कर रहे लोगों की बात सुनेगी, लेकिन कुछ दंगाई ऐसे भी हैं जो पूरे समाज को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं।

**कुछ लोग समाज को नष्ट करने की कोशिश में: राष्ट्रपति**

पेजेश्कियान ने कहा, 'लोगों की चिंताएं हैं, हमें उनके साथ बैठकर बात करनी चाहिए और अगर यह हमारी जिम्मेदारी है, तो उनकी समस्याओं को हल करना चाहिए। लेकिन उससे भी बड़ी जिम्मेदारी यह है कि हम कुछ दंगाइयों को पूरे समाज को बर्बाद करने की इजाजत न दें।' ईरान के सरकारी टीवी चैनल ने रविवार को राष्ट्रपति का यह इंटरव्यू दिखाया। पहले कहा गया था कि यह शनिवार को प्रसारित होगा, लेकिन उस दिन इसे नहीं दिखाया गया। वहीं, ईरान के अटॉर्नी जनरल मोहम्मद मोवाहेदी आजाद ने शनिवार को चेतावनी दी कि प्रदर्शनों में भाग लेने वाले किसी भी व्यक्ति को 'अल्लाह का शत्रु' माना जाएगा और इसके लिए मृत्युदंड का भी प्रावधान है। ईरान के सरकारी टेलीविजन की ओर से प्रसारित बयान में कहा गया है कि दंगाइयों की मदद करने वालों को भी इस आरोप का सामना करना पड़ेगा।




AP



PTI

**इस्तांबुल** में प्रदर्शन के दौरान ईरान के अपदस्थ शाह के बेटे रजा पहलवी की तस्वीर लिए लोग दिखे। वहीं, तेहरान में प्रदर्शन के कई विडियो वायरल हो रहे हैं।

### प्रदर्शन में मरने वालों की संख्या 203


ईरान में पिछले 2 हफ्ते से जारी प्रदर्शन में रविवार तक 203 लोगों के मरने का दावा रायटर्स ने किया। वहीं, अमेरिकी मानवाधिकार संस्था ने कहा कि 116 लोग मारे गए हैं। प्रदर्शन के मद्देनजर ईरान में इंटरनेट और फोन लाइन काट दी गई है, जिससे प्रदर्शन का वास्तविक अनुमान लगाने में मुश्किल आ रही है। हालांकि, अमेरिका स्थित 'ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी' के अनुसार, 2,600 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है।

### संसद में लगे US मुर्दाबाद के नारे

ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर कालिबाफ ने कहा कि उन्होंने ईरानी हमले के संभावित लक्ष्यों की सूची में इस्राइल को भी शामिल किया है। कट्टरपंथी कालिबाफ ने यह धमकी तब दी जब ईरान की संसद में सांसद 'अमेरिका मुर्दाबाद' के नारे लगाते हुए आसन के समीप पहुंच गए। वहीं IRGC ने प्रदर्शनकारियों को हद में रहने की हिदायत दी है।

### 'ईरान आजादी चाहता है, US मदद को तैयार'

अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने प्रदर्शनकारियों को समर्थन देते हुए सोशल मीडिया पर कहा, 'ईरान आजादी चाहता है जो शायद उसने पहले कभी नहीं देखी थी। अमेरिका मदद के लिए तैयार है।' 'न्यूयॉर्क टाइम्स' और 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' ने बताया कि ट्रंप को ईरान पर हमले के लिए सैन्य विकल्प दिए गए थे लेकिन उन्होंने अब तक अंतिम निर्णय नहीं लिया है।



## US ने H-1B की फीस बढ़ाई, 1 मार्च से लागू

■ NBT रिपोर्ट

**अमेरिकी नागरिकता** और इमिग्रेशन सर्विस (USCIS) ने H-1B वीजा समेत कई इमिग्रेशन कैटिगरी के लिए प्रीमियम प्रोसेसिंग फीस बढ़ाने का ऐलान किया है। नई दरें 1 मार्च से लागू होंगी और इस तारीख के बाद पोस्ट की गई सभी अर्जियों पर लागू होंगी। इसका सीधा असर भारतीय प्रोफेशनल्स और छात्रों पर पड़ेगा, क्योंकि वे H-1B, L-1, रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड और OPT श्रेणियों में बड़ी संख्या में आवेदन करते हैं। रेट बढ़ने के बाद H-1B समेत अधिकांश फॉर्म I-129 वीजा कैटिगरी के लिए प्रीमियम प्रोसेसिंग फीस 2,805 डॉलर से बढ़कर 2,965 डॉलर हो जाएगी। रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड के लिए फॉर्म I-140 की फीस भी इतनी ही होगी। छात्रों से जुड़े फॉर्म I-539 और रोजगार अनुमति से जुड़े फॉर्म I-765 की फीस में भी बढ़ोतरी की गई है।



AI Image

## दुश्मन कहीं भी हो, ढूंढ लेगा भारत का सैटलाइट

■ पीटीआई, नई दिल्ली

**भारत की** अंतरिक्ष एजेंसी ISRO सोमवार को निगरानी रखने वाला एक सैटलाइट लॉन्च करेगी। इसका नाम अन्वेषा (Anvesha) या EOS-N1 है। इस सैटेलाइट को DRDO ने बनाया है। PSLV-C62 रॉकेट के जरिए श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से इसे लॉन्च किया जाएगा।

**PSLV C62 रॉकेट से इसरो आज लॉन्च करेगा 'अन्वेषा'**

यह सैटलाइट आसमान में भारत की एक और आंख बनेगा। दुश्मनों के छिपे वाहन, हथियार और सैनिकों को स्पेक्ट्रल सिग्नेचर से पहचानकर भारतीय सेना की मदद करेगा। ISRO के मुताबिक, लॉन्च वीकल और सैटेलाइट को जोड़ दिया गया है। सोमवार सुबह 10:18 बजे सैटलाइट की लॉन्चिंग होगी।



File

#### मुख्य बातें

- मुख्य पेलोड EOS-N1 के अलावा, PSLV यूरोपीय डेमोंस्ट्रेटर सैटलाइट समेत विदेशी एजेंसियों के 17 सैटलाइट भी ले जाएगा।
- अन्वेषा का इस्तेमाल पर्यावरण की निगरानी, संसाधनों का नक्शा बनाने, आपदा प्रबंधन में मदद करने और योजना बनाने में भी होगा।
- आसमान में भारत की एक और आंख के रूप में काम करेगा। PSLV-C62, पोलर सैटेलाइट लॉन्च वीकल का 64वां मिशन है।

### शुभेंदु की गाड़ी पर हमला: गृह मंत्रालय ने मांगी रिपोर्ट

■ आईएएनएस, कोलकाता: केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी की गाड़ी पर हुए कथित हमले के बारे में रिपोर्ट मांगी है। इसके बाद शुभेंदु अधिकारी के कार्यालय से हमले की विडियो फुटेज मंत्रालय को भेजी गई है। काफिले पर शनिवार देर शाम पश्चिम मिदनापुर जिले के चंद्रकोना में हमला हुआ, जब वह पुरुलिया जिले में एक राजनीतिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद कोलकाता लौट रहे थे। अधिकारी ने दावा किया कि पश्चिम मेदिनीपुर जिले के चंद्रकोना रोड मार्केट इलाके में कुछ लोगों ने अचानक सड़क जाम कर दी। वे तृणमूल कांग्रेस के झंडे लिए हुए थे। विपक्ष के नेता ने यह भी दावा किया कि सत्ताधारी पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं ने बांस की लाठियों से उनके काफिले पर हमला किया और बुलेटप्रूफ गाड़ी पर भी हमला किया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सब काफी देर तक चलता रहा, लेकिन स्थानीय पुलिस मौके पर नहीं पहुंची।



शुभेंदु

### प्रियंका के बर्थडे पर UP कांग्रेस का प्रतिज्ञा अभियान

Hemwati.Rajaura1
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के जन्मदिन 12 जनवरी से यूपी कांग्रेस 100 दिन की विशेष रणनीति का आगाज करने जा रही है, जिसका सीधा फोकस 2027 के विधानसभा चुनाव पर होगा। लखनऊ में सोमवार को कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग परिवर्तन प्रतिज्ञा दिवस की शुरुआत करेगा। UP कांग्रेस कमिटी के मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष हिंदवी ने बताया कि कांग्रेस 20 मंडलों में सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर 100 दिन की कार्ययोजना जारी करेगी। अभियान के तहत सामाजिक न्याय, जनभागीदारी और संविधान से जुड़े कार्यक्रम पूरे साल होंगे।



प्रियंका गांधी

## सेफ्टी फीचर में दिक्कत से लाइट यूटिलिटी हेलिकॉप्टर मिलने में देरी

File



सेना और एयरफोर्स के पुराने चीता और चेतक हेलिकॉप्टर को करना है रिप्लेस

संसद की स्टैंडिंग कमिटी में भी उठ चुका है मुद्दा, एयरफोर्स को टी LCA-मार्क1 ट्रेनर का भी इंतजार

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** इंडियन एयरफोर्स और आर्मी को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) से मिलने वाले लाइट यूटिलिटी हेलिकॉप्टर (LUH) का इंतजार काफी लंबा हो गया है। सूत्रों के मुताबिक, LUH के सेफ्टी फीचर में जरूरी सुधार होना है, जिसकी वजह से इसमें लगातार देरी हो रही है। सिर्फ LUH ही नहीं, एयरफोर्स को अब तक LCA-मार्क1 जेट भी पूरे नहीं मिल पाए हैं। इसके पीछे भी सेफ्टी को वजह बताया जा रहा है। HAL से इस बारे में उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई लेकिन HAL ने कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया।

**आर्मी के पास अभी 190 चीता, चेतक, चीतल हेलिकॉप्टर हैं**

इंडियन आर्मी और एयरफोर्स लेह और सियाचिन जैसे दुर्गम इलाकों में सामान पहुंचाने और लोगों को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने के लिए चीता और चेतक हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से कई चीता और चेतक हेलिकॉप्टर दुर्घटना का शिकार हुए हैं। इन्हें रिप्लेस करने की जरूरत कई सालों से बताई जा रही है लेकिन उन्हें रिप्लेस करना अब तक शुरू नहीं हुआ है। HAL लाइट यूटिलिटी हेलिकॉप्टर बना रहा है लेकिन इनमें लगातार देरी हो रही है। आर्मी एविएशन के पास अभी करीब 190 चीता, चेतक और चीतल हेलिकॉप्टर हैं। करीब 130 हेलिकॉप्टर 30 से 50 साल पुराने हैं। इन्हें रिप्लेस करने के लिए LUH की जरूरत है। LUH को 2021 में ही इनिशियल ऑपरेशनल क्लियरेंस (IOC) मिल गया था लेकिन तकनीकी दिक्कतों की वजह से ये अब तक आर्मी और एयरफोर्स की जरूरत पूरी करने लायक नहीं बन पाया है।

### अब तक मार्क-1 भी नहीं मिले पूरे

एयरफोर्स को अब तक मार्क-1 (यानी तेजस का पुराना वर्जन) भी पूरे नहीं मिल पाए हैं। एयरफोर्स ने 40 एलसीए-मार्क1 (तेजस) का ऑर्डर किया था। इसमें से कुल 38 तेजस एयरफोर्स को मिले हैं जिसमें 6 ट्रेनर हैं। दो ट्रेनर अब भी एयरफोर्स को नहीं मिल सके हैं। ये मसला 2023 में संसद की स्टैंडिंग कमिटी के सामने भी उठा था। तब भी एयरफोर्स की तरफ से बताया गया था कि '40 एलसीए काफी वक्त पहले ही मिल जाने चाहिए थे लेकिन अब भी इनमें से दो नहीं मिल पाए हैं'।

### मोदी और मर्त्स आज अहमदाबाद में करेंगे बातचीत

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री **नरेंद्र मोदी** और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्त्स (Friedrich Merz) के बीच सोमवार को होने वाली बातचीत में व्यापार, निवेश, अहम टेक्नॉलजी और रक्षा जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाना मुख्य एजेंडा रहेगा। मर्त्स की यह भारत यात्रा ऐसे समय हो रही है जब अमेरिका की ओर से वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के लिए सैन्य ताकत के खुले इस्तेमाल जैसी घटना के कारण वैश्विक भू-राजनीतिक माहौल तनावपूर्ण है। ऐसे में दोनों नेता मौजूदा वैश्विक चुनौतियों पर भी चर्चा कर सकते हैं।



## Apple CEO की तलाश? रेस में कौन ...

### 2011 से टिम कुक हैं CEO, कंपनी के सीनियर लीडर्स से बोले- अब थकने लगा हूं

■ NBT रिपोर्ट

**Apple के** मौजूदा CEO टिम कुक अब 65 साल के हो गए हैं। खबर है कि उन्होंने कंपनी के सीनियर लीडर्स से कहा है कि वह अब थोड़ा थकने लगे हैं और काम का बोझ कम करना चाहते हैं। TOI के मुताबिक, टिम कुक पूरी तरह रिटायर नहीं होंगे, बल्कि कंपनी के बोर्ड के चेयरमैन की भूमिका निभा सकते हैं। वह 2011 में स्टीव जॉब्स के पद छोड़ने के बाद से CEO हैं।

नए CEO की रेस में सबसे आगे नाम है जॉन टर्नस का। 50 साल के जॉन टर्नस Apple के हार्डवेयर प्रमुख हैं। जॉन टर्नस पिछले 24 साल से Apple में काम कर रहे हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत Mac की स्क्रीन डिजाइन करने से की थी और धीरे-धीरे पूरे हार्डवेयर डिविजन के हेड बने। जॉन टर्नस भी टिम कुक की तरह बहुत बारीकियों पर ध्यान देने वाले और शांत स्वभाव के माने जाते हैं। Apple के लिए सबसे अहम माने जाने वाले एशिया की सप्लाई चेन की उन्हें गहरी समझ है। टर्नस ने कई बड़े फैसले लिए हैं। जैसे 2018 में iPhone में LiDAR सेंसर जोड़ने का विचार आया था, लेकिन यह हर फोन में डालना महंगा पड़ता। तब टर्नस ने इसे सिर्फ प्रो मॉडल तक सीमित रखने की सलाह दी। उनका मानना था कि जो लोग प्रीमियम फोन लेते हैं, वे ज्यादा पैसे देने को तैयार होंगे।




#### नए CEO के सामने क्या होंगी चुनौतियां

हालांकि सवाल यह भी है कि क्या Apple को अब एक अच्छे मैनेजर की जरूरत है या फिर किसी बड़े विजन वाले लीडर की। टिम कुक के दौर में Apple ने लगातार मुनाफा कमाया और हर साल तय समय पर नए प्रॉडक्ट आते रहे। नए CEO की रेस में और भी नाम हैं, जैसे सॉफ्टवेयर हेड क्रेग फेडरिगी, सर्विसेज चीफ एडी क्यू, मार्केटिंग हेड ग्रेग जॉस्विएक और रिटेल प्रमुख डियर्ड्रे ओ'ब्रायन। अमेरिका की टैरिफ पॉलिसी, चीन पर फैक्ट्रियों की निर्भरता और AI के मामले में पीछे रह जाना, चुनौतियां होंगी।

**ICMR की स्टडी** इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च की स्टडी में बताया गया कि देरी की वजह से 30% मरीज हो जाते हैं अपंग

## स्ट्रोक के 38% मरीज 24 घंटे बाद पहुंच पाते हैं अस्पताल

Hemwati.Rajaura1
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** किसी मरीज को स्ट्रोक आने के बाद देरी से अस्पताल पहुंचना भारत में एक बड़ी स्वास्थ्य चुनौती है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (ICMR) की स्टडी ने स्थिति की गंभीर तस्वीर पेश की है। इसके मुताबिक, स्ट्रोक के करीब 38% मरीज लक्षण शुरू होने के 24 घंटे बाद अस्पताल पहुंचते हैं, जिसका सीधा असर उनके इलाज और जान बचाने की संभावना पर पड़ता है। नतीजा यह कि तीन महीने के भीतर 28% मरीजों की मौत हो जाती है और करीब 30% मरीज गंभीर रूप से अपंग हो जाते हैं। यह स्टडी देश के 30 बड़े अस्पतालों में भर्ती 34,792 स्ट्रोक मरीजों के डेटा पर आधारित है। स्टडी 7 जनवरी 2026 को इंटरनैशनल जर्नल ऑफ स्ट्रोक में प्रकाशित हुई है। इसके प्रमुख लेखक ICMR के नैशनल सेंटर फॉर डिजीज इन्फॉर्मेटिक्स एंड रिसर्च, बेंगलुरु के डॉ. प्रशांत माथुर हैं।

AI Image



**43,792** पर हुई यह स्टडी। ये मरीज देश के 30 बड़े अस्पतालों में भर्ती थे।

**हर सात में एक मरीज 45 साल से कम उम्र का:** स्टडी के मुताबिक, स्ट्रोक अब सिर्फ बुजुर्गों की बीमारी नहीं रही। हर सात में से एक मरीज 45 साल से कम उम्र का है। रिसर्च में सामने आया कि स्ट्रोक की सबसे बड़ी वजह हाई ब्लड प्रेशर है, जो करीब 75% मरीजों में पाया गया। इसके अलावा तंबाकू का सेवन और डायबिटीज भी बड़े जोखिम कारक हैं। स्ट्रोक के असर को कम करने के लिए शुरुआती साढ़े 4 घंटे बेहद अहम होते हैं।

#### FAST फॉर्मूला

##### लक्षण कैसे पहचानें और क्या करें...

डॉक्टरों के मुताबिक, जब भी स्ट्रोक के मुख्य लक्षण दिखें तो (FAST फॉर्मूला याद रखें)

- **F: Face (चेहरा):** चेहरा एक तरफ से टेढ़ा होना, मुस्कुराने में दिक्कत
- **A: Arm (हाथ):** हाथ या पैर में अचानक कमजोरी या सुन्नपन, हाथ उठाने में परेशानी
- **S: Speech (बोलने में दिक्कत):** बोली लड़खड़ाना, साफ बात न कर पाना या समझने में परेशानी
- **T: Time (समय):** ये लक्षण दिखते ही समय गवाए बिना अस्पताल पहुंचें

#### स्ट्रोक होने पर क्या करें

- एक मिनट भी बर्बाद न करें, तुरंत मरीज को नजदीकी बड़े अस्पताल ले जाएं
- एंबुलेंस बुलाएं, खुद दवा देने की कोशिश न करें
- मरीज को कुछ खिलाएं-पिलाएं नहीं
- लक्षण शुरू होने का सही समय डॉक्टर को जरूर बताएं
- बीपी, शुगर, हार्ट की बीमारी की जानकारी डॉक्टर को दें
- स्ट्रोक में शुरुआती 4.5 घंटे गोल्डन पीरियड होते हैं। इसी दौरान इलाज मिलने पर जान और दिमाग दोनों बच सकते हैं





**47** हजार है मतदाताओं की संख्या प्रभाग 50 में।

## जनता की मांग

### गंदे नाले से बीमारियां फैलने की आशंका

प्रभाग क्रमांक 61/62 में लिंक रोड, शिव साईं मंदिर से शुक्ला कंपाउंड तक हमेशा गंदा पानी बहता रहता है। इससे गंभीर बीमारियां फैलने की आशंका रहती है। वहीं, फुटपाथ पर अतिक्रमण के कारण सामान्य नागरिक को चलने में बहुत असुविधा होती है। इससे स्कूली बच्चे भी असुरक्षित रहते हैं। सड़क पर अतिक्रमण के कारण बुजुर्गों को भी बहुत परेशानी होती है। स्थानीय नागरिक होने के नाते प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग है कि नाले की तत्काल सफाई कर स्थायी जलनिकासी व्यवस्था की जाए। साथ ही फुटपाथ और सड़क से अतिक्रमण हटाकर पैदल यात्रियों, खासकर बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। -ओमप्रकाश सिंह

### भेजें वॉर्ड की समस्याएं



आपके वॉर्ड या प्रभाग के क्या मुद्दे हैं? क्या समस्याएं हैं, जिनके समाधान की आप अपने नवनिर्वाचित नगरसेवक से उम्मीद रखते हैं, हमें अपने नाम, वॉर्ड और प्रभाग के साथ लिख भेजें वॉट्स ऐप नंबर **9967397376** पर। हम उन्हें नवभारत टाइम्स (NBT) के माध्यम से 'जनता की मांग' कॉलम के तहत पहुंचाएंगे निकाय चुनाव उम्मीदवार तक।

# चुनाव जीतने के लिए EVM का इस्तेमाल किया जा रहा है : राज

## MNS अध्यक्ष ने शिवाजी पार्क की रैली में केंद्र पर साधा निशाना

File Pic



■ NBT रिपोर्ट , मुंबई : बीएमसी चुनाव की पृष्ठभूमि में शिवाजी पार्क में आयोजित रैली में मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे के निशाने उद्योगपति गौतम अडाणी भी रहे। शिवाजी पार्क से केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए राज ठाकरे ने कहा कि वर्ष 2014 में मोदी सरकार आने के बाद 2025 तक उद्योगपति गौतम अडाणी की संपत्ति दुनिया में किसी उद्योगपति से ज्यादा बढ़ी है। पिछले 10 साल में अडाणी दुनिया के सबसे अमीर आदमी बन गए हैं। यह बिना सरकार की मदद के संभव नहीं है। अडाणी का साम्राज्य देश और महाराष्ट्र सहित मुंबई में कैसे बढ़ा यह उन्होंने विडियो प्रेजेंटेशन के जरिए लोगों को दिखाया। इस दौरान मंच पर उद्धव ठाकरे, एनसीपी शरद पवार गुट के जयंत पाटील सहित तीनों दलों के बीएमसी चुनाव में उतरे सभी उम्मीदवार मौजूद थे।

राज ने कहा कि मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पहले गौतम अडाणी कहां थे, अब 2025 में वे कहां हैं। यह सिर्फ सरकार के आशीर्वाद से हुआ है। उन्होंने गिनाया कि 2018 में अडाणी का महाराष्ट्र में सिर्फ एक प्रोजेक्ट था। आज अडाणी की धारावी हो गई, नवी मुंबई एयरपोर्ट, मुंबई एयरपोर्ट, नवी मुंबई में डेटा सेंटर, पनवेल में सेमीकंडक्टर उद्योग, धारावी पुनर्विकास के लिए देवनार डंपिंग ग्राउंड की जमीन सहित लगभग सभी प्रोजेक्ट अडाणी को दे दिया गया है।

राज ठाकरे ने कार्यकर्ताओं से कहा कि चुनाव जीतने के लिए ईवीएम मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है, इस पर नजर रखें। सुबह 6 बजे पोलिंग बूथ पर जाएं।

### 'बीजेपी ने बलात्कार के आरोपी को नगरसेवक बनाया'

राज ठाकरे ने कहा कि चुनाव में बोगस वोटर्स और ईवीएम मशीनों के जरिए जीत हासिल करने की कोशिश की जा रही है। सत्ता की इतनी भूख हो गई है कि अकोट में बीजेपी बीजेपी ने एमआईएम के साथ गठबंधन किया। बदलापुर में बीजेपी ने कांग्रेस के साथ गठबंधन किया। बदलापुर में बलात्कार के आरोपी को बीजेपी ने नगरसेवक बना दिया। 66 लोग निर्विरोध चुने गए, उन्हें वोट भी नहीं देने दिया गया। आज 66 हैं, कल नंबर बढ़ जाएंगे। उन्हें समझ आ गया है कि वे किसी भी तरह से लोगों को खरीद सकते हैं। इतना ही नहीं तुलजापुर में बीजेपी ने ड्रग रैकेट में शामिल एक आदमी को टिकट दिया।

### 'महाराष्ट्र बचाने मैं और उद्धव साथ'

हम साथ इसलिए आए क्योंकि मुंबई में संकट है। मैं कई सालों से इस बारे में बात कर रहा हूं, यह कैसी साजिश रची जा रही है? राज्य सरकार हिंदी को अनिवार्य करने का प्रस्ताव लेकर आई है। मैं बहुत गुस्से में था और उद्धव ठाकरे भी बहुत गुस्से में थे। उस समय मैंने कहा था कि महाराष्ट्र किसी भी झगड़े से बड़ा है। यहीं से यह बात शुरू हुई। हिंदी को अनिवार्य करने का मुद्दा आपको परखने के लिए था। क्या आप जागे हुए हैं? क्या मराठी लोग जिंदा हैं? आपको बस खुद को परखना था। मुझे नहीं पता कि 2024 के विधानसभा चुनाव के बाद इस सरकार को कैसा नशा चढ़ा है, वे जो चाहते थे वो करने लगे। उन्हें हिम्मत कहां से मिली? हमने ऐसा इसलिए किया क्योंकि हमें ऐसा लगा। ये लोग कौन हैं? महानगर पालिका की सत्ता हमारे हाथ में रहेगी तो जमीन नहीं ले पाएंगे।

### BJP के लिए भ्रष्टाचार प्रथम: उद्धव

बीजेपी पर निशाना साधते हुए उद्धव ने कहा कि पहले की बीजेपी के लिए राष्ट्र प्रथम था, अब बीजेपी के लिए भ्रष्टाचार प्रथम हो गया है। बलात्कारी प्रथम हो गए हैं। बीजेपी में अब निष्ठावानों की कोई कीमत नहीं बची है, वो बाहरी लोगों को भरते जा रहे हैं। अडाणी की कंपनी से सीमेंट आ रहा है, मुंबई को लूटा जा रहा है, अडाणीकरण किया जा रहा है। बीजेपी का हिंदुत्व का ढोंग करती है, एक तरफ सिंदूर यात्रा निकालती है, दूसरी तरफ पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेलती है। एकनाथ शिंदे पर निशाना साधते हुए उद्धव ने कहा कि मैंने गद्दार को मंत्री बनाने का काम किया है, इसका मुझे दुख है। बीएमसी के काम को गिनाते हुए उन्होंने कहा कि देश में किसी भी महानगरपालिका द्वारा ऐसा काम नहीं किया गया है, जैसा बीएमसी कर रही है।

### मुंबई की जिम्मेदारी आदित्य को दीजिए : जयंत पाटील

शिवाजी पार्क में आयोजित रैली में उद्धव सेना के युवा नेता आदित्य ठाकरे ने भाषण किया। इस पर एनसीपी नेता जयंत पाटील उनकी काफी तारीफ की। जयंत ने उद्धव ठाकरे को इशारा करते हुए कहा कि आप थोड़ा लेट आए। अब आप महाराष्ट्र को देखिए, मुंबई की जिम्मेदारी आदित्य ठाकरे को सौंप दीजिए। आदित्य इसके लिए तैयार हैं।

## चुनाव मैदान से NBT LIVE

### बांद्रा पूर्व में बुर्का और हिजाब पहनकर जनता से रूबरू हो रहीं महिला उम्मीदवार



शबाना शेख चुनाव प्रचार करती हुईं।



उम्मीदवार सना पारंपरिक पहनावे में।

Priya.Pandey@Timesofindia.com

■ मुंबई: बांद्रा पूर्व के प्रभाग 96 में महिला उम्मीदवार घर-घर जाकर चुनाव प्रचार करती देखी गईं। यह मुस्लिम बहुल इलाका है और इस इलाके में सभी प्रत्याशी मुस्लिम समुदाय से हैं। यह सीट महिला आरक्षित होने की वजह से यहां का प्रचार का ढंग भी थोड़ा अलग दिखाई दिया। कैंडिडेट के साथ हिजाब और बुर्का पहने सैकड़ों महिलाएं रास्ते पर देखने को मिलीं। प्रभाग से कांग्रेस से खड़ी शबाना शेख कहती हैं कि मैं इस इलाके को बहुत समय से देख रही हूं। इस इलाके को समझती हूं। इसीलिए मैं इस इलाके का अच्छी तरीके से प्रतिनिधित्व कर सकती हूं। अपनी बात जनता तक पहुंचाने के लिए डोर टू डोर कैंपेन, रैली, शिविर और कई चीजें कर रहे हैं। फिलहाल समय कम है और काम ज्यादा है। महिला कैंडिडेट लोगों से संवाद करती देखी गईं। खास बात तो यह है कि यहां महिला सशक्तीकरण को लेकर कई मुद्दे भी उठाए जा रहे हैं।

**प्रभाग 96** में गूंज रहा महिला सशक्तीकरण का मुद्दा

#### घर-घर जाकर चुनाव प्रचार

इस इलाके से खड़ी उद्धव सेना की प्रत्याशी सना खान भी घर-घर जाकर प्रचार करती देखी गईं। वह हिजाब और बुर्के सहित चुनाव प्रचार में शामिल हो रही हैं। उन्होंने बताया कि मैं पहले से ही इस तरीके से रहती आई हूं। चुनाव के लिए अपने आप को बदल नहीं सकती। जीतने के बाद भी मैं इसी तरीके से रहना पसंद करूंगी। हालांकि मेरा ऐसा पहनावा मुझे जनता से अलग भी दिखाता है। अपने संस्कारों को लेकर मैं आगे बढ़ रही हूं। मेरे साथ चलने वाली महिलाएं भी बुर्का पहने मेरा साथ दे रही हैं। इस प्रभाग में अन्य मुस्लिम महिला उम्मीदवार भी बुर्का और हिजाब के साथ गलियों में पहुंच रही हैं, सिवाय शिंदे गुट की तिभा शेख के।

## इलेक्शन ब्रीफ

### नवी मुंबई में आपस में उलझे हैं सत्ताधारी दल: रोहित पवार



■ NBT न्यूज, नवी मुंबई: नवी मुंबई महानगरपालिका चुनाव को लेकर सियासी माहौल गर्म हो रहा है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रत्याशियों के प्रचार के लिए नवी मुंबई पहुंचे विधायक रोहित पवार ने सत्ताधारी शिवसेना-बीजेपी पर तीखा हमला बोला। रोहित पवार ने कहा कि सत्ताधारी गठबंधन की स्थिति नल पर पानी के लिए होने वाली लड़ाई जैसी हो गई है। दोनों दल एक-दूसरे से ही उलझे हुए हैं। उन्होंने कहा कि भले ही महाविकास आघाड़ी कुछ स्थानों पर गठबंधन में और कुछ जगहों पर अलग-अलग चुनाव लड़ रही हो, लेकिन जमीनी स्तर पर माहौल सकारात्मक है और जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है, परिवर्तन अब अटल है। राज्य की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए रोहित पवार ने कहा कि हालात बेहद चिंताजनक हैं। जब मंत्रियों के घर के बाहर संदिग्ध बैग मिल रहे हों तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

### BMC चुनाव: 11627 लोगों ने किया 'डाक' से मतदान

■ NBT, रिपोर्ट, मुंबई: BMC चुनाव में ड्यूटी पर तैनात 64000 कर्मचारियों में से 11627 कर्मचारियों ने पोस्टल बैलट सुविधा का लाभ लेते हुए अपना मतदान किया है। बीएमसी से मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार और रविवार को ऐसे कर्मचारियों को वोट कास्ट करने की सुविधा दी गई थी। इसमें सिर्फ रविवार को शाम 7 बजे तक 11627 ने अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए अपना वोट कास्ट किया है। बीएमसी के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ये वोट चुनाव रिसल्ट के दिन ये वोट सबसे पहले गिने जाएंगे। हालांकि बीएमसी अधिकारी ने शनिवार को डाले गए वोटों की संख्या जाहिर नहीं दी है।

## सुना है कि...

### मेरा बेटा जीते, पर उसका नहीं

एक बड़ी पार्टी के दो बड़े नेताओं के बेटे इस बार चुनाव लड़ रहे हैं। एक विधायक नेता जी अपने बेटे को जिताने के साथ ही दूसरे बड़े नेता के बेटे के नतीजों पर भी नजर रख रहे हैं। दरअसल, दोनों के बीच राजनीतिक अदावत पुरानी है। पिता विधानसभा का चुनाव दो बार हार चुके हैं, यदि बेटे को भी सफलता नहीं मिली तो विधायक जी का पार्टी में आगे बढ़ने का रास्ता साफ हो जाएगा।

### 'बाहरी' पर आरी

दहिसर विधानसभा क्षेत्र के एक प्रभाग में एक पार्टी के कार्यकर्ता सीट को लेकर काफी मेहनत कर रहे थे। परंतु युति के चलते सीट दूसरी पार्टी के हिस्से में चली गई। सीट तो गई, लेकिन दिक्कत तब और बढ़ गई, जब दूसरी पार्टी ने स्थानीय के बजाय बाहरी कार्यकर्ता को टिकट थमा दिया। पहले से ही सीट बंटवारे से नाराज कार्यकर्ता नए उम्मीदवार को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। - धूमकेतु

### उत्तर भारतीय वोटरों को साधने के लिए मैथिली ठाकुर मैदान में

■ NBT रिपोर्ट मुंबई: प्रभाग 1 से शिवसेना (शिंदे गुट) की प्रत्याशी रेखा यादव के समर्थन में रविवार को हाल में चर्चित गायिका और बिहार की विधायक मैथिली ठाकुर ने चुनाव प्रचार किया। आईसी कॉलोनी खाड़ी इलाके में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने लोगों से रेखा यादव के पक्ष में मतदान की अपील की। इस इलाके में करीब 13 हजार उत्तर भारतीय मतदाता हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश और बिहार की बड़ी आबादी शामिल है। ऐसे में उत्तर भारतीय वोटरों से मजबूत जुड़ाव बनाने के लिए पार्टी लगातार प्रभावशाली चेहरों को मैदान में उतार रही है। इससे पहले जौनपुर के विधायक रमेश मिश्रा भी प्रचार के लिए पहुंचे थे।



मैथिली ठाकुर की मौजूदगी से प्रचार को नई ऊर्जा मिली और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। इस से पहले अभिनेता गोविंदा ने भी प्रचार किया था।

### इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स गिनाकर मतदाताओं से समर्थन हासिल करने की उम्मीद में BJP

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बीएमसी समेत तमाम महानगरपालिका चुनाव में महायुति के उम्मीदवारों के लिए वोट मांगने के लिए बीजेपी इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को उपलब्धि के तौर पर गिना रही है। इन कामों को आगे बढ़ाने का दावा करते हुए वोट मांगे जा रहे हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मेट्रो नेटवर्क, अटल सेतु, कोस्टल रोड जैसे प्रोजेक्ट्स के फायदे बता रहे हैं। फडणवीस ने कहा कि पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर काम हुआ है। मेट्रो प्रोजेक्ट्स से लोगों को आवाजाही में आसानी तो हो ही रही है, साथ ही पर्यावरण संरक्षण भी हो रहा है। कुछ महीनों पहले ही कुलाबा से सीप्झ तक चलने वाली मेट्रो 3 पूरे रूट पर शुरू हो गई है। जिस पर एक घंटे से भी कम समय में लोग पूरे रूट पर यात्रा कर रहे हैं, जिसे रोड मार्ग से पूरा करने में 2 से 2.5 घंटे का समय लगता था।

> आज मेट्रो और कोस्टल रोड के जरिए घंटों का सफर मिनटों में सिमट रहा है। हम ऐसा शहर बना रहे हैं, जहां विकास की रफ्तार आम आदमी की सुविधा से तय होती है।
> - देवेंद्र फडणवीस, मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र



#### विभिन्न मेट्रो प्रोजेक्ट्स को पूरा करने का वादा

विभिन्न मेट्रो प्रोजेक्ट्स को भी तेजी से पूरा करने का वचन दिया जा रहा है। बीकेसी की तर्ज पर खारघर में बिजनेस सेंटर विकसित कर नवी मुंबई को नए फाइनेंशल हब के रूप में विकसित करने का दावा है। जिसके लिए 155 हेक्टेयर जमीन को चिन्हित किया गया है। नई रेलवे लाइनें, एसी ट्रेन, सिंगल टिकटिंग ऐप, नवी मुंबई एयरपोर्ट, बांद्रा-वर्सोवा सी लिंक, कोस्टल रोड का विस्तार जैसे काम किए जा रहे हैं।

## इलाका बदला, लेकिन काम करने का तरीका वही

Neeraj.Tiwari@timesofindia.com

■ मुंबई: बीएमसी चुनाव में इस बार आरक्षण ने कई पुराने और अनुभवी उम्मीदवारों की राजनीति का भूगोल बदल दिया है। ऐसे कई नगरसेवक हैं, जो अब तक एक ही प्रभाग या विधानसभा से लगातार चुनाव जीतते आ रहे थे, लेकिन इस बार उन्हें नए इलाके से किस्मत आजमानी पड़ रही है। सवाल यह है कि नया इलाका, नए मतदाता और नई समस्याओं के बीच ये उम्मीदवार लोगों का भरोसा कैसे जीत रहे हैं। इसी को लेकर एनबीटी ने ऐसे दो उम्मीदवारों से बातचीत की :

BMC चुनाव में कई कैंडिडेट्स की बदली सीट, आरक्षण ने बदली रणनीति

### काम करने में यकीन : रवि राजा

सायन-कोलीवाड़ा विधानसभा के प्रभाग 176 से कई बार नगरसेवक चुने गए रवि राजा इस बार आरक्षण के कारण धारावी विधानसभा के प्रभाग 185 से चुनाव लड़ रहे हैं। इस बदलाव पर रवि राजा का कहना है कि क्षेत्र भले ही बदल गया हो, लेकिन उनके काम करने का तरीका वही है। उन्होंने कहा कि वे हमेशा लोगों के बीच रहकर काम करने में विश्वास रखते हैं। धारावी के लोग उन्हें जानते हैं और यहां के कुंभार समाज समेत कई मुद्दों को वे पहले भी सरकार के सामने उठा चुके हैं।



### सेवा का जज्बा है: रितु तावडे

बीजेपी उम्मीदवार रितु तावडे, जो पहले घाटकोपर वेस्ट से चुनाव जीत चुकी हैं, इस बार घाटकोपर ईस्ट के प्रभाग 132 से मैदान में हैं। उन्होंने माना कि जिस इलाके से आप जीतते हैं, वहां पांच साल सेवा करने से लोगों तक पहुंच आसान होती है, लेकिन सेवा का भाव हो तो नया इलाका भी अपना बन जाता है। रितु तावडे ने बताया कि वे घाटकोपर ईस्ट से भली-भांति परिचित हैं और नामांकन के बाद से लगातार घर-घर जाकर लोगों की समस्याएं सुन रही हैं।



### BJP उम्मीदवार की पत्नी ने मतदाता को दी धमकी, केस दर्ज

■ NBT न्यूज, मीरा-भाईंदर: मीरा-भाईंदर महानगरपालिका चुनाव से पहले शहर का राजनीतिक माहौल लगातार गरमाता जा रहा है। इसी बीच एक चौंकाने वाली घटना प्रभाग 20 से सामने आई है। यहां बीजेपी उम्मीदवार की पत्नी द्वारा एक मतदाता को सोशल मीडिया पर सीधे तौर पर धमकी देने का आरोप लगाया गया है। इस संबंध में नया नगर पुलिस थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई गई है। मामला इस प्रकार है कि प्रभाग 20 में रहने वाले मिल शाह नामक युवक ने सोशल मीडिया पर शिंदे सेना के उम्मीदवार को मतदान करने का आह्वान करते हुए एक पोस्ट साझा की थी। पोस्ट में यह भी कहा गया था कि शिंदे गुट राज्य और केंद्र स्तर पर बीजेपी के साथ गठबंधन में है, इसलिए यह मतदान अप्रत्यक्ष रूप से बीजेपी के ही पक्ष में जाएगा। इस पोस्ट के बाद स्थानीय बीजेपी उम्मीदवार दिनेश जैन की पत्नी सुनीता जैन नाराज हो गईं।

सोशल मीडिया के पोस्ट पर नाराज हो गईं उम्मीदवार की पत्नी

## हॉट सीट किसमें कितना है दम

### NCP (AP) का BJP से है मुकाबला



बुशरा मलिक



रंजिता दिवेकर

Pankaj.Pandey@Timesofindia.com

■ मुंबई : प्रभाग नंबर 170 में अजीत पवार गुट की एनसीपी और बीजेपी के बीच सीधी लड़ाई है। 51% से अधिक मुस्लिम मतदाता वाले इस प्रभाग में बीजेपी के लिए कमल खिलाना आसान नहीं माना जा रहा है। 2017 के बीएमसी चुनाव में पूर्व मंत्री नवाब मलिक के भाई कप्तान मलिक ने इस सीट से जीत दर्ज की थी। 2025 में यह प्रभाग महिलाओं के लिए आरक्षित हो गया है। इस वजह से एनसीपी ने कप्तान मलिक की बहू बुशरा मलिक को मैदान में उतारा है। वहीं, बीजेपी ने रंजिता दिवेकर को मैदान में उतार कर मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है। कांग्रेस की रेशमा मोमिन चुनाव में टक्कर देने की कोशिश कर रही हैं। प्रभाग 170 मुंबई के उन गिने चुने प्रभागों में से एक है, जहां मराठी से अधिक मुस्लिम वोटर्स की संख्या है। यहां करीब 26.50% मराठी वोटर्स हैं, जबकि 51.77% मुस्लिम वोटर्स हैं। मुस्लिम समुदाय के वोटर्स इस प्रभाग में उम्मीदवार की जीत या हार तय करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

**प्रभाग 170** में कांटे का मुकाबला

#### इनके हाथ में है जीत की चाबी

प्रभाग नंबर 170 में कुल 37,001 मतदाता हैं। 37,001 वोटर्स में से 19,156 मुस्लिम समुदाय के, 9,806 मराठी भाषी, 1,201 दक्षिण भारतीय और 1,039 उत्तर भारतीय मतदाता हैं। यह प्रभाग कुर्ला, कसाईवाड़ा, चूनाभट्टी, कुरेशी नगर, उगर वाडी, अशोक नगर, राहुल नगर समेत अन्य इलाकों में फैला हुआ है।

### विधायक पुत्र की है अग्निपरीक्षा, कड़ी टक्कर



जॉन डेनिस



हैदर शेख

Manish.Jha@Timesofindia.com

■ मालवणी: प्रभाग 34 में स्थानीय विधायक और कांग्रेसी नेता असलम शेख के बेटे हैदर असलम शेख का सीधा मुकाबला बीजेपी के जॉन डेनिस से है। पहली बार चुनावी मैदान में उतरे हैदर ने दावा किया कि वे विरोधियों को मात देंगे। उत्तर भारतीयों और मारवाड़ी-गुजराती समाज के अलावा क्रिश्चियन समुदाय के दम पर बीजेपी उम्मीदवार जॉन डेनिस भी चुनाव जीतने का ताल ठोक रहे हैं। शिवसेना (यूबीटी) से विकास दशपुते और समाजवादी पार्टी से जयनेश मिश्रा खड़े हैं। यहां से कुल 10 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं, जिनमें 6 मुस्लिम समाज से जबकि 2 मराठी, 1 उत्तर भारतीय और एक क्रिश्चियन हैं। यहां 55% मुस्लिम वोटर्स हैं, जबकि 15% मराठी भाषी और 10% गुजराती-मारवाड़ी, जबकि 20% वोटर्स सिंधी, क्रिश्चियन और अन्य समुदाय के हैं। कुल मतदाताओं की संख्या 56,955 है, जिनमें 29,799 पुरुष, 26,875 महिलाएं और 281 अन्य हैं।

**प्रभाग 34** मुस्लिम समुदाय के वोटर्स निर्णायक

#### डिवेलपमेंट का इंतजार

इस प्रभाग में ओल्ड कलेक्टर कंपाउंड और न्यू कलेक्टर कंपाउंड जैसी झोपड़पट्टी बहुल एरिया हैं, जो वर्षों से डिवेलपमेंट की बाट जोह रहा है। ट्रैफिक जाम, सकरी सड़कें, मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त, आपराधिक घटनाएं, कानून-व्यवस्था, शैक्षणिक संस्थानों की कमी, पेयजल की दिक्कतें वर्षों से हैं।

### BJP के गढ़ में उद्धव सेना की चुनौती



तन्वी राव



विक्रम प्रताप सिंह

Brijesh.Tripathi@Timesofindia.com

■ मुंबई : गोरेगांव के प्रभाग नंबर 50 के चुनाव पर सभी की निगाह लगी हुई है। 2017 में यहां से बीजेपी के दीपक ठाकुर ने जीत हासिल की थी। जबकि गोरेगांव विधानसभा सीट को बीजेपी का गढ़ कहा जाता है। यहां से बीजेपी की विद्या ठाकुर तीन बार चुनाव जीत चुकी हैं। इस बार यह सीट आरक्षित हो गई, इसलिए यहां बीजेपी ने विक्रम प्रताप सिंह को उम्मीदवार बनाया है, वहीं उद्धव सेना से तन्वी राव उम्मीदवार हैं। जबकि कांग्रेस से समीर मुणगेकर किस्मत आजमा रहे हैं। यहां मुख्य मुकाबला उद्धव सेना और बीजेपी के बीच है। गोरेगांव की विधायक विद्या ठाकुर खुद मैदान में उतरकर बीजेपी उम्मीदवार विक्रम राजपूत के लिए लगातार प्रचार कर रही हैं। इस प्रभाग में जलभराव, जर्जर सड़कें, फुटपाथ, कचरा, गंदे नाले और ट्रैफिक की समस्या प्रमुख है। यहां केसरबाई चाल, वाशरी हिल, भोले देव मंदिर के आसपास, शंकर नगर, चिंचोली गांव, भीखी बाई चाल आदि उनके वार्ड में स्लम के इलाके हैं।

**प्रभाग 50** में दमखम लगा रहे उम्मीदवार

#### नुक्कड़ सभाओं के जरिए संवाद

प्रभाग 50 में मतदाताओं की संख्या 47 हजार है। इनमें 12 हजार मराठी, 8 हजार उत्तर भारतीय, इसके अलावा जैन, गुजराती, मारवाड़ी समाज के लोग 18 हजार, मुस्लिम समुदाय के लोग 3 हजार और दक्षिण भारतीय 3500 हैं। यहां उम्मीदवार छोटी-छोटी नुक्कड़ सभाओं के जरिए मतदाताओं से संवाद कर रहे हैं।

## स्वच्छ हवा, पानी और बुनियादी सुविधाएं हैं मुंबईकरों की मांग

### हर पार्टी के लिए चुनौती हैं जनता से जुड़ी समस्याएं

Neeraj.Tiwari@timesofindia.com

■ मुंबई : BMC चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, आम जनता से जुड़ी समस्याएं भी स्पष्ट तौर पर सामने आने लगी हैं। इस बार चुनाव में चर्चा किसी बड़े वादे या राजनीतिक बयानबाजी की नहीं है, बल्कि उन समस्याओं की है, जिनसे मुंबईकर रोज जूझ रहे हैं। इनमें वायु प्रदूषण, अनियमित पानी सप्लाई, ट्रैफिक जाम, गड्ढों से भरी सड़कें और अतिक्रमण से घिरे फुटपाथ शामिल हैं। वहीं, इस चुनाव में ये समस्याएं सभी राजनीतिक पार्टियों के लिए बड़ी चुनौती मानी जा रही हैं।

AI Image



**वायु प्रदूषण पर और सख्ती की जरूरत:** मुंबईकरों का कहना है कि शहर की हवा अब सांस लेने लायक नहीं रही। अनियंत्रित निर्माण कार्य, खुले में मलबा, धूल और प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों ने मुंबई की पहचान को वैश्विक स्तर पर नुकसान पहुंचाया है। हाई कोर्ट तक को कई बार इस पर सख्त टिप्पणी करनी पड़ी है। नागरिकों की मांग है कि निर्माण स्थलों पर नियमों का सख्ती से पालन हो और उल्लंघन पर सिर्फ जुर्माना नहीं, बल्कि काम रोकने जैसी कड़ी कार्रवाई हो।

**मुंबईकर मांगे पानी रे...:** मुंबई के अधिकांश इलाकों में पानी की किल्लत हो रही है। इसके लिए अलग-अलग इलाकों से लोगों ने बीएमसी को शिकायत की, लेकिन फिर भी काम नहीं बन सका। पानी की समस्या की शिकायतें सायन-कोलीवाड़ा, धारावी और शिवड़ी इलाकों में अधिक की गई हैं। कोलीवाड़ा के ये निवासी, जिनका एसआरए परियोजना के तहत पुनर्वास किया गया है, उन्हें तो पानी किराए पर लेना पड़ रहा है। इससे उनकी तकलीफें बढ़ गई हैं।

#### सड़कों का हाल है बेहाल

खराब सड़कें और ट्रैफिक जाम शहर की सबसे बड़ी प्रॉब्लम बन चुकी है। गड्ढों से भरी सड़कों पर वाहन चलाना जोखिम भरा हो गया है, जबकि फ्लाईओवर और मुख्य सड़कों पर भी बार-बार मरम्मत के बावजूद समस्या जस की तस है। ट्रैफिक जाम ने कामकाजी लोगों का समय और धैर्य दोनों छीन लिया है। पैदल चलने वालों के लिए सुरक्षित फुटपाथ लगभग गायब हैं, क्योंकि अतिक्रमण आम हो चुका है। मुंबई की सड़कों का हाल इतना खराब है कि लोग सड़क पर चलना ही नहीं चाहते हैं।

#### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

> सबसे जरूरी है फुटपाथ की व्यवस्था। बेस्ट बस सिस्टम को अपग्रेड करना और फुटपाथ की मरम्मत जरूरी है।
> -धवल आसर, ट्रांसपोर्ट विशेषज्ञ

> चांदिवली इलाके में अवैध भट्टियों ने इस तरह वायु प्रदूषण फैला रखा है कि सांस लेना मुश्किल है। -मनदीप सिंह मक्कर, फाउंडर, चांदिवली सिटिजन वेलफेयर असोसिएशन

> पर्यावरण को क्षति प्लानिंग से पहुंचाई जा रही है। जारी प्रोजेक्ट्स में पेड़ों की कटौती की गई और अन्य तरीके से पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया गया है।
> -जोरू बाथेना, पर्यावरण विशेषज्ञ

> मैं कोलीवाड़ा के SRA स्कीम में 15 वर्ष से रह रहा हूं, लेकिन पानी और लाइट की दिक्कत है। मुझे 250 रुपये प्रति माह का पानी किराए पर लेना पड़ता है।
> -आदित्य यादव, कोलीवाड़ा निवासी

> सड़क का हाल इस तरह का है कि 500 मीटर की दूरी के लिए 20 मिनट से 25 मिनट का समय लग जाता है। यह समस्या मेरी उम्र 24 वर्ष की है और मैं करीब 10 वर्ष इसे खुद देख रही हूं।
> - अंजली, धारावी, कुंभारवाड़ा निवासी


CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 12-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMFP User: cci Time: 01-11-2026 23:03 Color:



WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 77, संख्या 10 > मूल्य ₹5.00 > पेज 10 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57

www.nbt.in



विवेकानंद जयंती
(राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं)

# NBT नवभारत टाइम्स



एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।






GOOD न्यूज़
गुड न्यूज से जुड़ी खास खबरें देखें पेज-5

## अंतर्ज्ञान

असफलता अंत नहीं, शुरुआत है। हर बार जब आप गिरते हैं, तो जीवन आपको नया पाठ पढ़ाता है। सफलता अहंकार बढ़ाती है, जबकि असफलता विनम्रता सिखाती है। जो असफलता से भागता है, वह खुद से भागता है। हर असफलता एक दिशा बदलने वाला संकेत है। असफलता हमें बताती है कि कोशिश ही सबसे सुंदर विजय है। जो गिरकर मुस्करा सका, वही सच्चा विजेता है। असफलता हमें खुद से मिलाती है - हमारे असली धैर्य, आत्मबल और रचनात्मकता से। यह हमें सिखाती है कि मंजिल नहीं, सफर ही असली पुरस्कार है। असफलता से घबराए बिना उसका स्वागत करना ही ग्रोथ माइंडसेट की पहचान है।

WPL आज के मैच
रॉयल चैलेंजर्स vs यूपी वॉरियर्ज
7:30pm से, नवी मुंबई में
टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

# ईरान पर हमले की तैयारी?

## ट्रंप को बताया गया हमला कैसे किया जाए: रिपोर्ट | 'ईरान की आज़ादी' को इस्राइल से भी समर्थन | ईरान बोला, अटैक तो US-इस्राइल भी निशाना

■ एपी/एएफपी, दुबई/पेरिस

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप को ईरान पर हमला करने के नए विकल्पों के बारे में बताया गया है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, ट्रंप ने अभी कोई अंतिम फैसला नहीं लिया है, लेकिन वे इस पर गंभीरता से सोच रहे हैं। इस्राइल के विदेश मंत्री ने रविवार को कहा कि वह ईरानी जनता के आजादी के संघर्ष का समर्थन करते हैं। ईरान की संसद के अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि अगर उस पर हमला हुआ तो अमेरिकी सेना व इस्राइल निशाना बनेंगे।

**ईरान की राजधानी पर हमले का भी दिया गया है सुझाव**

न्यू यॉर्क टाइम्स के मुताबिक, आर्थिक परेशानियों के कारण ईरान में शुरू हुए प्रदर्शनों को सरकार की ओर से दबाने के जवाब में ट्रंप हमले की इजाजत दे सकते हैं। उन्हें कई तरह के विकल्प बताए गए हैं, जिनमें ईरान की राजधानी तेहरान के कुछ गैर-सैन्य ठिकानों पर हमला करना भी शामिल है। शनिवार को ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'ईरान आजादी की ओर देख रहा है। अमेरिका मदद के लिए तैयार है!' ईरान के राष्ट्रपति ने राष्ट्र के नाम संबोधन में रविवार को कहा कि दंगाइयों को समाज को बिगाड़ने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। यह बयान उन्होंने सरकार के खिलाफ तेज हुए प्रदर्शनों के बाद पहली बार दिया।



Israel AP

**विरोध की आवाज** ईरान में इंटरनेट और फोन लाइन काट दी गई है। रविवार को भी विरोध प्रदर्शन हुआ।

### ईरान के राष्ट्रपति ने की अपील, दंगाइयों से लोग दूर रहें

### अमेरिका-इस्राइल भड़का रहे दंगे: ईरान

रॉयटर्स के अनुसार, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने कहा कि अमेरिका और इस्राइल ईरान में दंगे भड़काकर अव्यवस्था फैलाना चाहते हैं। ईरानी जनता दंगाइयों से दूर रहे।



मसूद पेजेशकियान

### ईरान की संसद में लगा US मुर्दाबाद का नारा


यूरोन्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान में चल रहे प्रदर्शनों के समर्थन में कई यूरोपीय शहरों में रैलियां निकाली गईं। ईरान की संसद में अमेरिका मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए सांसद आसन के पास पहुंच गए।

### हिंसा में 203 लोगों की जान गई: रिपोर्ट

ईरान में विरोध प्रदर्शन रविवार को भी हुए। दो हफ्ते से जारी प्रदर्शनों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 203 हो गई है। अमेरिका की एक मानवाधिकार संस्था के मुताबिक, 2,600 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है।

### ग्रीनलैंड पर अटैक का ट्रंप ने मांगा प्लान

ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर संभावित हमले के लिए अपनी स्पेशल फोर्स को योजना बनाने का आदेश दिया है। डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार, हाल ही में वेनेजुएला पर हुए अमेरिकी हमले और वहां के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने की सफलता से उत्साहित हैं और इसी वजह से दुनिया के सबसे बड़े द्वीप ग्रीनलैंड पर जल्द कब्जा करने की तैयारी पर काम कर रही है।



### क्यूबा को धमकी... 'बहुत देर न हो जाए'

ट्रंप ने रविवार को क्यूबा को चेतावनी दी कि उसे डील करनी चाहिए, नहीं तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि वेनेजुएला से क्यूबा को मिलने वाला तेल और पैसा रोक दिया जाएगा। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'क्यूबा को अब कोई तेल या पैसा नहीं मिलेगा। मैं सुझाव देता हूं कि वह डील करे, इससे पहले कि बहुत देर हो जाए।' ▸▸पेज 8

## महिलाओं को बस किराये में 50% छूट देंगे:महायुति

Shailesh Jadhav



■ **NBT रिपोर्ट मुंबई:** बीएमसी चुनाव के लिए बीजेपी और शिंदे सेना ने रविवार को अपना संयुक्त घोषणा पत्र जारी किया। महिलाओं और जेन-जी को लुभाने के लिए महायुति ने कई घोषणाएं की हैं।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए एक खास स्मॉल इंडस्ट्री पॉलिसी की घोषणा की है। लाडली बहनों को छोटा व्यवसाय शुरू करने के लिए 5 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त लोन देने का वादा किया गया है। साथ ही बेस्ट बस में सफर करते समय महिलाओं को किराये में 50% की छूट मिलेगी, वहीं महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने का भी वादा किया गया है। महायुति के घोषणा पत्र में महिलाओं पर विशेष जोर दिया गया है। इसे मनसे और उद्धव सेना द्वारा हाउसमेड महिलाओं को 1500 रुपये महीने देने की घोषणा के तोड़ के रूप में देखा जा रहा है। ▸▸पेज 3

**BMC चुनाव के लिए महायुति ने जारी किया घोषणा पत्र**

### 24 घंटे पानी देने का किया वादा

घोषणा पत्र में मुंबई को मच्छर मुक्त करने, पाताल लोक प्रोजेक्ट के जरिए मुंबई में ट्रैफिक की समस्या से मुक्ति, झोपड़पट्टी मुक्त मुंबई का सपना, फेरीवाला नीति, मुंबई में 24 घंटे पानी की व्यवस्था, एक साल की बजाए 5 साल में 8% पानी का मूल्य बढ़ाने जैसे वादे किए गए हैं।



इसके अलावा मुंबई को बाढ़ मुक्त करने, पर्यावरण सुरक्षा के लिए 17000 करोड़ रुपये का आवंटन, बीएमसी स्कूलों में AI लैब्स, अस्पतालों में बेड बढ़ाने, कैंसर मरीजों के लिए स्पेशल व्यवस्था सहित कई अन्य लुभाने वादे महायुति ने किए हैं। वहीं युवाओं को अपने पक्ष में करने के लिए स्टार्टअप, इंटर्नशिप, स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स, इनोवेशन हब बनाने जैसी घोषणा भी की गई है।

## फटाफट खबरें

### साल का पहला मैच जीती टीम इंडिया



साल 2026 में पहला मैच खेलते हुए भारतीय क्रिकेट टीम ने वडोदरा में पहले वनडे मैच में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया। विराट कोहली ने 93 और कप्तान शुभमान गिल ने 56 रन बनाए, जबकि मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा और प्रसिद्ध कृष्णा ने 2-2 विकेट लिए। केएल राहुल ने नाबाद 29 रन बनाए। भारत को जीत के लिए 301 रन का टारगेट मिला था। न्यूजीलैंड ने डेरिल मिचेल के 84, हेनरी निकोल्स के 62 और डेवॉन कॉन्वे के 56 रन की बदौलत 50 ओवर में 8 विकेट पर 300 रन बनाए थे।' ▸▸पेज 7

### अश्लील कॉन्टेंट पर X ने मानी गलती

एलन मस्क के सोशल मीडिया मंच 'एक्स' को 'ग्रोक AI' के जरिए अश्लील सामग्री के मुद्दे पर चेतावनी दी गई थी इस मामले में X ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है और कहा है कि वह भारतीय कानूनों का पालन करेगी। सरकारी सूत्रों ने बताया कि लगभग 3,500 सामग्री 'ब्लॉक' की गई है और 600 से अधिक खाते हटा दिए गए हैं।

### पालघर: भूकंप के झटके के बाद ग्रामीण दहशत में

पालघर जिले में जव्हार तालुका में शनिवार देर शाम को भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। जिसके बाद ग्रामीण दहशत में हैं। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.2 दर्ज की गई है। भूकंप का केंद्र अक्षांश, देशांतर : 19.83, 72.76 पर रहा है। इसकी गहराई मात्र जमीन से 5 किलोमीटर नीचे रही है।

### मौसम

| | | |
|---|---|---|
| कोलाबा | 29.8 | 19.5 |
| सांताक्रुज | 31.8 | 16.0 |
| सूर्यास्त सोमवार | 6:19 बजे | |
| सूर्योदय मंगलवार | 7:15 बजे | |

NBT नवभारत टाइम्स — सड़क व रेल मार्ग द्वारा लोकल शुल्क 1.00 रुपया मुंबई, ठाणे और रायगढ़ जिले के बाहर।

# 'महाराष्ट्र की जमीन अदाणी को दी जा रही'

## चुनावी रैली में गरजे उद्धव और राज ठाकरे



Sanjay Hadkar

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** मनपा चुनाव प्रचार के तहत रविवार को शिवाजी पार्क में ठाकरे बंधुओं ( उद्धव और राज ठाकरे ) ने शक्ति प्रदर्शन किया। 20 साल बाद साथ आए उद्धव और राज ठाकरे ने मराठी अस्मिता का मुद्दा जोर-शोर से उठाया। इस दौरान उनके निशाने पर परप्रांतीय रहे। ठाकरे बंधुओं ने केंद्र की मोदी सरकार, उद्योगपति गौतम अदाणी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर जोरदार हमला बोला। मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने आरोप लगाया कि देश, महाराष्ट्र और मुंबई को बेचने की साजिश रची जा रही है। बीएमसी चुनाव मराठी माणूस के लिए आखिरी मौका है, यदि इस बार चूके तो मुंबई हाथ से हाथ निकल जाएगी, क्योंकि विकास के नाम पर मुंबई सहित पूरे महाराष्ट्र की जमीन अदाणी को दे दी जा रही है। ▸▸देखें जैकेट बैक


### 'महापौर मराठी होगा'

शिवसैनिक में जोश भरते हुए उद्धव ने कहा कि जीना है, तो शेर की तरह जिओ। बीजेपी को सत्ता का घमंड हो गया है। जो एक भी चुनाव बिना हिंदू-मुस्लिम, मराठी-गैर-मराठी के लड़ नहीं सकते। हम मुंबई को टूटने, लुटने और झुकने नहीं देंगे। उद्धव ने अपने भाषण में यह भी कहा,

- फडणवीस हिंदू हैं या नहीं, पहले यह जांच कर लें।
- हमारा महापौर मराठी होगा।
- मुंबई का नाम फिर बॉम्बे करने की तैयारी है।
- बीजेपी का हिंदुत्व ढोंग है।
- अजित पवार पर 70 हजार करोड़ के भ्रष्टाचार के आरोपों में दम है, तो सामने लाओ, वरना माफी मांगो।

### पूजा खेडकर के घर में चोरी, जांच जारी

■ **भाषा, पुणे :** पुणे पुलिस ने पूर्व प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के उन आरोपों की जांच शुरू कर दी है, जिसमें उन्होंने घरेलू सहायिका पर उनके माता-पिता को बेहोश कर घर में चोरी करने का आरोप लगाया था। पूजा ने अपने परिवार के बंगले पर शनिवार देर रात हुई कथित घटना की जानकारी पुलिस को दी है। उन्होंने दावा किया कि घरेलू सहायिका मोबाइल फोन और कुछ कीमती सामान लेकर फरार हो गई।



## PM बोले, सोमनाथ मंदिर के विरोधी अब भी मौजूद

■ **पीटीआई, सोमनाथ (गुजरात):** पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आजादी के बाद गुजरात में सोमनाथ मंदिर को फिर से बनाने का विरोध करने वाली ताकतें अब भी सक्रिय हैं। गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में मौजूद ऐतिहासिक मंदिर पर हुए हमलों और इसके पुनर्निर्माण का जिक्र करते हुए मोदी ने रविवार को कहा कि लोगों का दिल तलवार की नोक पर कभी नहीं जीता जा सकता। आततायी अब इतिहास के पन्नों में सिमट गए हैं, लेकिन सोमनाथ मंदिर आज भी शान से खड़ा है। सोमनाथ मंदिर पर हमले की शुरुआत सन् 1026 में महमूद गजनी से हुई। यह मुगल शासक औरंगजेब के हमलों तक जारी रहा।

**'कच्छ-सौराष्ट्र में निवेश का यही सही समय'**
पीएम ने राजकोट में वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस : कच्छ-सौराष्ट्र और पांच दिवसीय बिजनेस एग्जिबिशन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि कच्छ और सौराष्ट्र में निवेश का यही समय है, सही समय है।



पीएम सोमनाथ स्वाभिमान पर्व की शौर्य यात्रा में शामिल हुए

कहा, तलवार की नोक पर दिल नहीं जीता जा सकता

> विदेशी आक्रांताओं ने कई सदियों तक भारत को खत्म करने की कोशिशें कीं। लेकिन ना सोमनाथ नष्ट हुआ, ना भारत। -नरेंद्र मोदी, पीएम

### BJP ने रवि राणा की पार्टी के साथ गठबंधन तोड़ा

■ **भाषा, अमरावती:** बीजेपी और विधायक रवि राणा की युवा स्वाभिमान पार्टी ने 15 जनवरी को होने वाले अमरावती मनपा चुनाव के लिए अपना गठबंधन तोड़ दिया है। इस घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए अमरावती बीजेपी के जिला अध्यक्ष नितिन धांडे ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी ने राणा की पार्टी को आवंटित छह सीट से अपना समर्थन वापस ले लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन सीट पर हम बीजेपी से वैचारिक रूप से जुड़े निर्दलीय उम्मीदवारों का समर्थन कर रहे हैं।



## क्रिप्टो यूजर्स की लाइव सेल्फी होगी ज़रूरी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** क्रिप्टोकरंसी के जरिए होने वाले फ्रॉड, मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकी फंडिंग पर रोक लगाने के लिए वित्त मंत्रालय की फाइनैंशल इंटेलिजेंस यूनिट ( FIU ) ने कड़े नए नियम जारी किए हैं। इसके तहत क्रिप्टो एक्सचेंजों को किसी भी नए यूजर को जोड़ते समय केवल फोटो अपलोड की बजाय लाइव सेल्फी लेना अनिवार्य होगा।

यूजर को पलक झपकाने या सिर हिलाने जैसे संकेत देकर यह साबित करना होगा कि वह वास्तविक व्यक्ति है। नए नियमों के अनुसार, यूजर की भौगोलिक स्थिति भी दर्ज की जाएगी। PAN के अलावा पासपोर्ट, आधार या वोटर आईडी में से एक अतिरिक्त पहचान पत्र देना होगा। ▸▸पेज 8



क्रिप्टो एक्सचेंजों के लिए कड़े किए गए नियम

## डोंबिवली: BJP पर नोट बांटने के आरोप

■ **NBT न्यूज, कल्याण:** कल्याण-डोंबिवली मनपा (KDMC) चुनाव के प्रचार के दौरान रविवार को डोंबिवली के पैनल 29 में उस समय राजनीतिक ड्रामा देखने को मिला, जब शिंदे सेना के उम्मीदवारों ने बीजेपी पर वोट के बदले नकदी बांटने के गंभीर आरोप लगाए। शिवसेना कार्यकर्ताओं का दावा है कि उन्होंने एक आवासीय इमारत के भीतर 3 बीजेपी कार्यकर्ताओं को नकदी और मतदाता पर्चियों के साथ रंगेहाथों पकड़ा। शिवसेना समर्थकों ने मौके पर हंगामा किया और पुलिस से तत्काल पंचनामा कर आरोपियों को अरेस्ट करने की मांग की। पुलिस तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

**BJP और शिंदे सेना के कार्यकर्ता भिड़े, 3 हिरासत में**

उधर, घटना की जानकारी मिलते ही बीजेपी जिला अध्यक्ष नंदू परब के नेतृत्व में बड़ी संख्या में बीजेपी कार्यकर्ता घटनास्थल पर पहुंच गए। दोनों पक्षों के कार्यकर्ताओं की मौजूदगी से माहौल और तनावपूर्ण हो गया।



### जान-बूझकर नकदी रखी गई: बीजेपी

बीजेपी नेता नंदू परब ने आरोप लगाया कि शिवसेना कार्यकर्ताओं ने जानबूझकर बीजेपी कार्यकर्ताओं के बैग में नकदी रखकर उम्मीदवारों की छवि खराब करने की साजिश रची है। यह मामला सामने आने के बाद दोनों दलों के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए, जिससे क्षेत्र में स्थिति तनावपूर्ण हो गई। मामले में पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा।

## 3 महीने की मासूम को 3 बार बेचा गया

- शाहू नगर पुलिस ने माता-पिता समेत 5 आरोपियों को किया गिरफ्तार
- आर्थिक तंगी और संतान न होने का बहाना बनाकर की गई खरीद-फरोख्त



■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** मुंबई में 3 महीने की एक मासूम बच्ची को 3 बार खरीद-फरोख्त किए जाने का मामला सामने आया है। शाहू नगर पुलिस ने बच्ची के माता-पिता समेत कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पीएसआई अमित वरकड़े ने बताया कि बच्ची के माता-पिता ने आर्थिक तंगी और बच्ची का पालन-पोषण न कर पाने का हवाला देकर कथित तौर पर उसे बेच दिया। इसके बाद लगातार दो बार और बच्ची को बेचा गया। मासूम को 7 नवंबर से 26 नवंबर 2025 के बीच 3 बार खरीदा और बेचा गया। जानकारी के अनुसार, बच्ची 11 अक्टूबर 2025 को वसई-विरार निवासी एक परिवार में पैदा हुई थी।

### यह है पूरा मामला

एक दंपती ने बच्ची के जन्म के कुछ दिनों बाद 30 हजार रुपये लेकर हलफनामा तैयार कर बच्ची मीना उर्फ नासिरा हुसैन शेख को सौंप दी। कुछ दिन बाद मीना ने बच्ची को 80 हजार रुपये में प्रिया राकेश राजगिरी उर्फ प्रिया खाडरे को बेच दी। इसके बाद प्रिया ने भी बच्ची को 1 लाख 30 हजार रुपये में अजीत रोशन साहनी को सौंप दी। फिलहाल, पुलिस ने बच्ची को माटुंगा स्थित चाइल्ड वेलफेयर कमिटी के हवाले कर दिया है।

**43 साल थी उम्र** दिल का दौरा पड़ने से दिल्ली में मौत, संगीत और मनोरंजन जगत में शोक की लहर

## नहीं रहे इंडियन आइडल विजेता प्रशांत तमांग

■ पीटीआई, नई दिल्ली

**इंडियन आइडल** सीजन-3 के विजेता और हाल ही में वेब सीरीज पाताल लोक-2 में नजर आए गायक-अभिनेता प्रशांत तमांग का रविवार को निधन हो गया। वह 43 वर्ष के थे।

प्रशांत तमांग का जन्म 4 जनवरी 1983 को दार्जिलिंग में हुआ था। वह नेपाली भाषी गोरखा परिवार से थे। उनके करीबी मित्र और गायक महेश सेवा के अनुसार, रविवार सुबह दिल्ली के जनकपुरी के घर में उन्हें दिल का दौरा पड़ा। परिजन उन्हें तुरंत अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने पहुंचते ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। निधन की खबर सबसे पहले उनके मित्र राजेश घटानी ने सोशल मीडिया पर शेयर की। कई लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।



2007 में इंडियन आइडल-3 जीतकर राष्ट्रीय पहचान बनाई

2010 में उन्होंने अपना पहला ऐल्बम 'धन्यवाद' रिलीज किया था

### 'बैटल ऑफ गलवान' में दिखाई देंगे तमांग

प्रशांत तमांग अब सलमान खान अभिनीत आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' में पर्दे पर दिखाई देंगे। यह 17 अप्रैल को रिलीज होने वाली है। तमांग के परिवार में उनकी पत्नी गीता थापा और चार वर्षीय बेटी आरिया तमांग हैं। वह सोशल मीडिया पर बेटी और पत्नी के वीडियो और तस्वीरें साझा करते थे।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 12-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMCLAS User: cci Time: 01-11-2026 22:10 Color:



## फटाफट खबरें

### मनपा अधिकारी को किया गया निलंबित

■ NBT न्यूज, उल्हासनगर: उल्हासनगर मनपा आयुक्त ने चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत स्वच्छता निरीक्षक नरेश परमार को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई इसलिए की गई, क्योंकि परमार ने एक नेता के साथ अपनी फोटो बीजेपी के होर्डिंग पर लगवाई थी। वही तस्वीर उसने वॉट्सऐप स्टेटस पर भी लगा दी। जांच के बाद आयुक्त मनीषा अव्हाले ने परमार को निलंबित कर दिया।

### डिजिटल सुविधा से बूथ ढूंढना आसान

■ NBT न्यूज, मीरा-भाईंदर: मीरा-भाईंदर मनपा ने वोटर्स की सुविधा के लिए डिजिटल पहल शुरू की है। लोग वोटिंग वाले दिन QR कोड और गूगल मैप लिंक से मतदान केंद्र आसानी से खोज सकेंगे। इस प्रणाली के जरिए शहर के 958 मतदान केंद्रों की पूरी जानकारी एक क्लिक में उपलब्ध होगी। QR कोड स्कैन करने पर सभी मतदान केंद्रों की सूची, पता और केंद्र का अलग-अलग गूगल मैप लोकेशन लिंक पीडीएफ के रूप में प्राप्त होगा।

### KDMC के वोटर्स के लिए ऑनलाइन सुविधा

■ NBT न्यूज, कल्याण: कल्याण-डोंबिवली मनपा (केडीएमसी) चुनाव में वोटर्स की आसानी के लिए मनपा ने खास ऑनलाइन सुविधा शुरू की है। इस सुविधा के जरिए वोटर्स अपना नाम, पोलिंग स्टेशन की GPS लोकेशन के साथ सर्च कर पाएंगे। इससे वोटर्स के लिए पोलिंग स्टेशन ढूंढना आसान होगा। इसमें वोटर लिस्ट का पार्ट नंबर और सीरियल नंबर भी मौजूद होगा।

### वसई-विरार में एकनाथ शिंदे का रोड शो आज

■ NBT न्यूज, विरार: वसई-विरार मनपा चुनाव के लिए उप-मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सोमवार को रोड शो करेंगे। इससे पहले शुक्रवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की नालासोपारा में सभा हो चुकी है। वसई-विरार मनपा चुनाव के लिए महायुति पूरी ताकत झोंक रही है। चुनाव प्रचार से लेकर मतदाताओं व कार्यकर्ताओं के बीच गोपनीय मीटिंग हो रही है। शिंदे सुबह 11 बजे वह विरार (पूर्व) साईनाथ नगर से नालासोपारा होते हुए वसई (पश्चिम) तक रोड शो करेंगे।

# ठाणे और मुंब्रा में असली लड़ाई जितेंद्र आव्हाड बनाम नजीब मुल्ला

## यहां चुनावी मैदान में अल्पसंख्यक उम्मीदवारों की संख्या ज्यादा

■ अनिल कुमार शुक्ल, ठाणे

**ठाणे मनपा** के पांच प्रभाग वाले मुंब्रा में मुकाबला दिलचस्प है। मुस्लिम बहुल इस परिसर में अधिकतम उम्मीदवार अल्पसंख्यक समाज के हैं। यहां मुख्य लड़ाई दोनों NCP में है। NCP (SP) के डॉ. जितेंद्र आव्हाड यहां 2004 से लगातार विधायक हैं और क्षेत्र में उनका दबदबा है। कुछ जगहों पर कांग्रेस, BJP और AIMIM के उम्मीदवार भी मैदान में हैं, लेकिन असर कम ही दिख रहा है।

NCP में हुई बगावत के बाद आव्हाड के कट्टर समर्थक रहे ठाणे मनपा के पूर्व नगरसेवक नजीब मुल्ला ने अलग होकर उप-मुख्यमंत्री अजित पवार का दामन थाम लिया था। इसके बाद से मुंब्रा में आव्हाड बनाम मुल्ला की राजनीति ने जोर पकड़ा। पिछले विधानसभा चुनाव में आव्हाड और मुल्ला के बीच मुकाबला हुआ था, जिसमें आव्हाड बाजी मार ले गए। अब इन दोनों नेताओं की प्रतिष्ठा का सवाल है।


वॉर्ड 26अ में NCP (AP) उम्मीदवार पूर्व नगरसेविका अनिता किणे का मुकाबला NCP (SP) की मनीषा भगत से है। यहां कांग्रेस की वनिता पाटील भी हैं। वॉर्ड 26ब में NCP (AP) की संगीता पालेकर का मुकाबला NCP (SP) की दीपाली भगत से है। पालेकर पहले भी भाग्य आजमा चुकी हैं, लेकिन हार गईं। यहां कांग्रेस की फेमिदा खान और BJP की अनुसूया भगत भी मैदान में हैं।

26क में NCP (SP) के मोहम्मद कुरेशी, NCP (AP) के प्रेम नाथ भगत, BJP की कल्पना सूर्यवंशी और कांग्रेस के इमितयाज अब्दुल मैदान में हैं, लेकिन लड़ाई कुरेशी और प्रेम नाथ के बीच लग रही है। वहीं, 26ड में NCP (SP) के अब्दुलक कुरेशी और पूर्व नगरसेवक NCP (AP) के रामदास भगत से है। इस वॉर्ड में कांग्रेस से अदिल इब्राहिम भी जोर लगा रहे हैं। वॉर्ड 30अ में लड़ाई NCP (AP) के आबिद अली, NCP (SP) की नाजिया अली के बीच है, जबकि AIMIM के नफीस अंसारी मैदान में रहकर दोनों को बेचैन कर रहे हैं। वॉर्ड 30ब में NCP (AP) की फरहा सिद्दीकी, NCP (SP) की रूमाना शेख और कांग्रेस की मुशिरा ताम्बोली मैदान में हैं। लड़ाई शेख और फरहा में दिख रही है। वॉर्ड 30क में NCP (AP) की नेहा नाईक, NCP (SP) की तबस्सुम शेख और कांग्रेस की राहिला यासीन मैदान में हैं, लेकिन संघर्ष दोनों NCP में है। वॉर्ड 30ड में पूर्व नगरसेवक सिराज डोंगरे NCP (SP) और पूर्व नगरसेवक जफर नोमानी NCP (AP) में लड़ाई है। यहां कांग्रेस के ऐडवोकेट तारीफ शेख भी हैं। वॉर्ड 31अ में NCP (AP) के राजन किणे और NCP (SP) के महेंद्र कोमूलेकर में मुकाबला है। दोनों इससे पहले भी कई बार नगरसेवक रह चुके हैं। वॉर्ड 31ब में NCP (AP) की रिद्धा अस्गर, NCP (SP) की दिव्या गेंटे, BJP की नाजिया ताम्बोली और कांग्रेस की अक्षया मस्के मैदान में हैं, लेकिन मुकाबला रिद्धा और दिव्या में है। रिद्धा BJP से आई हैं और दिव्या के ससुर पहले नगरसेवक रह चुके हैं। 31क में सीधा मुकाबला NCP (AP) की मनीषा पवार और NCP (SP) की पल्लवी जगताप के बीच है। वॉर्ड 31ड में NCP (AP) के पूर्व नगरसेवक मोरेश्वर किणे का मुकाबला पूर्व नगरसेवक NCP (SP) के सुधीर भगत से है। यहां BJP के संगीता गुप्ता और कांग्रेस के वसीम नजीर भी हैं।





शानू पठान


महेंद्र कोमूलेकर


मर्जिया पठान


सिराज डोंगरे


सुधीर भगत


अनिता किणे


राजन किणे

**इनके बीच है सीधा मुकाबला**

- **वॉर्ड 32अ:** NCP (AP) से इनायत बेग मिर्जा और NCP (SP) से शाकिर शेख
- **वॉर्ड 32ब:** NCP (SP) से मर्जिया पठान तथा NCP (AP) से आशरीन इब्राहिम (अशरफ शानू पठान की बेटी)
- **वॉर्ड 32क:** NCP (SP) से सीमा साबिर दाते तथा NCP (AP) से शबाना सैयद
- **वॉर्ड 32ड:** NCP (SP) से अशरफ शानू पठान, NCP (AP) के तौहीद शेख, AIMIM से गफ्फार जमील
- **वॉर्ड 33अ** में NCP (AP) से इब्राहिम मोहम्मद और NCP (SP) से मोहम्मद जैद खाये, SP से जीनत गडबडे
- **वॉर्ड 33ब:** NCP (AP) से साजिया असारी, NCP (SP) से सलमा असारी और AIMIM की आयेशा मोहम्मद
- **वॉर्ड 33क:** नादिरा सुरमे NCP (SP), हाफजा असारी NCP (AP), साजिदा कुरैशी (कांग्रेस), आतिया शेख (BJP)
- **वॉर्ड 33ड:** NCP (SP) से समीर शमीम खान और NCP (AP) से शहलाम आजमी

# सालभर में 215 करोड़ की साइबर ठगी, रिकवरी सिर्फ 7 करोड़

■ NBT न्यूज, वसई: मीरा-भाईंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र में एक साल में साइबर ठगों ने 215 करोड़ की ठगी की है। पुलिस का साइबर सेल इसमें से सिर्फ 7.30 करोड़ ही रिकवर कर पाया है। साइबर ठगों ने सबसे ज्यादा डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर लोगों को ठगा है।

बता दें कि आयुक्तालय के तहत आने वाले सभी पुलिस स्टेशनों में सालभर में साइबर से जुड़े 241 मामले दर्ज हुए हैं। इन मामलों में साइबर अपराधियों ने करीब 215 करोड़ की ठगी की है। इनमें सबसे अधिक मामले डिजिटल अरेस्ट से जुड़े हैं। पुलिस के लिए साइबर क्राइम के सामने मामले सुलझाने और ठगी गई रकम रिकवर करने के की बड़ी चुनौती होती है। हालांकि, पुलिस ऐसे क्राइम में इस्तेमाल किए गए बैंक अकाउंट फ्रीज कर देती है और ठगे गए लोगों के पैसे रिकवर करती है। मीरा-भाईंदर, वसई-विरार की साइबर सेल टीम ने 241 मामलों में से 167 मामले सुलझाकर 69 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

> ज्यादा मामलों में डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर ठगा

साइबर क्राइम से बचने के लिए पुलिस विभाग की ओर से तरह-तरह के जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं। इसके साथ ही, लोगों से किसी भी अज्ञात व्यक्ति की तरफ से भेजी गई कोई भी लिंक ओपन न करने की अपील की जाती है। साइबर क्राइम में धोखाधड़ी होती है, तो तुरंत पुलिस या संबंधित बैंक में शिकायत करनी चाहिए। इसी आधार पर जिस अकाउंट में पैसे ट्रांसफर किए गए हैं, उसे फ्रीज किया जा सकता है।

# बलात्कारियों का सम्मान करने वाली पार्टी है BJP: सपकाल

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने सभा में लगाए गंभीर आरोप

■ NBT न्यूज, भिवंडी

'देश और राज्य में महिलाओं पर अत्याचार करने वालों को सम्मानित करने की पद्धति बीजेपी ने अपना ली है। इसीलिए, बीजेपी अब बलात्कारी जनता पार्टी बन गई है।' यह आरोप कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने लगाया है। वह शनिवार को भिवंडी के शांतिनगर स्थित केजीएन चौक पर आयोजित कांग्रेस उम्मीदवारों की प्रचार सभा में बोल रहे थे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री अनीस अहमद, दिल्ली से नसीम सिद्दीकी, रानी अग्रवाल, भिवंडी शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ऐड. अब्दुल रशीद ताहिर मोमिन, जावेद फारूकी, सोहेल खान सहित क्षेत्र के 20 उम्मीदवार उपस्थित थे।

सपकाल ने बीजेपी की आलोचना करते हुए कहा कि पार्टी में बलात्कार करने वालों को सम्मान दिया जाता है। बदलापुर स्कूल में नाबालिग बच्चों के साथ हुए अत्याचार के मामले में स्कूल के सचिव तुषार आप्टे पर मामला दर्ज होने के बावजूद पार्टी उन्हें 'स्वीकृत नगरसेवक' नियुक्त कर सम्मानित करती है। उन्होंने कहा कि बीजेपी में बलात्कारियों की इज्जत बढ़ेगी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आज हमारे शहर और राज्य की बेटियों की रक्षा करने की सख्त जरूरत है। उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर भी निशाना साधते हुए उन्हें दरिंदा कहा और साफ किया कि इसका अर्थ 'क्रूर' होता है। उन्होंने कहा कि फडणवीस राज्य में धर्म-जाति के बीच झगड़ा करा रहे हैं।



**कांग्रेस को 'अदृश्य शक्ति' का समर्थन**

भिवंडी (पूर्व) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवारों को एबी फॉर्म दिलाकर उन्हें जिताने की जिम्मेदारी समाजवादी पार्टी के विधायक रईस शेख ने अपने कंधों पर ली है। इस बारे में मीडिया के सवालों पर सपकाल ने कहा कि कांग्रेस को 'अदृश्य शक्तियों' का समर्थन प्राप्त है, इसलिए कांग्रेस की जीत भारी बहुमत से होगी।

### ठाणे: कांग्रेस का चुनावी घोषणापत्र जारी

■ NBT न्यूज, ठाणे: कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने सीएम देवेंद्र फडणवीस, डीसीएम एकनाथ शिंदे सहित असदुद्दीन ओवैसी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ठाणे और हैदराबाद दोनों जगह के 'दाढ़ी वाले' देवेंद्र फडणवीस के सहयोगी हैं और मतदाताओं में जातीय संघर्ष पैदा कर मत मांगने का काम करते हैं। फडणवीस देवा भाऊ नहीं, बल्कि टक्का भाऊ, मेवा भाऊ, धेवा भाऊ हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या शिंदे और उनके परिवार को पैसों की कमी हो गई है, जो ड्रग का कारोबार करते हैं? इस दौरान, सपकाल ने ठाणे मनपा के लिए कांग्रेस का 15 सूत्री घोषणापत्र जारी किया। घोषणापत्र में ठाणे से क्लस्टर हटाकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए घर बनाने, अनधिकृत निर्माण रोकने और आरक्षित भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने का संकल्प लिया गया। इसके अलावा, शहर के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर भी जोर दिया गया है। इस मौके पर ठाणे प्रभारी प्रदेश महासचिव श्रीरंग बर्गे, शहर अध्यक्ष विक्रांत चव्हाण, वरिष्ठ नेता सुभाष कनाडे, प्रवक्ता राहुल पिंगले, हिंदुराव गालवे, राजेश जाधव, प्रदीप राव आदि मौजूद थे।

### रेप-धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, नालासोपारा: 31 दिसंबर को नालासोपारा की महिला ने आरोप लगाया था कि एक शख्स ने उसके पति को जेल से रिहा करने का झांसा देकर उसके साथ रेप किया और 15 हजार रुपये भी ठग लिए। पुलिस ने आखिरकार आरोपी को ठाणे के मानपाडा से गिरफ्तार कर लिया है। महिला का पति ठाणे जेल में सजा काट रहा है। 27 दिसंबर को वह जेल में पति से मिलने गई, जहां उसे आरोपी मिला। उसने महिला को झांसा दिया कि वह पति को जेल से रिहा करा देगा। इसके लिए उसने महिला से 15 हजार रुपये मांगे और धमकी देकर महिला से रेप किया।

> पति को जेल से छुड़ाने का दिया था झांसा

# मनपा चुनाव प्रचार का आखिरी रविवार, गली-गली घूमे उम्मीदवार

■ टीम NBT: यह रविवार मनपा चुनाव का आखिरी रविवार था। इसीलिए, उम्मीदवारों ने अपने क्षेत्र में घूम-घूमकर खूब प्रचार किया। उम्मीदवारों ने हर गली-मोहल्ले तक पहुंचने की कोशिश की। 15 जनवरी को वोटिंग है, इसलिए उम्मीदवार ज्यादा से ज्यादा प्रचार करने में जुटे हैं।

### कल्याण: एकमात्र उत्तर भारतीय के लिए उमड़े नेता



■ NBT न्यूज, कल्याण: कल्याण में बीजेपी की एकमात्र उत्तर भारतीय उम्मीदवार सरोज मनोज राय के चुनाव प्रचार ने रविवार को जोर पकड़ लिया। उनके समर्थन में रैली निकाली गई, जिसका नेतृत्व विधायक सुलभा गणपत गायकवाड ने किया।

खास बात यह रही कि रैली में उत्तर भारतीयों के अलावा मराठी, बंगाली और अन्य समुदायों के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। सरोज के पति बीजेपी से नगरसेवक रह चुके हैं। इस बार कल्याण-डोंबिवली मनपा चुनाव में शिवसेना और बीजेपी ने एकमात्र उत्तर भारतीय उम्मीदवार को टिकट दिया है। प्रभाग-13 से इस बार सरोज के साथ पूजा संजय गायकवाड, विक्की तारे और महादेव राय भोले भी चुनावी मैदान में हैं। पूजा पेशे से एमबीबीएस डॉक्टर हैं, जबकि विक्की उप-महापौर रह चुके हैं।

### मीरा-भाईंदर: दिनभर रही चहल-पहल

■ NBT न्यूज, वसई: वसई-विरार मनपा की 115 सीटों के चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियों के उम्मीदवारों ने रविवार को अपने-अपने प्रभाग में जमकर चुनाव प्रचार किया। इस बार वसई-विरार में बविआ और महायुति में कांटे की टक्कर है। 2009 और 2015 का मनपा चुनाव बविआ ने एकतरफा जीता था। लेकिन, इस बार का चुनाव उनके लिए आसान नहीं है। महायुति, यूबीटी और अन्य पार्टियों ने भी चुनाव में पूरी ताकत झोंक दी है।

# अजमेर में विवाद, नवी मुंबई में हत्या

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई: कोपरखैरणे में मंगलवार रात करीब साढ़े 11 बजे लड़कों के एक समूह ने अमित यादव (20) की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपियों ने चाकू से अमित की छाती, पेट, कमर और गले पर कई हमले किए थे, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हमले में शामिल पुलिस ने अब तक 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें 6 बालिग और 4 नाबालिग हैं। एक नाबालिग अब भी फरार है।

एपीएमसी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अजय शिंदे ने बताया कि अमित तीन अन्य दोस्तों के साथ अजमेर शरीफ गया था। वहां पर चारों एक ही धर्मशाला में रहते थे। कोपरखैरणे का रहने वाला सोहेल शेख भी अपने दो दोस्तों के साथ वहां गया था। रात में सोने को लेकर उनके बीच झगड़ा हुआ था।

### गणेश नाईक ने नवी मुंबई को बताया श्रेष्ठ

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई: नवी मुंबई मनपा चुनाव के लिए वन मंत्री गणेश नाईक ने रविवार को तुर्भे गांव में पद यात्रा निकाली। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिवसेना (शिंदे गुट) की तरफ से कहा जा रहा है कि अब आएगी नई सरकार, क्यों आएगी? ठाणे में उनकी सरकार रही है, तो वहां की स्थिति कैसी है? वहां तीन-तीन दिन पानी नहीं आता है। वहां ट्रैफिक में समय बर्बाद होता है। नवी मुंबई में जब भी नल खोलते हैं, तो पानी आता है। आगे भी आता रहे, इसके लिए पोशीर डैम से 500 एमएलडी पानी बुक कर दिया है। जो ठाणे का विकास नहीं कर पाए, वे नवी मुंबई के विकास के वादे कर रहे हैं।



### 15 को लुटेरों के खिलाफ वोटिंग: प्रकाश आंबेडकर



■ NBT न्यूज, भिवंडी: वंचित बहुजन आघाडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऐड. प्रकाश आंबेडकर ने कहा कि 15 जनवरी का मतदान लुटेरों के खिलाफ लोकतंत्र को बचाने वाला मतदान होगा। इसके लिए समाज को सतर्क रहकर मतदान करने की जरूरत है। वह रविवार सुबह शहर के मानसरोवर स्थित महात्मा फुले चौक पर आघाडी के उम्मीदवारों के लिए आयोजित प्रचार सभा में बोल रहे थे।





**सवारी डिब्बा कारखाना, चेन्नै-38**

**निविदा सूचना सं. ICF/PCMM/EOT/02/2026. दिनांक: 09.01.2026**

निम्नलिखित ई-निविदाएं आईआरईपीएस वेबसाइट पर प्रकाशित की गयी हैं। फर्मों से अनुरोध है कि वे www.ireps.gov.in पर लॉग इन करें और इन निविदाओं के लिए कोटेशन दें। इन निविदाओं के लिए मैनुअल कोटेशन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। सभी निविदाओं के लिए बंद होने और खुलने का समय 14.15 बजे है। निविदा सूचना का हिंदी संस्करण वेबसाइट www.icf.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है।

| क्र. सं. | निविदा सं. | निविदा का शीर्षक | मात्रा | निविदा तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|
| 01. | 01253207 | [illegible] | 165600 नग | 20.01.2026 |
| 02. | 06252782 | [illegible] | आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें | 23.01.2026 |
| 03. | 06252269 | [illegible] | 773 सेट | 27.01.2026 |
| 04. | 03252131A | [illegible] | 34573 किग्रा | 27.01.2026 |
| 05. | 02251788 | [illegible] | 21 सेट | 28.01.2026 |
| 06. | 02251887 | [illegible] | 143 नग | 28.01.2026 |
| 07. | 02252030 | [illegible] | 123 नग | 28.01.2026 |
| 08. | 06252200 | [illegible] | 652 नग | 28.01.2026 |
| 09. | 06252913 | [illegible] | 2056 नग | 28.01.2026 |
| 10. | 03252664 | [illegible] 2.5 X 1250 X 2150 | 14432 किग्रा | 28.01.2026 |
| 11. | 02251889 | [illegible] | 102 सेट | 29.01.2026 |
| 12. | 02251875 | [illegible] | 37 सेट | 29.01.2026 |
| 13. | 02251928 | [illegible] | 3367 नग | 29.01.2026 |
| 14. | 02251881 | [illegible] | 106 नग | 29.01.2026 |
| 15. | 02251893 | [illegible] | 187 सेट | 29.01.2026 |
| 16. | 02251974 | [illegible] | 11 सेट | 29.01.2026 |
| 17. | 02251880 | [illegible] | 39 सेट | 02.02.2026 |
| 18. | 02251958 | [illegible] | 35 सेट | 03.02.2026 |
| 19. | 06252394 | [illegible] | 548 सेट | 03.02.2026 |
| 20. | 02251927 | [illegible] | 236 सेट | 04.02.2026 |
| 21. | 02251852 | [illegible] | 113 सेट | 05.02.2026 |
| 22. | 02251964 | [illegible] | 32 सेट | 06.02.2026 |

**शुद्धिपत्र सं. 02**

निम्नलिखित निविदाओं के लिए शुद्धिपत्र जारी किया गया है। अधिक विवरण के लिए कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें।

| क्र. सं. | निविदा सं. | वर्तमान सूचना | संशोधित सूचना |
|---|---|---|---|
| 01. | 02250106 | 08.01.2026 | 12.01.2026 |
| 02. | 04251144 | 05.01.2026 | 13.01.2026 |
| | | [illegible] | |
| 03. | 06250094 | 06.01.2026 | 13.01.2026 |
| 04. | 06252770 | 06.01.2026 | 13.01.2026 |
| 05. | 06252260 | 09.01.2026 | 14.01.2026 |
| | | [illegible] | |
| 06. | 06252122 | 08.01.2026 | 14.01.2026 |
| 07. | 07252903 | 09.01.2026 | 22.01.2026 |
| 08. | 07253070 | 09.01.2026 | 22.01.2026 |
| 09. | 07253317 | 05.01.2026 | 20.01.2026 |
| 10. | 07253392 | 05.01.2026 | 20.01.2026 |
| 11. | 08252376 | 12.01.2026 | 20.01.2026 |

**सवारी डिब्बा कारखाना, चेन्नै-38**
भारतीय रेल

**निविदा सूचना सं.सडिका /बिजली/निर्माण/2025-26, दिनांक: 12.01.2026**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से उप मुख्य बिजली इंजीनियर / अनु/सेल, सवारी डिब्बा कारखाना निम्नलिखित कार्य के लिए ई- निविदा आमंत्रित करते हैं

| निविदा सं. | कार्य का नाम | अनुमानित मूल्य (रुपए लाख में) | बयाना राशि रुपए में | निविदा बंद करने की तारीख और समय |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 2026245212072 | ईएल - डब्ल्यू - 919 ICF अस्पताल में सीसीटीवी कैमरे लगाने का प्रावधान | 28.55 | 57,100/- | 03.02.2026 at 15.30 hrs. |
| 2026245212079 | ईएल - डब्ल्यू - 920 D & D बिल्डिंग कंपाउंड वॉल में सुधार के लिए विद्युत कार्य | 71.54 | 1,43,100/- | 03.02.2026 at 15.30 hrs. |

आवेदन जमा करने की वेबसाइट: www.ireps.gov.in

**2648** बसे है बेस्ट के बेड़े मे। बीजेपी-शिंदे सेना ने घोषणा पत्र मे करीब 5000 बसे बताई है।

# कांग्रेस की मदद के बग़ैर कोई पार्टी नहीं बना सकती मुंबई का मेयर

मुंबई महानगर पालिका के चुनाव मे बीजेपी और शिंदे सेना के सामने कांग्रेस का प्रचार-प्रसार बेहद धीमा बताया जा रहा है, लेकिन मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष और सांसद वर्षा गायकवाड़ का दावा है कि बिना कांग्रेस की मदद के कोई मुंबई का मेयर नहीं बना सकता। उन्होंने कहा, कांग्रेस पिछली बार से ज्यादा इस बार सीटें जीतेगी। गठबंधन और सीट बंटवारे से लेकर चुनाव-प्रचार तक की रणनीतियों के बारे मे वर्षा गायकवाड़ से NBT के वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार सिंह ने बात की। पेश है बातचीत के प्रमुख अंश...



वर्षा गायकवाड़

**Q कांग्रेस का चुनाव-प्रचार बेहद धीमा है। जिन 40 स्टार प्रचारकों का नाम पार्टी ने दिए, उनमें से बहुत से क्यों नहीं आए?**

हमारा चुनाव-प्रचार धीमा नहीं है। हम लोग एक रणनीति के तहत व्यवस्थित चुनाव-प्रचार कर रहे हैं। हां, हम लोग शिंदे सेना और बीजेपी की तरह चुनाव-प्रचार में अकूत पैसा नहीं बहा रहे हैं। उनके पास करप्शन का पैसा है और हमारे पास ईमानदारी का पैसा है, इसलिए हम लोग सोच-समझकर खर्च रहे हैं। दूसरी बात, स्टार प्रचारक की लिस्ट में जिनका नाम शामिल है, उनमें से ज्यादा से ज्यादा लोगों से संपर्क किया जा रहा है। चूंकि समय बहुत कम है। देखते हैं कितने लोग पहुंच पाते हैं।

**Q कांग्रेस ने कोई बड़ी चुनावी सभा और कोई पदयात्रा नहीं की?**

हम लोगों ने इस बार चुनाव-प्रचार की रणनीति अलग बनाई है। बड़ी-बड़ी सभाएं और लंबी पदयात्रा की बजाय चुनाव क्षेत्र में छोटी-छोटी सभाओं पर जोर दे रहे हैं और कोशिश कर हैं कि सभी मतदाताओं के घर तक पहुंचे और उनसे मिले। उन्हें कांग्रेस की नीतियां बताएं और सत्ताधारी बीजेपी और शिंदे सेना के झूठ का पर्दाफाश करें और इसमें अब तक हम लोग सफल रहे हैं।

**Q वंचित की जितनी क्षमता नहीं, उतनी सीटें कांग्रेस ने उन्हें दे दी और उन्हें उम्मीदवार तक नहीं मिला?**

सीट बंटवारे का फैसला मेरा खुद अपना फैसला नहीं था। दोनों के बीच प्रमुख नेताओं ने मंथन कर सीट बंटवारा किया। अंत में कुछ हमारे लोगों को टिकट दिया, जिन्हें टिकट नहीं दे सके उन्हें हम लोगों ने समर्थन दिया।

**Q वंचित से गठबंधन करने की बजाय, महाविकास आघाड़ी के घटक दल उद्धव सेना से कांग्रेस ने क्यों गठबंधन नहीं किया?**

आपको याद होगा कि चुनाव की घोषणा से 3 दिन पहले ही उद्धव सेना के नेता क्या बोल रहे थे, उन्होंने 'एकला चलो' का नारा दिया था, फिर क्या हम उनके पीछे भागते? आगे चलकर उन्होंने मनसे को साथ ले लिया। अब मनसे और हमारा भला कैसे जमेगी। वे उत्तरभारतीयों को मारते हैं, गाली-गलौज करते हैं। कांग्रेस ऐसे दलों के साथ कभी गठबंधन नहीं कर सकती। रही बात वंचित के साथ, तो उनसे हमारा वैचारिक नाता है। हम भी संविधान बचाने के लिए लड़ रहे हैं और वह भी लड़ रहे हैं। हमारा शुरू से प्रयास रहा है कि वह कांग्रेस के साथ आएं, लेकिन वह अब जाकर आए हैं।

**Q फिर कांग्रेस ने कितनी सीटों पर उम्मीदवार उतारा है और कितनी सीटें जीत सकती है?**

कांग्रेस ने 150 सीटों पर उम्मीदवार उतारा है और 3 सीटों पर समर्थन दिया है। हमारे सहयोगी दलों के उम्मीदवार भी चुनाव मैदान में है। हम लोग मिलकर प्रचार कर रहे हैं। रही बात जीतने की, तो मैं फिर दोहराती हूं कि पिछली बार से ज्यादा सीटें जीतेंगे और हम लोग मेयर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

**Q मुंबई कांग्रेस तो अब तक गुटबाजी से बाहर ही नहीं निकल पाई है, उसका क्या?**

यह आपको लगता है, मीडिया को लगता है कि कांग्रेस में गुटबाजी है। हमारे सभी नेता चुनाव-प्रचार में लगे हुए हैं। सब काम कर रहे हैं। फिर गुटबाजी कहां है? इस पर चुनाव नतीजे के बाद बात करेंगे।

**Q प्रश्न : टिकट बंटवारे के दौरान आरोप लगा कि भाई-भतीजे और रिश्तेदारों को तवज्जो दी गई। दिल्ली के नेताओं ने भी प्रेशर डाला, इसलिए योग्य उम्मीदवारों को टिकट नहीं दिया गया?**

उत्तर : यह सब कोरी बकवास है, इसमें कोई दम नहीं है। उम्मीदवारी देने के लिए बाकायदा साक्षात्कार की प्रोसेस हुई। समिति बिठाई गई थी और समिति के सभी सदस्यों की सहमति से टिकट बांटा गया, इसलिए टिकट बंटवारे में किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं है। पार्टी ने काबिल लोगों को टिकट दिया है। आप विधायक असलम शेख जी की बात कर रहे हैं, तो आपको बता दूं कि उनकी बहन पिछले टर्म में नगरसेवक थी, फिर उनका टिकट कैसे काट सकते हैं। उनका बेटा हैदर अली एक योग्य उम्मीदवार है।

# बेस्ट बसों में महिलाओं से आधे किराए का वादा

## BJP-शिंदे सेना के घोषणा पत्र में लुभावने वादे



■ **पेज 1 से आगे:** बीजेपी और शिंदे सेना के संयुक्त घोषणा पत्र में कई लोक-लुभावन वादे किए गए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि इस संकल्प को तैयार करने के लिए पिछले 2 महीने में मुंबईकरों ने करीब 2.66 लाख सुझाव भेजे थे। इन सुझावों के आधार पर हमने मुंबईकरों के लिए संकल्प पत्र तैयार किया है। 30 पॉइंट में जारी संकल्प पत्र में मुंबई के विकास का खाका बताया गया है। घोषणा पत्र में बेस्ट में महिलाओं को टिकट में 50% की छूट देने, 2029 तक बेस्ट पूरी तरह इलेक्ट्रिक बसों पर चलाने, बेस्ट बसों की संख्या 5000 से बढ़ाकर 10000 करने, पर्यावरण सुरक्षा पर 17000 हजार करोड़ खर्च करने, लघु उद्योग नीति लागू करने, बीएमसी अस्पतालों के प्रत्येक वॉर्ड में डायलिसिस सेंटर और कीमोथेरेपी सेंटर खोलने, बीएमसी स्कूलों में AI लैब्स बनाने, 5 साल तक पानी का शुल्क न बढ़ाने, पर्यटन विभाग की स्थापना करने जैसे वादे किए गए हैं।

**घोषणा पत्र पर बालासाहेब-आनंद दिघे की तस्वीरें :** महायुति के घोषणा पत्र पर स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे और आनंद दिघे के फोटो लगाए गए हैं। कवर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ बीजेपी के अन्य नेताओं की तस्वीरें हैं।

### जनता से किए ये भी वादे

- मुंबई को खड्डा मुक्त किया जाएगा। बार-बार सड़क खोदने से बचने के लिए 17 सेवाओं के लिए यूटिलिटी टनल बनाया जाएगा।
- पाताल लोक प्रोजेक्ट के जरिए मुंबई को ट्रैफिक से मुक्ति दिलाई जाएगी।
- सभी फेरीवालों का बायोमैट्रिक किया जाएगा और उन्हें वेंडिंग सर्टिफिकेट दिया जाएगा।
- कम्युनिटी पार्किंग, अंडरग्राउंड पार्किंग से पार्किंग की समस्या दूर करने का प्रयास होगा।
- ओपन स्पेस और मैदानों को सुरक्षित रखा जाएगा। मुंबईकरों को चौबीस घंटे पानी की व्यवस्था की जाएगी।
- मुंबई को जापानी, आईआईआईटी मुंबई और वीजेटीआई की मदद से मुंबई को अगले 5 साल में बाढ़ मुक्त किया जाएगा।
- फायर ब्रिगेड पॉलिसी बनाई जाएगी।
- मित्र और लोकल ट्रेन से कनेक्टिविटी के लिए मिनी और मिडी बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी।
- बालासाहेब ठाकरे जन्मशताब्दी पर विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे।

"पिछले कुछ सालों में मुंबई के मराठी लोग उपनगरों में चले गए हैं। उन्हें वापस लाने की कोशिश की जाएगी। हमने मुंबई को प्रदूषण-मुक्त बनाने के लिए काम किया है। हम अपने वादे पूरे करेंगे। -एकनाथ शिंदे , उप मुख्यमंत्री

"पिछले कुछ सालों में हमने न सिर्फ मुंबईकरों के निजी मुद्दों को सुलझाया है, बल्कि मुंबईकरों के मन में यह भरोसा भी जगाया है कि इन मुद्दों को सुलझाया जा सकता है।
-देवेंद्र फडणवीस, मुख्यमंत्री

# आखिर क्यों BMC की सत्ता सभी को चाहिए

## 28 मनपाओं से ज्यादा है BMC का बजट


Vijay.Pandey1@timesofindia.com

■ **मुंबई:** महाराष्ट्र में वैसे तो 29 महानगरपालिकाओं के चुनाव हो रहे हैं, लेकिन बीएमसी के नतीजों पर सभी की निगाहें हैं। दरअसल, बीएमसी का सालाना बजट 74,000 करोड़ रुपये से ज्यादा है, जो कि राज्य की 28 अन्य महानगरपालिकाओं के कुल बजट से भी ज्यादा है। बीएमसी के पास मेडिकल कॉलेज, झील और कई ऐसी व्यवस्थाएं हैं, जो कि देश में किसी भी महानगरपालिका के पास नहीं है। बीएमसी की तिजोरी में करीब 80,000 करोड़ रुपये का फिक्स डिपॉजिट है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, पर्याप्त बजट होने से काम के लिए बजट मिलने में मुश्किल नहीं होती है, जिससे प्रतिनिधि क्षेत्र की अपेक्षाओं को पूरा कर सकते हैं।

**₹74,000** करोड़ से ज्यादा है बीएमसी का सालाना बजट

**आर्थिक रूप से निर्भरता नहीं:** बीएमसी की आर्थिक शक्ति के चलते कई बड़े प्रोजेक्ट्स करने में बीएमसी को किसी प्रकार की आर्थिक मदद की जरूरत नहीं पड़ती है। जबकि अन्य महानगरपालिकाओं के सामने यह चुनौती है। बीएमसी में चुने गए नगरसेवकों को नए प्रोजेक्ट्स कराने के लिए लंबी खींचतान और संघर्ष नहीं करना पड़ता है। कोस्टल रोड, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट जैसे हजारों करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स भी बीएमसी आसानी से पूरे कर रही है। दरअसल, बीएमसी की कमाई का एक बड़ा हिस्सा डिवेलपमेंट प्लान यानी बिल्डरों के प्रीमियम से आ जाता है। फिर प्रॉपर्टी टैक्स, जीएसटी लागू होने से होने वाली टैक्स की भरपाई भी आय का बड़ा स्रोत है। हालांकि, पिछले कुछ सालों से बीएमसी के बढ़ते खर्च को देखते हुए आय के नए स्रोत खोजने की चुनौती आन पड़ी है। बीएमसी की 227 सीटों पर इस बार 1700 उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं। नगरसेवक को हर साल मिलने वाले फंड के अलावा कई अलग तरह के फंड भी मिलते हैं।

AI Image



### आसपास की महानगर पालिकाओं का बजट कम

मुंबई के आसपास की ठाणे, कल्याण-डोंबिवली, भिवंडी, मीरा-भाईंदर, नवी मुंबई जैसी महानगरपालिकाओं का बजट मुंबई की तुलना में कम है। जबकि वहां आबादी का तेजी से विस्तार हो रहा है। इससे इन इलाकों में बड़े प्रोजेक्ट्स करने के लिए सरकार के अनुदान की जरूरत होती है। ठाणे महानगरपालिका का बजट केवल 5600 करोड़ के आसपास है, जो कि बीएमसी के बजट का करीब 15वां हिस्सा ही है। सबसे कम बजट इचलकरंजी महानगरपालिका का है, जो महज 600 करोड़ रुपये है।

### किस महानगरपालिका का कितना बजट

- मुंबई -74 हजार करोड़
- पुणे- 9.5 हजार करोड़
- नवी मुंबई- 5.7 हजार करोड़
- मीरा-भाईंदर- 2.7 हजार करोड़
- ठाणे- 5.6 हजार करोड़
- कल्याण-डोंबिवली- 3.3 हजार करोड़
- उल्हासनगर- 1 हजार करोड़
- भिवंडी- 1.1 हजार करोड़
- पनवेल- 4 हजार करोड़
- पिंपरी-चिंचवड- 9.6 हजार करोड़

# BMC चुनाव ट्रेनिंग में ग़ायब रहने पर होगा पुलिस ऐक्शन

## गैरहाज़िर रहने वाले 6871 कर्मचारियों को दिया नोटिस

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** BMC चुनाव को लेकर ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर अब प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। चुनाव से जुड़ी ट्रेनिंग में अनुपस्थित रहने वाले 6871 अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। नोटिस के बाद 2350 कर्मचारी ट्रेनिंग में शामिल हुए, लेकिन 4521 कर्मचारियों ने मनमानी की। अब ऐसे कर्मचारियों पर सोमवार से पुलिस कार्रवाई शुरू की जाएगी।

BMC की अडिशनल म्युनिसिपल कमिश्नर अश्विनी जोशी ने कहा, चुनावी ड्यूटी से बचना केवल लापरवाही नहीं, बल्कि संवैधानिक और कानूनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ने जैसा है। इस मामले को लेकर शनिवार को BMC मुख्यालय में एक उच्चस्तरीय बैठक हुई। बैठक में जॉइंट म्युनिसिपल कमिश्नर विश्वास शंकरवार, डिप्टी म्युनिसिपल कमिश्नर किशोर गांधी, असिस्टेंट म्युनिसिपल कमिश्नर गजानन बेल्लाले समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक के बाद ही पुलिस ऐक्शन लेने का फैसला किया गया। राज्य चुनाव आयोग पहले ही चुनावी तारीखों का ऐलान कर चुका है। 15 जनवरी को मतदान होगा, जबकि 16 जनवरी को नतीजे घोषित होंगे। चुनाव को निष्पक्ष तरीके से कराने के लिए करीब 64 हजार अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सभी कर्मचारियों को ट्रेनिंग में शामिल होना अनिवार्य था। इसके बावजूद हजारों कर्मचारी ट्रेनिंग सेशन में अनुपस्थित रहे। इन कर्मचारियों को 10 जनवरी को अंतिम मौका भी दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद बड़ी संख्या में कर्मचारी नहीं पहुंचे। इसके बाद BMC प्रशासन ने सख्त कदम उठाने का फैसला किया और अब 12 जनवरी से पुलिस ऐक्शन शुरू होगा।

- 06 हजार 871 इलेक्शन ड्यूटी स्टाफ को जारी किया गया कारण बताओ नोटिस
- 02 हजार 350 कर्मचारी नोटिस के बाद ट्रेनिंग में हुए शामिल, अन्य पर होगी कार्रवाई
- 64 हजार अधिकारी और कर्मचारियों की ड्यूटी चुनाव में लगाई गई है
- BMC की एडिशनल म्युनिसिपल कमिश्नर अश्विनी जोशी के दिए सख्त निर्देश

### दर्ज की जा सकती है FIR

जिन 4,521 कर्मचारियों ने बार-बार निर्देश के बावजूद ट्रेनिंग में हिस्सा नहीं लिया, उनके खिलाफ एनसी या एफआईआर दर्ज की जा सकती है और चुनाव कानून के तहत जुर्माना समेत अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, BMC स्तर पर भी विभागीय कार्रवाई की तैयारी है, जिसमें निलंबन, वेतन रोकने जैसे कदम शामिल हो सकते हैं।

### अन्य कर्मचारियों पर भी गिरेगी गाज

यह कार्रवाई सिर्फ BMC कर्मचारियों तक सीमित नहीं रहेगी। चुनावी ड्यूटी में बैंक, BEST, BSNL, HPCL, LIC, बीमा कंपनियां, MHADA, MTNL, डाक विभाग, रेलवे, RCF और NABARD जैसे सरकारी और अर्ध-सरकारी संस्थानों के कर्मचारी भी तैनात किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, इन विभागों के कर्मचारी भी चुनावी ट्रेनिंग सेशन में अनुपस्थित थे, ऐसे में उन पर भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

"चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और अनुशासित माहौल में कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। आदेशों की अनदेखी, टाल-मटोल या लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को तुरंत चुनावी ड्यूटी संभालने के निर्देश दिए गए हैं। - अश्विनी जोशी, एडिशनल म्युनिसिपल कमिश्नर, BMC



# गंदगी पर सख्ती: 16 जनवरी से बढ़ेगा जुर्माना

## BMC अब लागू करेगी नई पेनाल्टी

AI Image



### 4 घंटे में नहीं हुई सफाई तो डिपॉजिट होगा जब्त

Neeraj.Tiwari@timesofindia.com

■ **मुंबई:** शहर की सफाई व्यवस्था को और सख्त बनाने के लिए BMC ने स्वच्छता से जुड़े नियमों में बदलाव किया है। BMC की ओर से जारी सर्कुलर के अनुसार 16 जनवरी 2026 से नए जुर्माने लागू किए जाएंगे। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। BMC कमिश्नर भूषण गगरानी ने सभी विभागों को कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक कचरा और निर्माण व तोड़फोड़ (C&D) कचरे से जुड़े नियमों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए हैं। BMC के अनुसार, अब कचरे का वर्गीकरण मौके पर ही करना अनिवार्य होगा। हाउसिंग सोसायटी, दुकानें, होटल, संस्थान और बड़े पैमाने पर कचरा पैदा करने वालों को गीला, सूखा और खतरनाक कचरा अलग-अलग देना होगा। जहां संभव होगा, वहां गीले कचरे का वहीं निपटान (ऑन-साइट प्रोसेसिंग) भी जरूरी किया गया है। प्रतिबंधित प्लास्टिक के इस्तेमाल, भंडारण और फेंकने पर भी कार्रवाई की जाएगी।

"ये नए नियम 1 जनवरी को लागू कर दिए जाते लेकिन, अचार संहिता के कारण इसे पूरी तरह लागू नहीं किया जा सका, लेकिन 16 जनवरी से मुंबई में कचरा फैलाने वालों की खैर नहीं होगी।
-वरिष्ठ अधिकारी, बीएमसी

किसी सार्वजनिक कार्यक्रम या आयोजन के बाद चार घंटे के भीतर सफाई नहीं होने पर क्लीननेस डिपॉजिट जब्त किया जाएगा। BMC ने संबंधित विभागों को नियमित जांच और तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों का कहना है कि नए नियमों का उद्देश्य लोगों को सफाई के प्रति जिम्मेदार बनाना है।

- खुले में कचरा फेंकना: ₹200 रु से बढ़ाकर ₹500
- खुले स्थान पर थूकना: ₹200 रु से बढ़ाकर ₹250
- खुले में नहाना: ₹100 से बढ़ाकर ₹300
- खुले में पेशाब: ₹200 से बढ़ाकर ₹500
- खुले में शौच: ₹100 से बढ़ाकर ₹500
- खुले में कपड़े/बर्तन धोना: ₹200 से बढ़ाकर ₹300
- कचरा सेग्रीगेट न करना : ₹100 से बढ़ाकर ₹200
- अवैध C&D मलबा ढोना: ₹20,000 से बढ़ाकर ₹25,000
- खुले में कचरा जलाना: ₹100 से बढ़ाकर ₹10,000 रु
- घर का परिसर साफ न रखना: ₹200 से बढ़ाकर ₹500

# 10वीं, 12वीं की परीक्षा पर हाईटेक निगरानी

## स्टूडेंट्स के तनाव को कम करने पर भी रहेगा फोकस

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** राज्य में बारहवीं की बोर्ड परीक्षा 10 फरवरी और दसवीं की परीक्षा 20 फरवरी से शुरू हो रही है। दोनों परीक्षाओं को लेकर इस वर्ष सख्त प्रशासनिक निगरानी के साथ-साथ स्टूडेंट्स के मानसिक दबाव को कम करने की दिशा में भी कदम उठाए गए हैं। परीक्षा के दौरान नकल और अन्य अनुचित तरीकों पर लगाम लगाने और शांत, अनुशासित माहौल सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने एक स्वतंत्र राज्यस्तरीय दक्षता समिति गठित की है। यह समिति पूरे परीक्षा तंत्र पर नजर रखेगी। राज्य के स्कूली शिक्षा विभाग ने बोर्ड परीक्षाओं को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने के लिए राज्यस्तरीय दक्षता समिति के गठन के लिए जीआर जारी किया है। यह समिति नकलमुक्त अभियान को प्रभावी रूप से लागू करेगी।

सीसीटीवी का नियंत्रण प्रशासन के पास: अब परीक्षा केंद्रों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों का नियंत्रण सीधे जिला प्रशासन के पास रहेगा। संवेदनशील और अति संवेदनशील केंद्रों पर विशेष नजर रखने के लिए ड्रोन कैमरों की मदद से निगरानी की व्यवस्था की गई है। परीक्षा केंद्र परिसर में मौजूद सभी कक्षों में कैमरे कार्यरत हैं या नहीं, रिकॉर्डिंग सुरक्षित रूप से संग्रहित हो रही है या नहीं, इसकी नियमित समीक्षा की जाएगी।

AI Image



### समान निर्णय के लिए समिति

अब तक जिला स्तर पर दक्षता समितियां सक्रिय थीं, लेकिन पूरे राज्य में एकसमान नियंत्रण और त्वरित निर्णय के लिए राज्यस्तरीय समिति की जरूरत महसूस की जा रही थी। इसी को ध्यान में रखते हुए शिक्षा आयुक्त की अध्यक्षता में यह समिति गठित की गई है। इस समिति में स्टेट बोर्ड के अध्यक्ष, सभी विभागों के विशेष पुलिस महानिरीक्षक, अतिरिक्त आयुक्त, विभागीय आयुक्त, प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा निदेशक, शिक्षा योजना निदेशक और स्टेट बोर्ड के सचिव शामिल हैं। शिक्षा विभाग का मानना है कि तकनीक आधारित निगरानी से नकल पर रोक लगेगी और स्टूडेंट्स को निष्पक्ष वातावरण मिलेगा। इससे परीक्षा प्रणाली में विश्वास बढ़ेगा और शिक्षा की गुणवत्ता को भी मजबूती मिलेगी।

# सकपाल ने थामा शिंदे सेना का हाथ

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** बीएमसी चुनाव से ऐन पहले उद्धव सेना के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक दगडू सकपाल अपने समर्थकों के साथ शिंदे सेना में शामिल हो गए। पार्टी प्रमुख व उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सभी का स्वागत किया। महानगरपालिका चुनाव से पहले सकपाल और उनके समर्थकों के शिंदे सेना में शामिल होने से उद्धव सेना का नुकसान माना जा रहा है। दगडू सकपाल के साथ अशोक सकपाल, लक्ष्मण सकपाल, मनसे के शिवड़ी विभाग अध्यक्ष संतोष नलावडे, रेश्मा सकपाल, सुषमा सकपाल समेत कई कार्यकर्ता शिवसेना में शामिल हुए।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बालासाहेब ठाकरे जिन शिवसैनिकों को अपना साथी मानते थे, आज कुछ लोग उन्हें नौकर समझने लगे हैं। उन्होंने कहा कि शिवसेना को बढ़ाने के लिए जिन्होंने जेल की सजा काटी है, सैकड़ों मुकदमे उन पर हुए हैं। ऐसे कार्यकर्ताओं की भावनाएं बालासाहेब ही समझते थे।

# 2 के अंगदान से 5 जिंदगियां रोशन

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** महानगर में दो बुजुर्गों के ब्रेन डेड होने के बाद परिवारों ने उनके अंगों को दान करने का निर्णय लिया। इस अंगदान के चलते 5 लोग, जो ट्रांसप्लांट की राह देख रहे थे, उन्हें नई जिंदगी मिलने की उम्मीद जगी है। मुंबई में इस वर्ष का दूसरा और तीसरा अंगदान हुआ है। 9 जनवरी को माहिम स्थित एस एल रहेजा अस्पताल में 76 वर्षीय बुजुर्ग के परिजनों ने निर्णय लेते हुए अंगदान की सहमति दी। इस अंगदान के तहत दिवंगत महिला का लिवर और दोनों किडनियां दान की गईं, जिससे गंभीर रूप से बीमार मरीजों को नया जीवन मिलने की उम्मीद जगी है।

इसके अलावा ठाणे के एक अस्पताल में 76 वर्षीय बुजुर्ग के ब्रेन डेड घोषित होने के बाद परिवार ने उनके अंगों को दान करने का निर्णय लिया। बुजुर्ग की दोनों किडनियां जरूरतमंदों को भेजी गईं। अंगों का वितरण राज्य सरकार की तय गाइडलाइंस के अनुसार पारदर्शी तरीके से किया गया।

# 'रामराज्य सत्य, करुणा, सेवा और मर्यादा का संकल्प है'

## राजन महाराज की वाणी से गूंजा रामराज्याभिषेक

Navin.Pandey@timesofindia.com

■ **मुंबई:** गोरेगांव के बांगुर नगर स्थित लक्ष्मी सरस्वती प्रांगण में आयोजित राजन महाराज के श्रीराम कथा महोत्सव का समापन रविवार को रामराज्याभिषेक के पावन प्रसंग के साथ हुआ। कथा के अंतिम दिन सुंदर कांड पाठ, प्रसाद वितरण और भावविभोर कर देने वाली कथा ने वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। रामराज्याभिषेक के दिन उमड़ी भीड़ इस बात की साक्षी बनी कि आज भी भगवान श्रीराम के आदर्श जन-जन के जीवन को दिशा देने की शक्ति रखते हैं।

राजन महाराज ने कहा कि रामराज्य किसी राजमहल या स्वर्ण सिंहासन का नाम नहीं, बल्कि वह व्यवस्था है जिसमें अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचे, जहां शासक स्वयं को सेवक माने और जहां सत्य, करुणा व मर्यादा जीवन का आधार हों।

वनवास की पीड़ा, माता सीता का विरह और युद्ध के बाद जब राम अयोध्या लौटे, तो उनका राज्याभिषेक यह संदेश देता है कि धर्म के मार्ग पर चलने वाले को अंततः सम्मान और प्रतिष्ठा अवश्य मिलती है।



### कथा सुन्दर कांड का हुआ सामूहिक पाठ

कथा के दौरान सुन्दर कांड का सामूहिक पाठ किया गया। हनुमान जी की भक्ति, शक्ति और सेवा भाव के प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को भीतर तक स्पर्श किया। राजन महाराज ने कहा कि सुंदर कांड जीवन में साहस और आत्मविश्वास जगाने का माध्यम है। जब मन में भय हो, जब जीवन में संकट हो, तब हनुमान जी का स्मरण हमें असंभव को संभव बनाने की शक्ति देता है। रामराज्याभिषेक का वर्णन करते हुए महाराज ने कहा, 'आज रामराज्य के मूल्यों को अपने घर, समाज और शासन व्यवस्था में उतारने की आवश्यकता है। आयोजक चंद्रकांत गुप्ता, संदीप गुप्ता और राजदीप गुप्ता ने कहा, 'राजन महाराज की श्रीराम कथा धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को संस्कार देने वाला आध्यात्मिक अभियान है। रामराज्याभिषेक के माध्यम से महाराज ने संदेश दिया कि सच्चा रामराज्य तभी संभव है।

# चुनाव आचार संहिता उल्लंघन केस में हुई FIR

**NBT रिपोर्ट, मुंबई:** एनएम जोशी मार्ग पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन और लापरवाही बरतने को लेकर संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। यह शिकायत बीएमसी चुनाव से जुड़े सदस्यों ने कराई है।

पुलिस ने बताया कि बुधवार को किशोरी पेडनेकर के चुनावी प्रचार के दौरान कथित तौर पर पटाखे फोड़ने से करीब पांच दुकानों में आग लग गई थी। दरअसल, प्रचार अभियान के समय एक कार्यकर्ता ने जलती हुई पटाखों की पेटी को ठोकर मार दी थी, जिससे पटाखे चारों ओर में फैल गए थे। इसके कारण मोनो ट्रैक के नीचे करीब पांच दुकानों में आग लग गई। घटना से इलाके में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। मामले की जानकारी मिलने पर बीएमसी चुनाव से जुड़े कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच करने के बाद शिकायत दर्ज कराई।

**चुनावी प्रचार के दौरान पांच दुकानों में लगी थी आग**

### व्रत त्योहार : 12 से 18 जनवरी 2026 तक

**14 जनवरी, बुधवार**

षट्तिला एकादशी व्रत: माघ मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी को षट्तिला एकादशी व्रत मनाया जाएगा। इस दिन तिल का दान विशेष पुण्यदायी माना गया है। इसी कारण इसे षट्तिला एकादशी कहा जाता है। मान्यता है कि इस व्रत से पापों का नाश होता है और स्वास्थ्य व समृद्धि की प्राप्ति होती है। संयोग से इसी दिन रात्रि 9:39 बजे सूर्य मकर राशि में प्रवेश करेंगे, जिससे खरमास की समाप्ति होगी। निर्णय सिंधु ग्रंथ के अनुसार मकर संक्रांति का पुण्यकाल अगले दिन माना जाएगा।

**15 जनवरी, गुरुवार**

मकर संक्रांति, खिचड़ी: हिंदू पंचांग के अनुसार सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने पर मकर संक्रांति पर्व मनाया जाता है। 14 जनवरी को रात्रि 9:39 बजे सूर्य मकर राशि में प्रवेश करेंगे। इसलिए इस दिन मकर संक्रांति का पुण्यकाल मनाया जाएगा। इस दिन तीर्थस्थलों पर स्नान-दान का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन सूर्य भगवान अपने पुत्र शनिदेव के गृह में प्रवेश करते हैं, इसलिए मकर संक्रांति को विशेष श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। देश के विभिन्न हिस्सों में खिचड़ी, पोंगल आदि पर्व भी मनाए जाएंगे।

**16 जनवरी, शुक्रवार**

शुक्र प्रदोष व्रत: इस दिन माघ मास के कृष्ण पक्ष का प्रदोष व्रत है। चूंकि यह शुक्रवार को पड़ रहा है, इसलिए इसे शुक्र प्रदोष व्रत कहा जाएगा। इस व्रत को करने से धन-धान्य, सुख-संपत्ति की वृद्धि होती है तथा दांपत्य जीवन में चल रही कटुता दूर होती है। संयोग से इस दिन मास शिवरात्रि व्रत भी मनाया जाएगा।

**18 जनवरी, रविवार**

मौनी अमावस्या: हिंदू पंचांग के अनुसार, माघ कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को मौनी अमावस्या मनाई जाएगी। इस दिन मौन रहकर स्नान, दान और जप-तप का विशेष महत्व बताया गया है। प्रयागराज सहित प्रमुख तीर्थस्थलों पर विशेष स्नान पर्व माना जाएगा। संयोग से इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग भी बन रहा है, जिसमें किए गए स्नान-दान और पुण्य कर्म का विशेष फल प्राप्त होता है।

-आचार्य बाल कृष्ण मिश्र

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 12-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMSHIK User: cci Time: 01-11-2026 23:15 Color:

नवभारत टाइम्स • विचार

नवभारत टाइम्स | मुंबई | सोमवार, 12 जनवरी 2026

शक्ति का अर्थ केवल कार्य करना नहीं, बल्कि मिलकर कार्य करना है।
- हना आरेंट, जर्मन-अमेरिकी दार्शनिक

## टकराव टालना ज़रूरी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और केंद्र सरकार के बीच टकराव कोई नई बात नहीं है। कुलपतियों की नियुक्ति से लेकर राज्यपाल की भूमिका और SIR तक, दोनों के बीच के मतभेद कई बार सामने आ चुके हैं। लेकिन, पॉलिटिकल कंसल्टिंग फर्म I-PAC और इसके प्रमुख प्रतीक जैन के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय के छापों की वजह से जो टकराव चल रहा है, उसने केंद्र और राज्य की एजेंसियों को भी आमने-सामने ला दिया है।

**एक-दूसरे पर आरोप ।** ईडी का आरोप है कि ममता ने कार्रवाई में बाधा डाली और बंगाल पुलिस उनकी सरकार के निर्देश पर मनी लॉन्ड्रिंग जांच को विफल करने का प्रयास कर रही है। वहीं, ममता का आरोप है कि केंद्र सरकार अपनी एजेंसी से राजनीतिक दबाव बनाने की कोशिश में है और उसने छापे वाली जगह से सबूत नहीं, अपनी पार्टी के डॉक्युमेंट उठाए थे। ममता का कहना है कि वह सीएम नहीं, बल्कि TMC प्रमुख के तौर पर मौके पर पहुंची थीं। हालांकि यह भेद करना बहुत मुश्किल है कि वह कब पार्टी प्रमुख हैं और कब सरकार प्रमुख। क्या केवल TMC नेता के तौर पर पहुंचने पर साथ में पूरा प्रशासनिक अमला भी पहुंचता?


ममता सरकार बनाम ईडी

**राजनीतिक तनाव ।** जल्द ही यहां विधानसभा चुनाव होने हैं, इसलिए शायद ही कोई पक्ष पीछे हटता दिखे। मगर इस तनाव से कानून-व्यवस्था प्रभावित हो रही है। I-PAC पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। बगैर जांच इसकी सच्चाई का पता नहीं चल सकता। वहीं, इन घटनाओं का असर अन्य जगहों पर भी दिखने लगा है। बंगाल के नेता प्रतिपक्ष और BJP के वरिष्ठ नेता सुवेंदु अधिकारी ने अपने काफिले पर हमले का आरोप लगाया है, जिस पर गृह मंत्रालय ने रिपोर्ट मांगी है।


**केंद्र बनाम राज्य ।** केंद्र और विपक्षी दलों वाले राज्यों के बीच अनबन का पुराना इतिहास रहा है। लेकिन, बंगाल में अगर यह ज्यादा उग्र दिखता है, तो वजह है दोनों तरफ से ताकत बढ़ाने और नियंत्रण की कोशिश। साल 2018 में ममता सरकार ने CBI को राज्य में दी आम सहमति वापस ले ली थी। इसका मतलब कि अब एजेंसी को हर जांच से पहले बंगाल में विशेष अनुमति लेनी पड़ती है। तब से रिश्ते और कटु हो गए।

**सम्मान और सहयोग ।** चुनावी साल होने की वजह से दोनों तरफ से कुछ भी किया जाता है, तो उसका राजनीतिक पहलू जरूर खोजा जाएगा। संवैधानिक संस्थाओं के बीच इस तरह का संघर्ष किसी के हित में नहीं है। दोनों को एक-दूसरे की सीमाओं का सम्मान और सहयोग करना चाहिए।

राजनीति में बेमेल गठबंधन नई बात नहीं, पर महाराष्ट्र ने सबको पीछे छोड़ा

# हमारी दोस्ती तो सत्ता के लिए है

**महाराष्ट्र में** BJP के कांग्रेस और AIMIM के साथ गठबंधन ने राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां बटोर लीं। बाद में तीनों दलों ने अपने-अपने तरीके से डैमेज कंट्रोल किया। फिर भी लगता है कि अंत में BJP फायदे में रही।


गंगाधर ढोबले

**परदे के पीछे ।** ये गठबंधन ठाणे जिले के अंबरनाथ और विदर्भ के अकोला जिले के अकोट नगर परिषदों में हुए थे। इन जगहों पर किसी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था, तो धुर वैचारिक विरोधियों ने हाथ मिला लिए। इन गठबंधनों को तोड़ने की औपचारिकता तीनों दलों ने पूरी कर ली है और घटना पर मानो परदा डाल दिया है, क्योंकि 15 जनवरी को 29 महानगर पालिकाओं के चुनाव होने हैं। लेकिन, परदे के पीछे अनौपचारिक खेल वैसा ही चल रहा है।

**गढ़ में सेंध ।** बात पहले दौर के 20 दिसंबर के चुनाव की है। अंबरनाथ नगर परिषद में कुल 59 सीटें हैं। यह इलाका एकनाथ शिंदे का गढ़ माना जाता है। यहां राज्य में सत्तारूढ़ महायुती के तीनों घटक दल- एकनाथ शिंदे की शिवसेना, BJP और अजित पवार की NCP अपने बलबूते लड़े। बहुमत किसी को नहीं मिला। शिंदे सेना 27 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी, पर 30 के बहुमत से 3 कम थी। BJP ने शिंदे सेना को सत्ता से दूर रखने के लिए साथी अजित पवार और कांग्रेस से गठजोड़ कर लिया। BJP की तेजश्री करंजुले नगराध्यक्ष चुनी गईं।

**उलटफेर जारी ।** पहले कांग्रेस के सभी नगरसेवकों ने BJP का कमल थामा और फिर शिंदे सेना ने अजित NCP के 4 नगरसेवकों को अपने साथ मिला लिया। दो निर्दलीय भी शिंदे सेना में चले गए और आंकड़ा बहुमत से ज्यादा 33 हो गया, जबकि BJP के पास 26 सीटें बची हैं। आगे भी यहां कुछ भी हो सकता है। अकोट नगर परिषद में भी कुछ ऐसी ही स्थिति है। कुल 33 सीटों में से 11 BJP के पास हैं। अंबरनाथ में शिंदे सेना, अजित पवार, BJP एक-दूसरे के खिलाफ लड़े, लेकिन यहां वे एक हो गए। AIMIM भी आ गई। BJP की माया धुले नगराध्यक्ष चुनी गईं।



**महाराष्ट्र निकाय चुनाव**
- कई जगह पुराने गठबंधन टूटे, नए बने
- उद्धव और राज ठाकरे ने मिलाया हाथ
- अस्तित्व की लड़ाई में एक हुए दोनों पवार

**साथ आए परिवार ।** 29 महानगर पालिकाओं के होने वाले चुनाव में भी बेमेल गठबंधन हुए हैं। हालात ऐसे हैं कि कौन किसके साथ है, इसका पता लगाना मुश्किल हो जाए। कहीं BJP के नेतृत्व वाली महायुती बिखर गई है तो कहीं कांग्रेसनीत महाविकास आघाड़ी टूट गई है। चित्र ऐसा है कि मित्र दल एक-दूसरे के विरोध में खड़े हैं तो परस्पर विरोधी अब मित्र बने हुए हैं। उद्धव और राज - दोनों ठाकरे एक हो गए हैं। अजित और शरद - दोनों पवार गलबहियां डाले हुए हैं। ठाकरे और पवार - दोनों ही राजनीतिक ब्रैंड अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। कांग्रेस के नाम लेवा बहुत कम हैं।

**कहीं दोस्ती, कहीं दुश्मनी ।** मुंबई समेत ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, पिंपरी-चिंचवड, नागपुर, नासिक जैसी प्रमुख महापालिकाओं में ठाकरे बंधुओं का गठजोड़ है। पुणे, पिंपरी-चिंचवड़ के होमटर्फ पर अजित और शरद पवार साथ हैं। BJP मुंबई में शिंदे सेना और अजित की NCP के साथ है। ठाणे में शिंदे सेना और BJP का साथ है। पनवेल में BJP, शिंदे सेना, अजित और आठवले की RPI का गठजोड़ है। नवी मुंबई में शिंदे सेना और BJP अलग-अलग लड़ रहे हैं। नागपुर में BJP अकेले है, जबकि शिंदे सेना और अजित की NCP एक संग।

**सुविधा की राजनीति ।** कोल्हापुर में राज, उद्धव के साथ नहीं हैं। वहां उन्होंने कांग्रेस, शरद पवार और शेतकरी संघटना से दोस्ती कर ली है। यह केवल बानगी है, अन्य महानगर पालिकाओं में भी कमोबेश यही स्थिति है। गठबंधनों की जोड़तोड़ और नए बनते गठबंधनों का आधार वैचारिक नहीं है। मामला केवल सुविधा की राजनीति का है।

**निर्विरोध चर्चा में ।** कोई 66 नगरसेवक निर्विरोध चुने गए हैं। इनमें सर्वाधिक 43 BJP के, 19 शिंदे सेना के और दो अजित पवार की NCP के हैं। यानी निर्विरोध जीतने वालों में सत्तारूढ़ महायुती के ही 64 उम्मीदवार हैं। गठजोड़, तोड़फोड़ की राजनीति किस तरह करवट बदल रही है, यह इससे साफ होगा।

**पुराना ट्रेंड ।** देश में बेमेल गठबंधन बनना नई बात नहीं। कांग्रेस के विरोध में 1967 में पहली बार ऐसे गठबंधनों का प्रयोग हुआ। जनसंघ (आज की BJP), मोरारजी देसाई की संगठन कांग्रेस, समाजवादी दल, CPI और CPM इसमें शामिल थे। इसका आधार साझा विचारधारा नहीं थी, उनकी साझा दुश्मन इंदिरा कांग्रेस थी। इससे बनी जनता पार्टी भी बाद में टूट गई। लेकिन इस बार सब कुछ अलग है, राजनीतिक विचारधारा के प्रति निष्ठा हाशिए पर है और किसी भी तरह जीतकर सत्ता हथियाने वाली राजनीतिक मानसिकता हावी है।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)*

# समय के साथ दिमाग़ को भी बदलना पड़ता है

**कोई चीज** चली जाती है, पर उसकी आदत पीछे ही छूट जाती है। । दर्जन भर दिन गुजरे, पर तमाम लोगों के दिमाग से 2025 नहीं उतरा। उनकी बातों में बीते साल का जिक्र ऐसे आता है, जैसे वही मौजूदा हो। इसमें किसी की गलती भी नहीं - जिसे सीखते-जीते 365 दिन गुजरे, उसे 12 दिनों में कैसे भुलाया जाए!

नई चीजों के साथ तालमेल बैठाना अधिकतर मुश्किल ही होता है। और वैसे भी साल के बदलने से बस तारीखें ही नहीं, बहुत कुछ बदलता है - नए नियम, गाइडलाइंस, नए रेट। दिमाग को रिकैलिब्रेट करना पड़ता है इनके हिसाब से, लेकिन यही तो चुनौती है, जिसका जिक्र किया स्टीफन हॉकिंग ने, कि परिवर्तन के अनुकूल ढलने की क्षमता ही बुद्धिमत्ता है। इस बदलाव को अपनाने और उसके मुताबिक ढलने में भी आनंद है। नई व्यवस्था, नई तकनीक या नया नियम पहली नजर में बोझ लगता है - कि बेवजह की उलझन बढ़ गई। लेकिन, जैसे-जैसे हम उसे समझते हैं, वही चीज हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन जाती है। जीवन इसी तरह अपनाने, बदलने और आगे बढ़ने का नाम है। जो बदलना ही है, उसे रोके रखने में ऊर्जा खपाने से फायदा नहीं। वही एनर्जी लगाई जा सकती है बदलाव को अपनाने में।

नई चीजों के साथ तालमेल बैठाने का सबसे बड़ा फायदा यह है कि हम समय के साथ चलते रहते हैं। जो लोग बदलाव को अपनाते हैं, वे पीछे नहीं छूटते। वे नई पीढ़ी से जुड़ते हैं, नई सोच को समझते हैं और खुद को अपडेट रखते हैं। इससे आत्मविश्वास भी बढ़ता है और जीवन में जड़ता नहीं आती।


AI Image

जीवन आनंद
शैलेंद्र पांडेय

बदलाव हमें धैर्य भी सिखाता है। हर नई चीज तुरंत समझ में नहीं आती, हर नियम तुरंत सहज नहीं लगता। लेकिन यही सीखने की प्रक्रिया हमें भीतर से मजबूत बनाती है। जब हम किसी नई चुनौती को पार कर लेते हैं, तो अपने आप पर भरोसा और गहरा होता है।

बदलाव से भागना आसान है, पर इसे अपनाना जीवन को सरल बनाता है। नई चीजों के साथ तालमेल बैठाने का आनंद इसी में है कि हम हर नए मोड़ पर खुद को थोड़ा और बेहतर पाते हैं। जीवन बहता रहता है, और जो उसके साथ बहना सीख लेता है, उसे सुकून और संतुलन मिलता है।

न केवल नए से काम चल सकता है और न केवल पुराने से। इन दोनों का तालमेल चाहिए जिंदगी में। पुराना अनुभव और नया ज्ञान मिलकर नया नजरिया देते हैं। इससे समझ बेहतर होती है और यह समझ कहती है कि नए के लिए हमेशा तैयार रहेंगे, तो मन में आशंका की जगह उत्सुकता होगी। खुश रहने के लिए सरप्राइज तो चाहिए ही।

## कांटे की बात


विधानसभा चुनाव के लिए SIR के बाद राज्य के वोटरों की संख्या 2.89 करोड़ घटकर 12.56 करोड़ रह गई, वहीं पंचायत चुनाव के लिए SIR के बाद ग्रामीण वोटरों की 40 लाख बढ़कर 12.69 करोड़। ये दोनों आंकड़े तो सही नहीं हो सकते।


अखिलेश यादव, सपा अध्यक्ष

## डेटा Window

### ग्रीनलैंड से चीन पर निशाना साध रहे ट्रंप

डॉनल्ड ट्रंप हर हाल में ग्रीनलैंड को अमेरिका का हिस्सा बनाना चाहते हैं। वजह है रेयर अर्थ मिनरल्स की मौजूदगी, खनिज भंडार के सहारे चीन को टक्कर देना।



**15** लाख टन रेयर अर्थ मिनरल्स ग्रीनलैंड में

**04** लाख वर्ग किमी में 38 खनिजों के भंडार

**19** लाख टन का भंडार US में, पर जरूरत ज्यादा

उत्पादन में कौन आगे (हजार टन में)

| चीन | अमेरिका | म्यांमार | ऑस्ट्रेलिया | थाईलैंड+नाइजीरिया |
|---|---|---|---|---|
| 270 | 45 | 31 | 13 | 13 |

ग्रीनलैंड का खजाना लुभा रहा है ट्रंप को

**9.19** करोड़ टन का भंडार है पूरी दुनिया में

**3.90** लाख टन उत्पादन होता है हर साल

नियोडाइमियम : इलेक्ट्रिक वाहन
फेल्डस्पार : कांच व सिरेमिक
ग्रेफाइट : परमाणु रिएक्टर, लिथियम आयन बैटरी
Molybdenum : एयरोस्पेस, ऑटो
प्लैटिनम ग्रुप मेटल्स : ऑटो, इलेक्ट्रॉनिक्स, चिकित्सा उपकरण
टाइटेनियम : स्पेस, सैन्य उपकरण
वैनेडियम : जेट इंजन, विमान, परमाणु ऊर्जा



कहां कितना बड़ा भंडार (भंडार लाख मीट्रिक टन में)

| देश | भंडार |
|---|---|
| चीन | 440 |
| ब्राजील | 210 |
| भारत | 69 |
| ऑस्ट्रेलिया | 57 |
| रूस | 38 |






THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in


## अधिक पैसा आराम दे सकता है, लेकिन शांति नहीं ला सकता

संजय कालिया

कुछ दिन पहले वृंदावन जाना हुआ। दर्शन के बाद एक विदेशी व्यक्ति से मुलाकात हुई। सहज जिज्ञासा में मैंने उनसे पूछा कि वह यहां क्यों आए हैं? उन्होंने मुस्कराकर कहा, 'मैं शांति की तलाश में आया हूं।' उनका यह सरल वाक्य मेरे मन में देर तक गूंजता रहा।

आज की तेज, प्रतिस्पर्धा भरी बेचैन दुनिया में हम जिन चीजों के पीछे भाग रहे हैं - धन, पद, प्रसिद्धि - वे हमें संतोष नहीं, केवल थकान देती हैं। भीतर कहीं एक खालीपन बना रहता है, जिसे भरने के लिए हम और अधिक पाने की कोशिश करते हैं। जबकि वास्तव में जिसे हम खोज रहे हैं, वह कोई वस्तु नहीं, बल्कि शांति है। यह शांति किसी दूर देश या तीर्थ में नहीं, हमारे अपने भीतर छिपी हुई है।

शांति तब शुरू होती है जब हम अपने विचारों के शोर को धीमा करना सीखते हैं। जब हम शिकायतों से दूर होकर जीवन को सादगी से देखने लगते हैं। दया का एक छोटा-सा भाव, मौन का एक क्षण, एक सच्ची प्रार्थना या एक कोमल मुस्कान - ये सब भीतर संतुलन और सामंजस्य को जन्म देते हैं। शांति धैर्य और करुणा की मिट्टी में बीज की तरह धीरे-धीरे अंकुरित होती है। लेकिन हम अक्सर मान लेते हैं कि बढ़िया घर, अधिक पैसा या बड़ी उपलब्धियां हमें शांति देंगी, लेकिन ये अधिक से अधिक हमें आराम दे सकती हैं, शांति नहीं। ध्यान, प्रार्थना, गहरी सांसें और मौन इस भीतर की यात्रा के विश्वसनीय साथी हैं। जैसे हवा थमने पर दीपक की लौ अधिक उजास देती है, वैसे ही जब मन के तूफान शांत होते हैं, तो आत्मा अपनी पूरी चमक से प्रकट होती है। जैसे बादलों के पीछे सूर्य हमेशा मौजूद रहता है, वैसे ही विचारों के कोलाहल के पीछे शांति पहले से रहती है।


AI Image

जब मन अपनी ही दौड़ से थककर रुकता है, तभी शांति का द्वार खुलता है। जब हम स्वयं को जैसे हैं, वैसे ही स्वीकार करना सीखते हैं, तब जीवन बोझ नहीं रह जाता- वह एक सहज और शांत अनुभव बन जाता है।

## नश्तर

## आदर की अकुलाहट

**वह कॉलेज के** शीर्ष पद पर आसीन थे। एक तो शिक्षा विभाग, उस पर श्रेष्ठ छवि वाला कॉलेज, उस पर शीर्ष पद, फिर भी एक कमी उन्हें लगातार सालती। कोई उनकी इज्जत क्यों नहीं करता? इज्जत पाने के लिए वह इतने आकुल थे कि लड़के उन्हें आकुलाचार्य बुलाने लगे। बात उन तक पहुंची तो वह और आकुल हो उठे। उन्होंने एक युक्ति सोची। समाज के तमाम पढ़े-लिखे लोगों को बुलाया जाए और उनसे अपनी इज्जत करवाई जाए।


सौरभ श्रीवास्तव

कॉलेज के प्रेक्षागृह में गोष्ठी का आयोजन किया गया। विषय था, हिंदी साहित्य में लेखक की इज्जत। वह सबसे पहले हॉल में पहुंचे। उनकी नजर लेखक की इज्जत पर अटक गई। हिंदी साहित्य से उन्हें कुछ लेना-देना नहीं था, पर इज्जत तो उन्हें अपने लिए चाहिए थी। आयोजन समिति के लोगों ने लेखक को दे दी। उन्होंने एक विद्यार्थी से कह कर पोस्टर के इज्जत वाले हिस्से को ब्लेड से कटवा दिया। विद्यार्थी ने जैसे ही यह काम किया चार-पांच लेखक और कुछ सुनने वाले हॉल में आ गए। अब मंच पर पोस्टर लगा था, हिंदी साहित्य में लेखक की...। इज्जत तो हड़बड़ी में आकुलाचार्य ने विद्यार्थी से लेकर अपने कोट की जेब में रख ली थी। लेखकों को बुरा लगा, वे चुपचाप बाहर जाने लगे तो आकुलाचार्य बोले, 'रुकिए...रुकिए, इज्जत तो आपको हमारी ही करनी है, इसलिए मैंने काटकर पहले ही रख ली।' एक लेखक बोले, 'इज्जत काटने से इज्जत नहीं मिलती।' 'तो कैसे मिलती है?' 'इज्जत, इज्जत देने से मिलती है।' लेखक ने जैसे ही कहा, उन्होंने अपने कोट की जेब से निकाल कर इज्जत उन्हें दे दी। लेखक को गुस्सा तो बहुत आया पर वह शांति से इज्जत लेकर बाहर चले गए। आकुलाचार्य कुछ समझ नहीं पा रहे थे, तब तक विद्यार्थी ने पोस्टर की ओर ध्यान दिलाया। हिंदी साहित्य में लेखक की...आगे क्या? थोड़ी देर सिर खुजाने के बाद उन्होंने कहा, 'लिख दो जरूरत।' विद्यार्थी ने पोस्टर पर चिप्पी लगाई और जरूरत लिखते हुए बुदबुदाया, 'ऐसे विषय रखवाएंगे तो कैसे इज्जत मिलेगी।



## एकदा

संकलन : रेनू सैनी

## भटकने का मतलब

**एक बार** स्वामी विवेकानंद राजस्थान के अलवर पहुंचे। वहां दीवान रामचंद्र ने उनके विचार सुने तो उन्हें महाराजा मंगल सिंह से मिलवाया। महाराज स्वामीजी से काफी प्रभावित हुए। बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, 'स्वामीजी, आप इतने विद्वान हैं कि चाहें तो एक ही स्थान पर रहकर आराम से जीवन बिता सकते हैं। फिर आप भटकते क्यों हैं?' महाराज की यह बात सुनकर स्वामीजी ने शांत स्वर में पूछा, 'आप स्वयं एक राजा हैं। आपकी जिम्मेदारी अपनी प्रजा का कल्याण है, फिर आप शासन छोड़कर अंग्रेज अधिकारियों के साथ शिकार खेलने में इतना समय क्यों बिताते हैं?' दरबार में सन्नाटा छा गया। सभी को लगा महाराज क्रोधित हो जाएंगे। पर महाराज मुस्कराए और बोले, 'स्वामीजी, मुझे शिकार खेलना अच्छा लगता है।' स्वामीजी ने कुछ क्षण मौन रखा, फिर कहा, 'मुझे भी भटकना अच्छा लगता है। पर मेरे और आपके अच्छा लगने में एक अंतर है।' 'वह कैसे?' प्रश्न का जवाब देते हुए स्वामीजी बोले, 'आप केवल निजी खुशी के लिए भटकते हैं, जबकि मैं ऐसा भारत देखना चाहता हूं, जहां प्रेम, और समानता हो।' महाराज उनके चरणों में झुक गए और बोले, 'स्वामीजी, आपने मेरी आंखें खोल दीं।'


Subrata Dhar

# क्यों लगती है शराब की लत, क्या है इसका साइंस

मृत्युंजय राय

**भारत में** शराब की खपत साल 2000 से 2018 के बीच तेजी से बढ़ी। साल 2000 में जहां प्रति व्यक्ति शराब की खपत 2.3 लीटर थी, वह 2018 में बढ़कर 5.5 लीटर हो गई। भारत आज अल्कोहलिक ड्रिंक्स का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा बाजार है। यह बाजार करीब 35 बिलियन डॉलर का है।

2019 के एक सरकारी सर्वे में पता चला था कि 10-75 आयु वर्ग में हर सात में से एक भारतीय शराब पीता है। भारत में शराब की खपत बढ़ने की वजह आर्थिक तरक्की है। शहरीकरण भी एक कारण है। फिर बदलते लाइफस्टाइल ने भी इसमें बड़ी भूमिका निभाई है। मगर इसके दुखद पहलू भी हैं। 2019 में भारत में शराब की वजह से 3.40 लाख लोगों की जानें गईं।

**'Why We Drink Too Much: The Impact of Alcohol on Our Bodies and Culture'** नाम की किताब में डॉक्टर चार्ल्स नोल्स ने बताया है कि शराब की लत क्यों पड़ती है और क्यों इसकी आदत छोड़ना आसान नहीं होता। इसे बताने के लिए उन्होंने निजी संदर्भों और पॉपुलर साइंस की मदद ली है। वह अपने बारे में लिखते हैं कि शराबखोरी की वजह से उनके वैवाहिक जीवन पर बुरा असर पड़ता चला गया। वह अच्छे पिता भी नहीं रहे थे। बुरी तरह शराब पीने से उन्हें खुद का अहसास तक नहीं रहता था और खुदकुशी के खयाल तक आने लगे थे।

निजी संदर्भों की वजह से यह किताब सिर्फ विषय के साइंटिफिक पहलुओं तक सीमित नहीं रह जाती। इस वजह से उनके लेखन में भावनात्मक पहलू भी जुड़ता है। इन संदर्भों को पढ़कर रीडर यह समझ सकता है कि शराब की लत कैसे किसी व्यक्ति के निजी जीवन पर बुरा असर डालती है और यह घर के अंदर और बाहर तनाव का कारण बन जाती है। कैसे इसकी लत आपको खुद को तबाह करने की ओर ले जाती है।

चार्ल्स लिखते हैं कि शराब दुनिया का पसंदीदा ड्रग है। जश्न हो, सोशलाइजेशन हो या गम भुलाना हो, लोग इसका सहारा लेते हैं। इसलिए इससे होने वाले नुकसान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

## विचार विंडो


AI Image

खैर, इस किताब में शराब छोड़ने का ज्ञान देने से चार्ल्स बचे हैं। यह बताने पर उनका अधिक जोर है कि इसका दिमाग और शरीर पर किस तरह से असर पड़ता है। वह यह भी बताते हैं कि अक्सर जो लोग सोशलाइजेशन के लिए शराब पीना शुरू करते हैं बाद में उन्हें इसकी आदत क्यों पड़ जाती है, क्यों शराब के बगैर उनका काम नहीं चलता।

उन्होंने यह भी बताया है कि क्यों कुछ लोगों को शराब पीने में आनंद आता है और क्यों कुछ लोग इसे बिल्कुल पसंद नहीं करते। किताब में यह लिखा गया है कि इसके पीछे जेनेटिक्स, माहौल और ओढ़ी हुई उम्मीदें होती हैं। चार्ल्स इसे समझाने के लिए न्यूरोसाइंस और epidemiology की मदद लेते हैं, लेकिन उन्होंने इसे ऐसी भाषा में लिखा है कि साइंस से अनजान रीडर भी इन्हें समझ सके।

चार्ल्स ने किताब में पहले हुई रिसर्च का हवाला देते हुए बताया है कि जेनेटिक वेरिएंट्स का अल्कोहल मेटाबलिजम पर क्या असर होता है। फिर स्ट्रेस और सनसनी की चाहत किस तरह से शराब की इच्छा पैदा करते हैं। यानी जो लोग बहुत अधिक शराब पीते हैं, उसका कोई एक कारण नहीं होता। चार्ल्स यह भी बताते हैं कि किस तरह से मॉडर्न कल्चर शराबखोरी को बढ़ावा देता है, जैसे- दफ्तर के आयोजन हों या जश्न का कोई भी मौका। किताब में यह भी लिखा गया है कि किस तरह से विज्ञापन की दुनिया इसका लाभ उठाती है।

चार्ल्स शराब पर प्रतिबंध के हिमायती नहीं हैं। न ही वह 30 दिनों में शराब की लत से छुटकारा दिलाने का दावा करते हैं। हां, उन्होंने ऐसे तथ्य जरूर पेश किए हैं, जिन्हें पढ़कर रीडर खुद सोचने को मजबूर हो जाए कि शराब के साथ उसका रिश्ता कैसा है।

## रीडर्स मेल
www.edit.nbt.in

### ट्रंप और दुनिया

**वर्ष की शुरुआत** में वैश्विक राजनीति जिस तरह की उथल-पुथल से घिरी दिखती है, उसमें अमेरिकी नीतियों की आक्रामकता एक बार फिर बहस के केंद्र में है। डॉनल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका ने जिस तरह अमेरिका फर्स्ट के नारे को व्यवहार में उतारा, उसने अंतरराष्ट्रीय नियमों, बहुपक्षीय संस्थाओं और मुक्त व्यापार की अवधारणा- तीनों को झकझोर दिया। सैन्य हस्तक्षेपों और दबाव की राजनीति की आलोचना तो होती ही रही है, लेकिन ट्रंप युग की सबसे ठोस और दीर्घकालिक छाया उनकी टैरिफ नीति रही। टैरिफ युद्ध का असर वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं पर भी पड़ा है। टैरिफ युद्धों से न तो समृद्धि आती है, न शांति।

-विभूति बुपक्या, ईमेल से

readersmail.nbt@gmail.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

## फटाफट खबरें

### माइल्ड हाइब्रिड SUV की बढ़ी मांग: वोल्वो

■ भाषा, नई दिल्ली: लग्जरी कार निर्माता वोल्वो कार इंडिया ने कहा कि जीएसटी सुधारों के बाद हल्की (माइल्ड) हाइब्रिड SUV भारतीय ग्राहकों के लिए ज्यादा आकर्षक हुई हैं। कंपनी के MD ज्योति मल्होत्रा के अनुसार 'जीएसटी 2.0' से कर ढांचे में स्पष्टता आई है, जिससे लग्जरी सेगमेंट को मजबूती मिली। भारत में हर चार कारों में एक इलेक्ट्रिक वाहन बिक रहा है और कंपनी पूरी तरह इलेक्ट्रिक भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। 2026 में आक्रामक तरीके से इलेक्ट्रिक वाहनों की पेशकश की जाएगी।

### आलिया का ब्रैंड बेबी केयर कैटिगरी में



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: फिल्म अदाकारा आलिया भट्ट और रिलायंस रिटेल समर्थित बच्चों के लाइफस्टाइल ब्रैंड एड-ए-मम्मा ने बच्चों और शिशुओं के व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों की श्रेणी में कदम रखा है। अभिनेत्री और उद्यमी आलिया भट्ट ने बताया कि यौर बेबी सेफ ब्रांड नाम से लॉन्च की गई नई रेंज में बेबी वॉश, लोशन, मसाज ऑयल, टैल्क-फ्री पाउडर, एंटी-रैश बाम, वेट वाइप्स और लॉन्ड्री डिटर्जेंट जैसे स्किन केयर, बाथ केयर, हाइजीन केयर और लॉन्ड्री केयर उत्पाद शामिल हैं।

### गोवा: पिछले साल आए 1 करोड़ सैलानी

■ भाषा, पणजी: वर्ष 2025 में पांच लाख विदेशियों सहित लगभग 1.08 करोड़ पर्यटक गोवा पहुंचे। राज्य के पर्यटन मंत्री रोहन खौंटे ने कहा कि 2025 में गोवा में 1,02,84,608 घरेलू पर्यटक और 5,17,802 विदेशी पर्यटक आए, जिससे कुल पर्यटकों की संख्या 1,08,02,410 हो गई। आंकड़ों के मुताबिक, अपने खूबसूरत समुद्र तटों के लिए मशहूर गोवा में 2025 में 189 चार्टर उड़ानें आईं, जिनमें 40,336 विदेशी पर्यटक सवार थे।

# तिमाही नतीजों, महंगाई के आंकड़ों पर बाजार रहेगा निर्भर

## बीते सप्ताह दोनों इंडेक्स में आई थी करीब 2.5% की गिरावट

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई



AI Image

नए कारोबारी सप्ताह की शुरुआत ऐसे समय हो रही है, जब निवेशकों की निगाहें एक साथ कई मोर्चों पर टिकी हुई हैं। इस सप्ताह बाजार की चाल देश की दिग्गज कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजों, खुदरा और थोक महंगाई के ताजा आंकड़ों तथा वैश्विक स्तर पर उभरने वाले संकेतों से तय होने की संभावना है। विशेषज्ञों का मानना है कि आईटी, बैंकिंग, वित्त और ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों से आने वाले नतीजे, प्रबंधन की भविष्य को लेकर टिप्पणियां, विदेशी निवेशकों का रुख और अमेरिका की व्यापार नीति से जुड़े घटनाक्रम मिलकर बाजार की दिशा निर्धारित करेंगे।

तिमाही नतीजों से बनेगी धारणा: इस सप्ताह आईटी क्षेत्र की बड़ी कंपनियां जैसे टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंफोसिस, एचसीएल टेक, विप्रो और टेक महिंद्रा अपने नतीजे जारी करेंगी। इनके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज और जियो फाइनैंशियल सर्विसेज जैसी हैवीवेट कंपनियों के नतीजे भी निवेशकों के फैसलों में अहम भूमिका निभाएगा। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा के अनुसार, यह सप्ताह आर्थिक गतिविधियों और कंपनियों के नतीजों के लिहाज से काफी व्यस्त रहने वाला है। उन्होंने कहा कि निवेशक भारत की खुदरा और थोक महंगाई के आंकड़ों पर करीबी नजर रखेंगे, क्योंकि इनसे ब्याज दरों और मौद्रिक नीति को लेकर संकेत मिल सकते हैं। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौर का कहना है कि तिमाही नतीजों की शुरुआत सूचकांकों की दिशा और अलग-अलग सेक्टरों के रुझान को तय करेगी।

### महंगाई और अन्य आर्थिक आंकड़े

इस सप्ताह दिसंबर महीने की खुदरा महंगाई (सीपीआई) और थोक महंगाई (डब्ल्यूपीआई) के आंकड़े जारी होंगे। इसके अलावा व्यापार घाटे और विदेशी मुद्रा भंडार से जुड़े आंकड़े भी सामने आएंगे। ये सभी आंकड़े देश की आर्थिक स्थिति को समझने में मदद करेंगे और इससे ब्याज दरों तथा नीति से जुड़ी उम्मीदें प्रभावित होंगी।

### वैश्विक घटनाक्रम रहेंगे केंद्र में

वैश्विक स्तर पर निवेशकों की नजर अमेरिका की व्यापार नीति से जुड़े घटनाक्रम पर रहेगी। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के दौर के टैरिफ की वैधता से जुड़े मामले पर आने वाला फैसला बाजार की धारणा के लिए अहम साबित हो सकता है। इसके साथ ही भू-राजनीतिक तनाव, डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल और कच्चे तेल की कीमतें भी बाजार की चाल पर असर डाल सकती हैं।

### पिछले सप्ताह मार्केट में आई थी गिरावट

बीता सप्ताह घरेलू शेयर बाजार के लिए कमजोर रहा था। अमेरिकी टैरिफ को लेकर नई चिंताओं और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली के चलते बीएसई सेंसेक्स 2,185.77 अंक यानी 2.54 प्रतिशत और निफ्टी 645.25 अंक यानी 2.45 प्रतिशत टूट गया था। ऐसे में निवेशकों की नजर तिमाही नतीजे और आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी।

# 11 साल बाद सरकार, इंडस्ट्री और ट्रेड यूनियन बैठेंगे एकसाथ

## लेबर कोड पर मजदूर संघों के सवालों के बीच ILC का आयोजन

Akhilesh.Singh1@timesofindia.com





AI Image

■ नई दिल्ली: देश के 29 श्रम कानूनों की जगह लेने वाले 4 लेबर कोड को लेकर श्रम एवं रोजगार मंत्रालय जल्द ही मजदूर संघों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श करने की तैयारी में है। यह कदम इंडियन लेबर कॉन्फ्रेंस (ILC) के तहत उठाया जाएगा। ILC का आयोजन 2015 के बाद से अब तक नहीं हो सका है और तमाम ट्रेड यूनियनें इसे लेकर सवाल करती रही हैं। एक अधिकारी ने बताया, 'श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने ILC का आयोजन जल्द कराने के लिए निर्देश दिए हैं। संबंधित पक्षों से इस बारे में संपर्क किया जा रहा है। वर्कर्स और इंडस्ट्री के साथ विचार-विमर्श होगा।'

सरकार ने लेबर कोड के ड्राफ्ट रूल्स 30 दिसंबर को प्री-पब्लिश करने के बाद पब्लिक की प्रतिक्रिया लेने के लिए 45 दिनों का समय तय किया है। हिंद मजदूर सभा के महासचिव हरभजन सिंह सिद्धू ने NBT से कहा, 'भारत इंटरनैशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन का संस्थापक सदस्य है, लेकिन हाल यह है कि 2015 से ILC की बैठक नहीं बुलाई गई है। श्रम संघों से बात किए बिना 4 लेबर कोड लागू करने का ऐलान कर दिया गया।' RSS से संबंधित भारतीय मजदूर संघ (BMS) ने भी इसी महीने मांडविया से मिलकर ILC जल्द कराने की मांग उठाई थी। ILC राष्ट्रीय स्तर पर एक त्रिपक्षीय मंच है। इसमें सरकार के अलावा ट्रेड यूनियनों और इंडस्ट्री के प्रतिनिधि होते हैं। इसका पिछला 46वां सम्मेलन जुलाई 2015 में हुआ था।

### ट्रेड यूनियनों की 12 फरवरी को हड़ताल

10 सेंट्रल ट्रेड यूनियनों ने लेबर कोड के विरोध में 12 फरवरी को देशभर में हड़ताल का ऐलान किया है। संयुक्त किसान मोर्चा और ज्वाइंट फ्रंट ऑफ एग्रीकल्चरल वर्कर्स ने भी इसे समर्थन दिया है। 16 जनवरी को ये प्रतिरोध दिवस मनाएंगे। यूनियंस का कहना है कि ILC बुलाए बिना इन्हें लागू करने की घोषणा कर दी गई। उन्होंने एक बयान में कहा, 'लेबर कोड से करीब 70% फैक्ट्रीज श्रम कानूनों के दायरे से बाहर हो जाएंगी और वर्कर एम्प्लॉयर के रहमोकरम पर छोड़ दिए जाएंगे।' BMS हड़ताल में शामिल नहीं होगी, लेकिन उसने भी इंडस्ट्रियल रिलेशंस कोड और ऑक्युपेशनल सेफ्टी को लेकर सवाल उठाए हैं।

# सूचना के अधिकार को लेकर RBI और बैंक आमने-सामने

■ भाषा, नई दिल्ली: बैंक ऑफ बड़ौदा, RBL बैंक, यस बैंक और भारतीय स्टेट बैंक (SBI) ने केंद्रीय सूचना आयोग (CIC) से संपर्क कर डिफॉल्टरों और NPA की सूची, जुर्माने और निरीक्षण रिपोर्ट जैसी सूचनाओं को सार्वजनिक करने पर आपत्ति जताई है। 3 RTI आवेदनकर्ताओं ने RBI में अलग-अलग आवेदन देकर यस बैंक के शीर्ष 100 NPA और जानबूझकर कर्ज न चुकाने वालों, SBI और RBL की निरीक्षण रिपोर्ट और बैंक ऑफ बड़ौदा पर लगे 4.34 करोड़ रुपये के जुर्माने से संबंधित दस्तावेजों सहित अन्य जानकारियां मांगी थीं। इन बैंकों ने CIC के पास अपील की, क्योंकि RBI ने पाया कि मांगी गई जानकारी सार्वजनिक की जा सकती है। सूचना आयुक्त खुशवंत सिंह सेठी ने इस मामले को बड़ी बेंच के पास भेज दिया। अंतिम निर्णय तक सूचना देने पर रोक लगा दी गई है।

> बड़ी बेंच को सौंपा मामला, फैसला आने तक सूचना देने पर रोक

# सोना-चांदी ने निवेशकों को किया मालामाल, इंडस्ट्रियल मेटल कॉपर का भी बंपर रिटर्न

Sudha.Shrimali@timesofindia.com

■ मुंबई: सोने में 74% और चांदी में 167% की बढ़ोतरी के बाद अब तेजी का माहौल इंडस्ट्रियल मेटल कॉपर में दिख रहा है। पिछले एक साल से मजबूत इंडस्ट्रियल डिमांड की वजह से कमोडिटीज की कीमतों में काफी उछाल आया। एक जनवरी को कॉपर की कीमतें 62.83% बढ़कर 1,292.50 रुपये थीं, जो एक साल पहले 793.85 रुपये थीं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया (MCX) पर कॉपर एक साल में 796 रुपये से बढ़कर 1,197 रुपये हो गया। बंपर रिटर्न के बावजूद भारत में कॉपर और अन्य इंडस्ट्रियल मेटल में निवेश के विकल्प सीमित हैं। ऐसे में रिटेल निवेशकों के हाथ से फायदे का यह मौका निकल सा गया। हालांकि जानकारों का कहना है कि आने वाले समय में मजबूत इंडस्ट्रियल डिमांड की वजह से कमोडिटीज की कीमतों में उछाल आ सकता है।

> गिरावट पर खरीदारी बढ़ेगी और कॉपर अगली रैली का अहम मेटल रह सकता है।



### इतनी क्यों बढ़ रहीं कॉपर की कीमतें?

कमोडिटी एक्सपर्ट और केडिया कैपिटल सर्विसेज के प्रमुख अजय केडिया के अनुसार, ग्लोबल सप्लाई की चिंताओं के कारण कॉपर की कीमतें रेकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंची हैं। कॉपर $13,300 प्रति टन से ऊपर के अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है और यह बढ़ोतरी इस साल ग्लोबल सप्लाई में कमी के आसार के चलते है। केडिया ने बताया कि खदानों में रुकावट और रिफाइंड कमी का अनुमान 2026 में लगभग 3,30,000 टन है। इधर US टैरिफ की धमकियों से शिपमेंट की फ्रंट-लोडिंग हो रही है, जिससे दूसरी जगहों पर उपलब्धता कम हो रही है। स्ट्रक्चरल डिमांड में तेजी है, जैसे EVs, रिन्यूएबल्स, डेटा सेंटर और AI खदानों की सप्लाई ग्रोथ से ज्यादा तेजी से डिमांड बढ़ा रहे हैं।

### 'अब कॉपर बनने जा रहा अगली रैली का हीरो'

आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड (ARSSB) में कमोडिटीज, करंसी और GIFT IFSC के डायरेक्टर नवीन माथुर कहते हैं कि 2025 में कॉपर में जो तेजी दिखी, वह कोई अचानक आई हुई शॉर्ट-टर्म रैली नहीं, बल्कि मार्केट में हो रहे बड़े और स्ट्रक्चरल बदलावों का नतीजा है। कॉपर की कीमतें आज अपने रिकॉर्ड हाई लेवल के आसपास चल रही हैं, क्योंकि बाजार को सच में सप्लाई की कमी महसूस हो रही है।

2025 की शुरुआत से लंदन मेटल एक्सचेंज (LME) के गोदामों में रखे कॉपर का स्टॉक लगभग 48% घट चुका है। दूसरी तरफ, इलेक्ट्रिफिकेशन, इलेक्ट्रिक वाहन, पावर ग्रिड और AI डेटा सेंटर जैसे सेक्टरों में कॉपर की मांग लगातार बढ़ रही है। यानी, एक तरफ मांग तेज है और दूसरी तरफ सप्लाई बढ़ नहीं पा रही। नई खदानें बहुत कम खुल रही हैं, पुराने खदानों से निकलने वाले अयस्क की क्वालिटी घट रही है और खदानें शुरू करने में कई साल लग जाते हैं। इसी वजह से मार्केट टाइट हो गया है।

### मौजूदा निवेशक क्या करें?

- अजय केडिया का कहना है कि अभी के हालात में बेहतर रणनीति यह है कि कॉपर को होल्ड करें, लेकिन साथ-साथ रिस्क मैनेजमेंट का ध्यान भी रखें।
- पूरा पैसा एक साथ नहीं लगाए रखें और समय-समय पर आंशिक प्रॉफिट बुक करते रहें।
- फिलहाल कॉपर से निकलने की कोई जल्दी न दिखाएं।
- आने वाले समय में कॉपर की मांग मजबूत रहने की उम्मीद है। मीडियम टर्म के लिए इसका आउटलुक पॉजिटिव है।
- अगर कॉपर की कीमत $13,000 प्रति मीट्रिक टन से ऊपर चली जाती है, तो निवेशक थोड़ा-थोड़ा करके प्रॉफिट निकाल सकते हैं।

### नए निवेशक क्या करें?



- अगर आप शुरुआती निवेशक हैं, तो MCX ट्रेडिंग से शुरुआत न करें। ETF या फंड बेहतर रहेगा।
- अच्छी क्वालिटी के मेटल/माइनिंग शेयर भी ले सकते हैं।
- डीमैट अकाउंट हो तो ETF चुनें।
- 2 साल नहीं, कम से कम 3-5 साल का लक्ष्य रखें।
- एकदम बड़ा पैसा न लगाएं, धीरे-धीरे SIP जैसी सोच रखें।

www.nbt.in **NBT GOOD न्यूज़**

# पलकें झपकाएगा, सूंड से पानी भी छिड़केगा... रोबॉटिक हाथी की ग्रैंड एंट्री

Pritambhara.Prakash@timesofindia.com

■ केरल के त्रिशूर जिले के श्री बाला सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर में जब एक सुबह हवा में घंटियों की लय घुल जाती है और चंदन की महक बहने लगती है, तभी सामने से एक विशाल काया धीरे-धीरे हरकत में आती है। उसके बड़े कान धीरे-धीरे हिलते हैं, आंखें झपकती हैं, पूंछ लहराती है और सूंड से पानी की महीन बौछार निकलती है। यह है पेरुकुन्नू कार्तिकेयन - मंदिर का पहला रोबॉटिक हाथी।

अब इस मंदिर में अब पूजा और तमाम रस्में इसी हाथी के जरिए होंगी। पेरुकुन्नू कार्तिकेयन करीब तीन मीटर ऊंचा और लगभग 500 किलो वजनी है। इसे रबर, फाइबर, मेटल, मेश, फोम और स्टील से बनाया गया है। इसके अंदर लगे पांच मोटर सिर, कान, आंखें और पूंछ हिलाने के साथ-साथ सूंड उठाने और पानी छिड़कने में सक्षम हैं। बिजली से चलने वाला यह हाथी प्लग इन करने पर तुरंत काम करने लगता है और पहियों के सहारे मंदिर के भीतर आसानी से इधर-उधर ले जाया जा सकता है। इसके ऊपर चढ़ने की सुविधा भी है, जिससे बच्चे और श्रद्धालु इसके करीब जाकर इसे महसूस कर सकते हैं। एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने PETA इंडिया के साथ मिलकर रोबॉटिक हाथी को मंदिर को भेंट किया। भूमि ने कहा कि हर जीव को आजादी का अधिकार है। पेरुकुन्नू कार्तिकेयन के आने से मंदिर की परंपरा भी निभी और असली हाथियों को उनके प्राकृतिक घरों में रहने का मौका मिला, जिसके वे हकदार हैं।



**लोगों के बने फेवरेट।** PETA इंडिया की डायरेक्टर, एडवोकेसी प्रोजेक्ट्स, खुशबू गुप्ता ने बताया कि साल 2023 में मिकैनिकल हाथियों का इस्तेमाल शुरू किया गया। मंदिरों को यह 19वां रोबॉटिक हाथी मिला है। जो मंदिर ये हाथी अपनाते हैं, वे PETA के साथ एक समझौता करते हैं कि अब कभी असली हाथी नहीं रखेंगे, न ही किराए पर लेंगे।





कलाकार प्रशांत पुथुवेलिल और उनकी टीम अब तक 100 से भी अधिक मशीनी हाथी बना चुकी है

### करुणा और आस्था

केरल के कलाकार **प्रशांत पुथुवेलिल** और उनकी टीम अब तक 100 से अधिक मशीनी हाथी बना चुके हैं। ये हाथी पारंपरिक सोने जैसी पोशाक, फूलों की मालाएं और रंग-बिरंगी सजावट से सजे होते हैं। प्रशांत कहते हैं कि यह मिकैनिकल हाथी केवल मशीन नहीं, बल्कि करुणा, परंपरा और जिम्मेदारी का प्रतीक है। असली हाथियों को अब तेज धूप, शोर और लंबी परेड का सामना नहीं करना पड़ता। पहले उन्हें घंटों भीड़ और आतिशबाजी में जकड़ा जाता था, जिससे खतरा बढ़ता था। अब मिकैनिकल हाथियों की वजह से पूजा और रस्में सुरक्षित हो गई हैं। हेरिटेज एनिमल टास्क फोर्स के अनुसार, पिछले 15 साल में केरल में हाथियों के हमलों में 526 मौतें हुईं। मिकैनिकल हाथियों ने असली हाथियों को आजादी और सुरक्षा दी है।

# स्टूडेंट्स ने बनाई चलती-फिरती लैब, जंग के मोर्चे पर ही तैयार कर देगी ड्रोन




- युद्ध के मोर्चे पर तैनात रहकर ही एक महीने में तैयार कर सकती है 100 से अधिक FPV ड्रोन
- महज 20 साल की उम्र के दो छात्रों ने 15 से 20 दिनों के भीतर तैयार कर लैब सेना को सौंपा

Nirupa.Vatyam@timesgroup.com

■ हैदराबाद: बिट्स पिलानी हैदराबाद कैंपस के एक हॉस्टल रूम से शुरू हुए स्टार्टअप अवेलियन डायनेमिक्स ने भारत की ड्रोन युद्धक क्षमता बढ़ाई है। स्टार्टअप ने सेना के लिए चलती-फिरती मोबाइल ड्रोन लैब विकसित की, जो युद्ध के मोर्चे पर रहकर एक महीने में 100 से अधिक FPV ड्रोन तैयार कर सकती है। यह ड्रोन निगरानी और सामरिक ऑपरेशंस में अहम भूमिका निभाते हैं। महज 20 साल के दो छात्रों ने इसे 15-20 दिनों में तैयार कर सेना को सौंपा। लैब फिलहाल जम्मू में पूरी तरह ऑपरेशनल है और सेना को उपयोग व निर्माण का प्रशिक्षण भी दिया गया। यह यूनिट ट्रक के पीछे तैयार की गई है, जिसमें 3डी प्रिंटर, असेंबल इकाइयां और ग्राउंड स्टेशन हैं। अब सेना ड्रोन असेंबलिंग, मरम्मत और मिशन के लिए तुरंत तैयार रह सकती है।

### सैनिक सीखते हैं ड्रोन असेंबल करना

स्टार्टअप ने जम्मू के रेजिमेंट परिसर में एक ड्रोन लैब बनाने में सेना की मदद की है। यहां उपकरणों का भंडारण, असेंबलिंग, प्रशिक्षण, रखरखाव किया जाता है। अवेलियन के सीईओ उज्ज्वल खत्री के अनुसार, यह लैब यूनिट के साथ मिलकर मजबूत व्यवस्था बनाती है। सीटीओ सौर्य चौधरी कहते हैं, इससे ड्रोन निर्माण सीधे सैनिकों के हाथों में आता है, वे खुद असेंबल और मेंटेन करना सीखकर युद्ध की जरूरत के अनुसार बदलाव कर सकते हैं।





### सेना ने भी दी शाबाशी

सेना की ओर से भेजे गए प्रशंसा पत्र में कहा गया है कि लैब ने गुणवत्ता और प्रदर्शन के मानकों को पूरा किया है, जिससे FPV ड्रोन की असेंबलिंग, सोल्डरिंग और प्रोग्रामिंग संभव हो पाई। कंपनी की पेशेवर कार्यशैली, तकनीकी दक्षता और प्रतिबद्धता की सराहना की गई है।




TIMES interact — Connecting People, Connecting Needs

To book your ad Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) Scan QR Code

**बिजनेस**

**बिजनेस प्रस्ताव**

**PREMIUM EUROPEAN COATING RESINS/ ADDITIVES**

We can offer a diverse range of high-performance materials regularly at low prices, including:
- Waterborne Polyurethane Dispersions
- Acrylic Polyols
- Alkyds & Epoxies
- Functional Monomers & Crosslinkers

Please contact: Euro Exim Limited Manchester (UK) Email: sales@euroeximlimited.co.uk

**NA PRIME PLOT AVAILABLE FOR LEASE**

18 Acres Freehold Prime Land (FSI - 1.80) situated at NH-8, Near Fountain Hotel, Ghodbunder Road Junction (8 kms from Dahisar Toll Naka)

Ideal for Warehousing, Studios & other Non-Polluting Projects

GENUINELY INTERESTED PARTIES MAY SEND IN THEIR EXPRESSION OF INTEREST ALONG WITH PROFILE WITHIN 10 DAYS TO

contact.sktph@gmail.com or 9167429886 (WhatsApp)

**व्यक्तिगत**

**नाम परिवर्तन**

I, Ratan Bai Mother of Deshmukh Narayan Kakasaheb r/o 65, Matephal, Latur, M.H- 413510 have changed my name from Ratan Bai to Ratanbai Kakasaheb Deshmukh vide aff. No. 59AB865296 dt. 10/01/2026 at Nashik

I, Kaka Saheb Father of Deshmukh Narayan Kakasaheb r/o 65, Matephal, Latur, M.H- 413510 have changed my name from Kaka Saheb to Kakasaheb Raosaheb Deshmukh vide aff. No. 59AB865295 dt. 10/01/2026 at Nashik

I, Inamdar Kulsum Budhan Mother of Inamdar Shameer Budhan r/o Karanjakhele Mala, Dhamani, Pune, M.H- 410508 have changed my name from Inamdar Kulsum Budhan to Kulsum Budhan Inamdar vide aff. No. 59AB865291 dt. 10/01/2026 at Nashik

I, Kumari Rajshree Balasaheb Wife of Surve Rahul Vijay r/o Khadki, Chindhavali, Wai, Bhuinj, Satara, M.H-415515 have changed my name from Kumari Rajshree Balasaheb to Rajashree Rahul Surve vide aff. 46AB196187 dt. 25/11/2025 at Wai

I, Rabita Chanu Wife of Randhan Singha r/o Bantarapur, Sundari, PT III, Cachar, Sundari, Assam - 788099 have changed my name from Rabita Chanu to K Rabita Chanu vide aff. No. 59AB864755 dt. 09/01/2026 at Nashik

THE TIMES OF INDIA

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

**भर्ती**

**भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति**

**अकादमिक**

**शिक्षक**

REQ Computer Teacher knowing MSOffice, basics for a primary section school in Thane, Dockyard, Goregaon. Tel : 98205 20034

NEED Sales Associates for selling Industrial Chemicals all across India. Fresh and experienced both are welcome. We are looking for long term Associates and package shall be as industry norms Please email on silicon535@gmail.com or Call : 9324400000

**प्रशासन**

**कार्यालय सहायक**

REQUIRED Smart / Well spoken office Executive for a Property Consultant based in 7 Bungalow, Andheri W. Salary 25K to 30K Call 9136618566

**अन्य रिक्तियां**

**एकाधिक रिक्तियां**

सिक्यूरीटी गार्ड, सिक्यूरीटी सुपरवाइज़र और हाउसकीपिंग चाहिये. संपर्क: 115 - सिना कॉम्पलेक्स, Opp. नाचणी स्टील, विद्याविहार (वेस्ट) 9867202170 / 9920633611

**रिक्त पद**

FINEOTERIC Consulting Pvt Ltd hiring 10 loan industry experienced Telle-callers (M/F), HSE+Age 18-40 Salary as per last package & exp.+ incentives. Borivali West Vishal Sable :8976711149

**विपणन, विज्ञापन और बिक्री**

**बिक्री**

गोरेगांव (ई) में डीएमए (स्पेन) फर्म को आउटडोर सेल्स प्रमोशन के लिए सेल्स एग्जीक्यूटिव चाहिए। फ्रेशर्स भी अप्लाई कर सकते हैं। पेमेंट हर हफ्ते @ 750 - 1000 रुपये प्रति दिन (अनुभव के आधार पर)। संपर्क करें: 9664066052/ bwaho2005@gmail.com ऑफिस बॉय चाहिये, मंथली सैलरी पर (उम्र - 35 साल तक, हाई स्कूल पास) संपर्क : 9833478330

**सेवाएं**

**TIFFIN SERVICES**

रेवाना 800 टिफिन जाते हैं पूरे मुंबई में. 65 या उससे अधिक की उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को दोपहर का निःशुल्क टिफिन पहोचाया जायेगा, श्रीमती कुमुद हितेश चुनीलाल पोपटलाल गुटका प्रभारकी 8819006404 केवल व्हाट्सएप (फोन नहीं)

**टेंडर और नोटिस**

**निविदाएं (टेंडर्स)**

**TENDER NOTIFICATION**

SOFITEL MUMBAI BKC

Sealed tenders are invited for the supply of the below mentioned categories to Sofitel Mumbai BKC, for the period of twelve months commencing from 1st April, 2026 to 31st March, 2027.
1 Breads & Bakery Products
2 Chapati ( Fresh )
3 Fruits Local & Imported
4 Vegetables (Local)
5 Vegetable Exotic (Local & Imp.)
6 Milk & Milk Products
7 Kulfi and Falooda
8 Indian Sweets & Snacks
9 Canned Products (Local)
10 Canned Products (Imported)
11 Grocery & Pulses
12 Nuts & Dry Fruits
13 Spices
14 Cheese Local & Imp.
15 Meats & Cold Cuts Imp.
16 Fresh Eggs (A-Grade) & Cage Free Eggs
17 Chicken (Fresh)
18 Fish & Seafood Local (Fresh)
19 Prawns IQF-ASC & MSC Certified Only
20 Mutton & Lamb Products (Fresh)
21 Frozen Food Products (Only American Corn & Green Peas)
22 Nachos and Tacos
23 Noodles ( Fresh )
24 Pan & Mukhwas
25 Juices ( Fresh )
26 Fuel Gel - Tin Can
27 Charcoal - A Grade
28 Chemicals - Cleaning
29 General Supplies
30 Housekeeping Supplies (Dry Amenities)
31 Garbage Bags & LD Bags (Eco Friendly - Compostable & Biodegradable)
32 Office Stationery (Non-Printing)
33 Engineering Spares & Supplies

Tender Forms and relevant specifications are available in the Purchase Manager's Office, Sofitel Mumbai BKC, C-57, G Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai - 400051 with a payment of INR 3,000/- each category (Non-Refundable). Rates must be inclusive of delivery charges. Sealed tenders must be addressed to 'The Purchase Committee'. The Purchase Committee reserves the right to accept / reject the tenders in full or in part without assigning any reasons whatsoever. The last date of receipt of sealed tenders is 30th January, 2026 at 4:00 p.m.

TO ADVERTISE IN THIS SECTION CALL JITESH DOMINIC: 9867407521

TO ADVERTISE IN THIS SECTION CALL JITESH DOMINIC: 9867407521

TIMES interact SPECIAL

Starting from 2 Crores & Above
- Secured
- Unsecured
- Take over Loan
- Project Loan
- NPA Resolution Assistance

Attractive Rate of Interest

EVER GREEN GLOBAL

DSA Agencies & Consultant - Welcome

7845074199 info@evergreenglobal.in www.evergreenglobal.in

BOOK YOUR TENDER/NOTICE ADS

FOR BOOKING PLEASE CONTACT Jitesh Dominic 9867 407 521

TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com

SCAN TO BOOK

EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE

TO ADVERTISE IN THIS SECTION CALL JITESH DOMINIC: 9867407521

**PROPERTY FOCUS**

GLOBAL STANDARD GRADE- A LIGHT INDUSTRIAL/ DISTRIBUTION FACILITY AT BANGALORE FOR LEASE


SIZE & LOCATION
- Floor Area 240,000 sq.ft (Leasable 275,000 sq.ft)
- KIADB Narasapura Industrial Area, Bangalore
- On the Bangalore - Kolar - Chennai NH 75 highway

FEATURES
- Brand new Self- Contained & Immediately Available.
- 60 - foot -wide approach road.
- 375 KVA power with transformer & DG bay.
- Environmental Compliance , STP, Land scaping.
- Fire Protection System, FM2 grade Flooring, Offices, LED Lighting, & Provision for Solar.
- Truck Parking Spaces & Driver's Rest Room.

For details call / WhatsApp at + 91 9686126375

# Enterटेनमेंट masalamix

# 'हर फिल्म मेरे लिए खुद को नए तरीके से पेश करने का मौका'



आशुतोष राणा

**'हर आदमी में होते हैं दस–बीस आदमी' निदा फाजली के इन शब्दों के साथ आशुतोष राणा ने अपने मन की बात कही। उन्होंने कहा कि हर फिल्म उनके लिए खुद को तोड़कर फिर से नया बनाने का मौका होती है। हाल ही में दिल्ली आए आशुतोष राणा ने हमसे की बातचीत:**

Saroj.Dhulia@timesofindia

आशुतोष राणा ने अपने करियर की ज्यादातर फिल्मों में विलेन का किरदार निभाया है। लेकिन नई फिल्म वन टू चा चा चा में वह कॉमिक रोल में हैं। यह बदलाव कैसे आया? इसके जवाब में वह कहते हैं, 'यह एक बिल्कुल अलग तरह की फिल्म है। कॉमेडी, ड्रामा और हल्का-फुल्का एक्शन, सब कुछ साथ में। कहानी चाचा और उनके तीन भतीजों के इर्द-गिर्द घूमती है। सच कहूं तो मुझे किरदार दोहराना कभी पसंद नहीं रहा। अगर आप मेरा पूरा करियर देखें, तो पाएंगे कि मैंने नेगेटिव रोल्स भी किए हैं, लेकिन एक ही तरह का रोल दोबारा नहीं निभाया। संघर्ष के बाद मैंने फिर कभी रेपिस्ट का किरदार नहीं किया। इसी तरह दुश्मनी जैसे संघर्ष में यकीन करने वाले किरदार को भी दोहराया नहीं। शबनम मौसी में मैं बिल्कुल अलग था। सोनचिड़िया का विरेंद्र सिंह गुज्जर, मुल्क का संतोष आनंद और सिंबा का मिल्खानंद मोहिले, ये सभी किरदार एक-दूसरे से बिल्कुल अलग हैं। मेरे लिए हर फिल्म एक नया अनुभव होती है, खुद को तोड़कर फिर से नया बनाने का मौका। मैं चाहता हूं कि जो भी किरदार निभाऊं, वह लोगों की यादों में बना रहे।

## 'कृष्ण का रोल निभाने की चाहत'

रावण के किरदार के बाद आशुतोष अब कृष्ण बनना चाहते हैं। वह कहते हैं, 'रावण का किरदार मैं कर चुका हूं। अब कृष्ण का रोल करना चाहता हूं। वे सिर्फ भगवान नहीं हैं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाले महान विचारक भी हैं। इसके अलावा चाणक्य और कर्ण जैसे पात्र मेरे बहुत करीब हैं। ये हमारे इतिहास और संस्कृति के ऐसे चरित्र हैं जो आज भी समाज को बहुत कुछ सिखाते हैं। इन्हें निभाना सौभाग्य की बात होगी।'


## रामायण पर दस फिल्में बनें तो भी कम

आशुतोष राणा का कहना है कि रामायण जैसी विराट कथा पर दस फिल्में भी कम पड़ जाएंगी। वह कहते हैं, 'भगवान की कृपा से सिर्फ 14 महीनों में हमने 260 शो कर लिए हैं और 16 राज्यों तक पहुंचे हैं। कुछ दिन बाद दिल्ली में ही हमारा मंचन है। थिएटर के इतिहास में इतनी कम अवधि में इतने शो होना अपने आप में बड़ी बात है। रामायण इतनी विराट कथा है कि उस पर दस फिल्में भी बनें, तो शायद कम ही लगें। सबसे बड़ी खुशी यह है कि महंगे टिकट होने के बावजूद शो लगातार हाउसफुल जा रहे हैं। दर्शकों से मिला प्रेम फिल्म की सफलता जैसा ही लगता है।

### हिंदी हमें जोड़ती है और जड़ों से जोड़े रखती है

क्या उन्हें नई पीढ़ी के कलाकारों के साथ काम करने में भाषा को लेकर कोई दिक्कत आती है? इसके जवाब में वह कहते हैं, 'मातृभाषा से कभी परेशानी नहीं होती, भले ही कभी-कभी लोगों को मां से ही हो जाए। नई पीढ़ी के कलाकारों के पास भाषा का संस्कार है। हो सकता है कुछ शब्दों में उन्हें दिक्कत हो, लेकिन वे हिंदी को सिर्फ एक भाषा नहीं, बल्कि संस्कृति और संस्कार के रूप में देखते हैं। हिंदी हमें जोड़ती है, सिखाती है और हमारी जड़ों से जोड़े रखती है।

> अब कृष्ण का रोल करना चाहता हूं। वे सिर्फ भगवान नहीं हैं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाले महान विचारक भी हैं।



शबनम मौसी में आशुतोष राणा

NBT स्मृति यादों के चिराग

**आकस्मिक निधन**

।। शोक सभा ।।



(जन्म : 20.12.1972 देवलोकगमन : 08.01.2026)

श्री प्यारेलाल वर्मा (मोरवाल) का वैकुण्ठवास गुरुवार दि. 08.01.2026 को हो गया है।

शोक सभा: सोमवार, दिनांक 12 जनवरी, सायं 4:30 से 6:30 बजे तक स्थान: पहली मंज़िल, गोरानका भवन, जे.बी. नगर, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई

:- शोकाकुल -:
माता-पिता: श्रीमती लीलादेवी-श्री दुर्गाप्रसाद जी
पत्नि : श्रीमती बबीता
पुत्री : प्रियल, स्नेही
भ्राता-भ्रातावधु: लक्ष्मीकांत- जयश्री, मुकेश
ताऊजी: स्व. श्री नथमल जी
चाचाजी: स्व. श्री बनवारीलाल जी, श्री रामावतार जी, श्री परमानन्द जी
भतीजा-भतीजी : पूरव, पूर्वी, प्रियम, विराग, सूर्यांश, मैथिल, दर्शिता, पूर्ती, निशा
फुफाजी : श्री रमेश जी एवं समस्त मोरवाल परिवार
संपर्क: 9820446634-भ्रातागिरीश, 8850099750 लक्ष्मीकांत, 9819346555 अभिषेक, दशरथ, मुकेश, केशांत, विकास, करण

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: JAI SARSAR 9867505472

# पावर रेंजर्स की विलेन रीटा रिपुल्सा के रूप में दिख सकती प्रियंका



बॉलिवुड से लेकर हॉलिवुड तक में अपनी पहचान बनाने वाली प्रियंका चोपड़ा एक बार फिर सुर्खियों में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह आगामी पावर रेंजर्स रीबूट सीरीज में आइकॉनिक विलेन रीटा रिपुल्सा की भूमिका में नजर आ सकती हैं। हालांकि, स्टूडियो की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है लेकिन यह खबर सामने आते ही सोशल मीडिया पर फैंस में उत्साह बढ़ गया है।

'पावर रेंजर्स' 90 के दशक का लोकप्रिय शो रहा है, जिसे अब नए अंदाज में पेश करने की तैयारी है। एक रिपोर्ट के अनुसार, स्टूडियो की विशलिस्ट में प्रियंका का नाम शामिल है। रीटा रिपुल्सा इस फ्रैंचाइज़ी की सबसे चर्चित खलनायिका रही है। अगर रोल प्रियंका को मिलता है तो यह उनके करियर में एक नया और दमदार मोड़ साबित हो सकता है।



प्रियंका पहले भी हॉलिवुड में निगेटिव किरदार निभा चुकी हैं। 2017 की फिल्म 'बेवॉच' में उन्होंने विक्टोरिया लीड्स का रोल किया था, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा था।

# सहज साधना में दिखे विद्युत जामवाल, विडियो वायरल

विद्युत जामवाल ने सोशल मीडिया पर एक ऐसा विडियो साझा किया है, जिसने इंटरनेट पर हलचल मचा दी है। विडियो में अभिनेता बर्फ में खुद को दबाते हुए और फिर एक पेड़ पर चढ़ते नजर आ रहे हैं। यह क्लिप इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई है और तेजी से वायरल हो रही है।

विडियो के साथ विद्युत जामवाल ने लिखा, 'कलारिपयट्टू के प्रैक्टिशनर के रूप में मैं साल में एक बार सहज योग का अभ्यास करता हूं। सहज का मतलब है, नेचुरल सहजता और सहज प्रवृत्ति की स्थिति में लौटना, जिससे प्रकृति और अंदरूनी जागरूकता से गहरा जुड़ाव बनता है।' उन्होंने आगे सहज योग का अर्थ समझाने के साथ अभ्यास से मिलने वाले फायदों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया, 'वैज्ञानिक रूप से यह कई न्यूरोरिसेप्टर्स और प्रोप्रियोसेप्टर्स को सक्रिय करता है, जिससे सेंसरी फीडबैक बेहतर होता है और बैलेंस और को-ऑर्डिनेशन में सुधार होता है। इससे शरीर के बारे में ज्यादा जागरूकता और मानसिक फोकस बढ़ता है। साथ ही प्रकृति से जुड़ाव का गहरा अहसास होता है।'

सोशल मीडिया पर इस विडियो को लेकर कई प्रशंसक उनकी फिटनेस और आत्मविश्वास की जमकर तारीफ कर रहे हैं। बता दें कि विद्युत हाल ही में एआर मुरुगदास की फिल्म मद्रासी में नजर आए थे। इसके अलावा, वह जल्द ही हॉलिवुड की फिल्म स्ट्रीट फाइटर रीबूट में धालसिम की भूमिका निभाते दिखेंगे। इस प्रोजेक्ट में एंड्रयू कोजी, नूह सेंटिनियो और जेसन मोमोआ जैसे कलाकार भी शामिल हैं।

> सहज का मतलब है, नेचुरल सहजता और सहज प्रवृत्ति की स्थिति में लौटना, जिससे प्रकृति और अंदरूनी जागरूकता से गहरा जुड़ाव बनता है।



CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 12-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMARTH User: cci Time: 01-11-2026 22:57 Color:



एक समय था जब मोहम्मद सिराज 2022-23 में वनडे फॉर्मेट में दुनिया के नंबर-1 बोलर थे। अगर उन्हें दोबारा से लगातार मौके दिए जाएंगे तो मुझे पूरा विश्वास है कि वह फिर से नंबर वन बोलर की पोजिशन हासिल कर सकते हैं। -इरफान पठान, पूर्व पेसर, भारत



**104.70**

के स्ट्राइक रेट से 13* मैचों में 623 रन बनाए हैं भारत के शुभमान गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ ODI मैचों में। यह दोनों देशों के बीच इस फॉर्मेट में कम से कम 500 रन बनाने वाले बल्लेबाजों में सर्वाधिक स्ट्राइक रेट है

## स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. टेनिस प्लेयर आरिना सबालेंका ने अपने करियर में कुल कितनी WTA ट्रॉफी जीती है?
A) 25 B) 18 C) 27 D)22

2. आन से यंग किस देश की जानी-मानी बैडमिंटन प्लेयर है?
A) जापान B) साउथ कोरिया C) मलयेशिया D) थाईलैंड

**कल के जवाब**
1. B) माइकल ब्रेसवेल 2. D) जवागल श्रीनाथ

**लकी WINNER**



1. शेखर सिंघानिया, गाजियाबाद, यूपी
2. राजेश्वर शर्मा, विकास पुरी, दिल्ली
3. खालिद नसीम, कल्याणपुर, लखनऊ

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### यंग ने जीता खिताब

■ **कुआलालंपुर:** दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी साउथ कोरिया की आन से-यंग ने चीन की वांग झीयी को 21-15, 24-22 से हराकर विमिंस सिंगल्स में लगातार तीसरा मलयेशिया ओपन खिताब अपने नाम किया। मेंस सिंगल्स में थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसर्न ने फाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी शी यूकी के चोट के कारण मैच से हटने के बाद खिताब अपने नाम किया।

### दूसरे पर रहे मोर्टारा

■ **मेक्सिको सिटी:** एडुआर्डो मोर्टारा ने इलेक्ट्रिक रेसिंग सीरीज के दूसरे दौर में रविवार को यहां दूसरा स्थान हासिल कर महिंद्रा रेसिंग को मौजूदा फॉर्मूला-ई सीजन का पहला पोडियम स्थान दिलाया। इस भारतीय टीम के दूसरे ड्राइवर निक डी व्रीज हालांकि रेस पूरी नहीं कर सके।

कोहली ने खेली 93 रन की पारी जिससे भारत ने पहले वनडे में न्यूजीलैंड पर दर्ज की 4 विकेट से जीत

# नए साल में भी 'विराट शो' जारी



व्हाइट बॉल चैलेंज

अपनी पारी के दौरान विराट कोहली

■ **एजेंसियां, वडोदरा:** भारतीय टीम 22 दिन के ब्रेक के बाद मैदान पर थी। ब्रेक से पहले पिछले साल साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में विराट कोहली ने दो शतक लगाए थे। ब्रेक के बाद नए साल में भी विराट उसी लय में नजर आए, हालांकि वह शतक से महज सात रन से चूक गए लेकिन एक बार फिर टीम इंडिया की जीत के नायक जरूर बने। उन्होंने वडोदरा के नए मैदान पर 93 रन की आकर्षक पारी खेली जिसकी बदौलत भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे मुकाबले में चार विकेट से जीत हासिल कर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली।

न्यूजीलैंड ने डेरिल मिचेल (84), हेनरी निकोल्स (62) और डेवोन कॉन्वे (56) के अर्धशतकों की मदद से आठ विकेट पर 300 रन बनाए। इससे पहले सिर्फ एक बार ही साल 2010 में बेंगलुरु में खेले गए वनडे में भारत न्यूजीलैंड के खिलाफ 300 प्लस के टारगेट को हासिल कर पाया था। यानी चुनौती मुश्किल थी लेकिन टॉप फॉर्म में चल रहे विराट और चोट के बाद वापसी कर रहे कप्तान शुभमान गिल व श्रेयस ने अपनी शानदार पारियों से इसे आसान बना दिया। विराट ने 44 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। पिछले पांच वनडे मैचों में यह उनकी पांचवीं फिफ्टी प्लस पारी थी। वापसी कर रहे शुभमान ने 71 गेंद पर 56 रन की सूझबूझ भरी पारी खेली, वहीं श्रेयस ने 47 गेंद पर आक्रामक 49 रन बनाए जिसमें चार चौके और एक छक्का शामिल रहा। विराट-गिल के बीच 118 रन की और विराट-श्रेयस के बीच 77 रन की साझेदारी हुई। इन तीनों के आउट होने के बाद भारत ने फटाफट कुछ और विकेट गंवा दिए, जिससे भारतीय खेमे में हलचल बढ़ गई। लेकिन केएल राहुल (नॉट आउट 29 रन) और हर्षित राणा (29) ने आखिरी में 37 रन की अहम साझेदारी करके टीम की जीत पक्की कर दी। राहुल ने लगातार दो चौके और एक छक्का लगाकर भारत को छह गेंद शेष रहते 306 के टोटल तक पहुंचा दिया।

**गिल ने की सतर्क शुरुआत:** लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने रोहित शर्मा (26) का विकेट जल्दी गंवा दिया। लेकिन फिर कप्तान शुभमान और विराट ने पारी को संवारा। विराट पूरे अटैकिंग मोड में नजर आए। वह क्रीज पर आते ही 20 गेंद पर छह चौकों की मदद से 27 रन पर पहुंच गए। गिल ने सतर्क शुरुआत की। उन्होंने 27 गेंद पर 13 रन बनाए, लेकिन आंखें जमने के बाद उन्होंने भी पारी तेज की और 46 गेंद पर 36 रन पर पहुंच गए।

**मिचेल ने संभाला एक छोर:** विराट और रोहित के बाद वर्ल्ड रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज डेरिल मिचेल उम्मीदों पर खरे उतरे जिससे न्यूजीलैंड की टीम मध्य क्रम के लड़खड़ाने के बावजूद उबरने में सफल रही। कॉन्वे और निकोल्स ने आदर्श शुरुआत कराई लेकिन न्यूजीलैंड का मध्य क्रम इसका फायदा उठाने में विफल रहा। इसके बाद मिचेल ने 71 गेंद की पारी के दौरान पांच चौके और तीन छक्के लगाए।

### यहां भी सबसे तेज विराट

भारतीय बल्लेबाजी के दिग्गज विराट कोहली ने रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे कम पारियों में 28,000 रन पूरे करने वाले खिलाड़ी बनने का रेकॉर्ड बनाया। इसके साथ ही वह दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए। सर्वाधिक इंटरनैशनल रन के मामले में अब उनसे आगे केवल सचिन तेंडुलकर हैं। विराट ने अपनी 624वीं पारी में यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने यह उपलब्धि न्यूजीलैंड के लेग स्पिनर आदित्य अशोक की गेंद पर चौका जड़कर पूरी की। तेंडुलकर ने 644वीं पारी में यह आंकड़ा छुआ था, जबकि श्रीलंका के दिग्गज कुमार संगकारा, जो 28,000 रन क्लब में शामिल तीसरे खिलाड़ी हैं, ने 666वीं पारी में यह कारनामा किया था। 37 वर्षीय विराट इस मैच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कुल 27,975 रन बनाकर उतरे थे। तेंडुलकर ने 782 पारियों में 34,357 रन बनाए हैं, जबकि संगकारा ने 666 पारियों में 28,016 रन बनाए। फरवरी 2023 में कोहली 25,000 रन तक पहुंचने वाले सबसे तेज बल्लेबाज बने थे, जब उन्होंने 549 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। अक्टूबर 2023 में विराट ने 26,000 रन का आंकड़ा भी सबसे तेजी से पार किया। सितंबर 2024 में उन्होंने अपनी 594वीं पारी में 27,000 रन पूरे किए थे।

**16** फिफ्टी प्लस पारियां खेली हैं विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में। ये सर्वाधिक हैं। सचिन तेंडुलकर (13) लिस्ट में दूसरे स्थान पर हैं

**100** प्लस की पार्टनरशिप की न्यूजीलैंड के ओपनर्स ने जोकि 27 सालों में भारत में भारत के खिलाफ वनडे मैच में पहले विकेट के लिए उसकी सेंचुरी पार्टनरशिप है

### इंटरनैशनल क्रिकेट में सर्वाधिक रन

| रन | प्लेयर |
|---|---|
| 34357 | सचिन तेंडुलकर |
| 28068 | विराट कोहली |
| 28016 | कुमार संगकारा |
| 27483 | रिकी पोंटिंग |
| 25957 | माहेला जयवर्धने |
| 25534 | जाक कालिस |
| 24208 | राहुल द्रविड़ |
| 22358 | ब्रायन लारा |

### स्कोरकार्ड

**न्यूजीलैंड:** डेवोन कॉन्वे बो राणा 56, हेनरी निकोल्स कॉ राहुल बो राणा 62, विल यंग कॉ राहुल बो सिराज 12, डेरिल मिचेल एलबीडब्ल्यू बो प्रसिद्ध कृष्णा 84, ग्लेन फिलिप्स कॉ श्रेयस बो कुलदीप 12, मिचेल हे बो कृष्णा 18, माइकल ब्रेसवेल रन आउट 16, जाक फोक्स बो सिराज 1, क्रिस्टियन क्लार्क नॉट आउट 24, काइल जेमीसन नॉट आउट 8 **एक्स्ट्राज:** 7 **टोटल:** 50 ओवर में आठ विकेट पर 300 रन **विकेट:** 1-117, 2-126, 3-146, 4-170, 5-198, 6-237, 7-239, 8-281 **बोलिंग:** मोहम्मद सिराज 8-0-40-2, हर्षित राणा 10-0-65-2, वॉशिंगटन सुंदर 5-0-27-0, प्रसिद्ध कृष्णा 9-0-60-2, कुलदीप यादव 9-0-52-1, रविंद्र जाडेजा 9-0-56-0

**भारत:** रोहित शर्मा कॉ ब्रेसवेल बो जेमीसन 26, शुभमान गिल कॉ फिलिप्स बो अशोक 56, विराट कोहली कॉ ब्रेसवेल बो जेमीसन 93, श्रेयस अय्यर बो जेमीसन 49, रविंद्र जाडेजा कॉ क्लार्क बो जेमीसन 4, केएल राहुल नॉट आउट 29, हर्षित राणा कॉ हे बो क्लार्क 29, वॉशिंगटन सुंदर नॉट आउट 7 **एक्स्ट्राज:** 13 **टोटल:** 49 ओवर्स में छह विकेट पर 306 रन **विकेट:** 1-39, 2-157, 3-234, 4-239, 5-242, 6-279 **बोलिंग:** काइल जेमीसन 10-1-41-4, जाक फोक्स 10-0-49-0, आदित्य अशोक 6-0-55-1, क्रिस्टियन क्लार्क 10-073-1, माइकल ब्रेसवेल 8-0-56-0, ग्लेन फिलिप्स 4-0-21-0, डेरिल मिचेल 1-0-7-0

## कलिंगा लांसर्स जीत के साथ टॉप पोजिशन पर



लांसर्स ने शूटआउट में HIL-GC को 3-1 से दी शिकस्त

हॉकी इंडिया लीग

■ **एजेंसियां, रांची:** वेदांता कलिंगा लांसर्स ने मेंस हॉकी इंडिया लीग (HIL) में रविवार को HIL-GC को कड़ी टक्कर के बाद शिकस्त दी। नियमित समय में मुकाबला 1-1 की बराबरी पर खत्म हुआ, जिसके बाद शूटआउट में लांसर्स ने 3-1 से जीत दर्ज की। मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले गए इस मैच में नियमित समय में वेदांता कलिंगा लांसर्स के लिए अजीत यादव (19वें मिनट), जबकि HIL-GC के लिए अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स (23वें मिनट) ने गोल किए। खास बात यह रही कि पूरे मैच में लांसर्स ने एक भी पेनल्टी कॉर्नर नहीं गंवाया। इस जीत के साथ लांसर्स अंक तालिका में टॉप पोजिशन पर पहुंच गई।

दूसरे क्वॉर्टर में HIL-GC ने अजीत यादव के गोल की बदौलत अपने पहले ही शॉट को गोल में बदलकर बढ़त बना ली। लांसर्स ने तुरंत जवाब देने की कोशिश की और कुछ ही मिनटों में गोल पर दो शॉट और छह पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। अंततः अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स ने हाफ टाइम तक बराबरी का गोल दागा। अंतिम क्वॉर्टर में दोनों टीमें जीत के लिए पूरा जोर लगाती रहीं लेकिन कोई भी टीम कामयाब नहीं रही।

शूटआउट बेहद रोमांचक रहा जहां दोनों गोलकीपरों ने शानदार प्रदर्शन किया। अपनी-अपनी पहली कोशिश में गोल खाने के बाद जेम्स मार्जोरेलो और नेड स्नोडेन ने अगले दो शूटरों को रोक दिया। लांसर्स के लिए आर्थर वान डोरेन ने संयम दिखाते हुए गोल किया, जबकि HIL-GC के अजीत यादव चूक गए। इसके बाद दिलप्रीत सिंह ने निर्णायक गोल दागकर लांसर्स के लिए जीत पक्की कर दी।

## पहले वनडे में बांग्लादेश के अंपायर ने भी निभाई ड्यूटी

बांग्लादेश वेन्यू विवाद



शरफुद्दौला इब्ने थे टीवी अंपायर

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) और टी20 विश्व कप विवाद के बीच एक नया घटनाक्रम सामने आया है, जिसने कई लोगों की भौंहें चढ़ा दी हैं। वडोदरा में भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए पहले वनडे के दौरान बांग्लादेश के अंपायर शरफुद्दौला इब्ने शाहिद सैकत भी अंपायरिंग पैनल में शामिल थे। मैच में बांग्लादेश के शरफुद्दौला बतौर टीवी अंपायर मौजूद थे। वह ICC द्वारा नियुक्त अधिकारी हैं और बिना किसी रुकावट या परेशानी के अपना काम कर रहे हैं।

यह सब ऐसे समय में हुआ है, जब BCB आगामी टी20 वर्ल्ड कप में सुरक्षा का हवाला देकर अपनी टीम के मैचों को भारत से बाहर कराने का आग्रह ICC से कर रहा है। जहां तक टी20 वर्ल्ड कप की बात है, शरफुद्दौला के अलावा बांग्लादेश के गाजी सोहेल भी टूर्नामेंट के दौरान अंपायरिंग टीम का हिस्सा होंगे।

## डोनाल्ड को है भरोसा- विराट ज़रूर खेलेंगे वर्ल्ड कप में

एक्सपर्ट की राय



एलन डोनाल्ड

■ **एजेंसियां, केपटाउन:** साउथ अफ्रीका के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज एलन डोनाल्ड ने माना कि विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से थोड़ी जल्दी संन्यास लिया, लेकिन उनका कहना है कि इस भारतीय स्टार बल्लेबाज में इतनी भूख और जुनून है कि वह 2027 के वनडे वर्ल्ड कप तक खुद को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बनाए रखेंगे। डोनाल्ड ने आईपीएल 2014-15 सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का बोलिंग कोच रहते हुए कोहली के साथ काम किया है।

उन्होंने कोहली के वर्क इथिक्स पर जोर देते हुए कहा, 'आप जानते हैं, मैंने फिटनेस और खेल को लेकर जज्बे के मामले में किसी खिलाड़ी में विराट जितनी भूख नहीं देखी। मेरे मन में उनके लिए बेहद सम्मान है। वह खुद को फिट रखने के मामले में चैंपियन है। कोई भी उनके जितना मेहनत नहीं करता। वह किसी मशीन की तरह है। मुझे वाकई टेस्ट मैचों में उनकी कमी महसूस होती है। उन्होंने थोड़ा जल्दी संन्यास लिया, लेकिन संदेह नहीं कि हम उन्हें वनडे क्रिकेट और वर्ल्ड कप में खेलते हुए देखेंगे।'

मुंबई मैराथन

## इस बार कई एलीट रनर्स करेंगे शिरकत

■ **एजेंसियां, मुंबई:** पिछले चरण के उप विजेता मेरहावी केसेटे (पुरुष वर्ग) और इथियोपिया की मेदिना डेमे आर्मिनो (महिला वर्ग) सहित एलीट ऐथलीट 18 जनवरी को होने वाली टाटा मुंबई मैराथन में हिस्सा लेंगे जो वर्ल्ड ऐथलेटिक्स की गोल्ड लेबल की रोड रेस है। केसेटे पिछले साल दूसरे स्थान पर रहे। वह इस साल प्रबल दावेदारों में शुमार होंगे। उनके अलावा युगांडा से 2023 वर्ल्ड चैंपियन विक्टर किपलांगट, साउथ अफ्रीका के स्टीफन मोकोका और इथियोपिया के बाजेन्यू अम्बारे व टाडू अबाटे डेमे भी हिस्सा लेंगे। पहले तीन स्थान पर रहने वाले प्लेयर्स को क्रमशः 50000, 25000 और 15000 डॉलर की इनामी राशि दी जाएगी।

## सोफी, नंदिनी ने दिखाया दम



सोफी डिवाइन

विमिंस प्रीमियर लीग 2026

■ **एजेंसियां, नवी मुंबई:** सोफी डिवाइन की विस्फोटक 95 रन की पारी से गुजरात जायंट्स ने बड़ा स्कोर खड़ा किया, लेकिन नंदिनी शर्मा की पहली हैटट्रिक और कुल पांच विकेट की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने विमिंस प्रीमियर लीग मुकाबले में रविवार को जायंट्स को 209 रन पर समेट दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात की ओपनर सोफी डिवाइन ने 42 गेंदों में सात चौके और आठ छक्कों की मदद से तूफानी पारी खेली। न्यूजीलैंड की इस बैटर ने महज 25 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। डिवाइन 11वें ओवर में नंदिनी की गेंद पर आउट हुईं। कप्तान एशले गार्डनर ने 26 गेंदों में 49 रन की तेज पारी खेलकर गुजरात को 200 रन के पार पहुंचाया। इसके बाद नंदिनी शर्मा ने यादगार प्रदर्शन पर मुहर लगाई। उन्होंने अंतिम ओवर में चार विकेट झटके।

## सबालेंका, मेदवेदेव का खिताब पर कब्ज़ा

टेनिस राउंड अप



डेनियल मेदवेदेव



आरिना सबालेंका

■ **एजेंसियां ब्रिस्बेन:** दुनिया की नंबर 1 महिला टेनिस खिलाड़ी आरिना सबालेंका ने मार्ता कोस्तयुक को सीधे सेटों में हराकर लगातार दूसरी बार ब्रिस्बेन इंटरनैशनल का खिताब अपने नाम किया जो उनकी कुल मिलाकर 22वीं ट्रॉफी है। वहीं, पुरुष सिंगल्स में रूस के डेनियल मेदवेदेव ने प्रतिद्वंद्वी ब्रैंडन नाकाशिमा को शिकस्त देकर इस ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया।

बेलारूस की आरिना ने सिर्फ एक घंटे 17 मिनट में 6-4, 6-3 से जीत हासिल की। दूसरी ओर, मेंस सिंगल्स के फाइनल में डेनियल मेदवेदेव ने अमेरिका के ब्रैंडन नाकाशिमा को सीधे सेटों में 6-2 7-6 से हराकर खिताब जीत लिया।

### स्वितोलिना ने ऑकलैंड में ट्रॉफी की अपने नाम

**वेलिंगटन:** यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने ऑकलैंड में खेले गए एएसबी क्लासिक में जीत के साथ करियर का 19वां डब्ल्यूटीए टूर खिताब अपने नाम किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वितोलिना ने फाइनल में चीन की सातवीं वरीयता प्राप्त वांग शिनयू को 6-3, 7-6 से हराया। यह 13वीं रैंकिंग की स्वितोलिना का 24 फाइनल मुकाबलों में 19वां खिताब रहा।

## 12 राशियां और आपका दिन

**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
आज के दिन बेहतर होगा कि आप अपने काम में ज्यादा ध्यान दें। दोपहर में किसी कारण आपको खुद पर कंट्रोल करना पड़ सकता है। दिनभर आलस का माहौल रहेगा। आपकी परेशानी का कारण छोटी-मोटी टेंशन है। शाम को घर में अधिक समय बिताने से आपको आराम लगेगा।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
आज दिनभर आपका शेड्यूल काफी बिजी रहेगा। शाम तक अच्छी खबरें मिलेंगी और आप फायदे में भी रहेंगे। प्रोफेशनल मामले में सावधानी बरतने से होने वाले नुकसान को बचाया जा सकता है। इन्वेस्टमेंट के मामले में आज जोखिम उठाया जा सकता है। आज के समय का लाभ उठाएं।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
आज का दिन एक्साइटमेंट से भरा है। दोपहर तक कोई टेलीफोन कॉल के जरिए किसी खास मामले में जानकारी दे सकता है। स्टूडेंट आज ज्यादा से ज्यादा ध्यान पढ़ाई में लगाएं तो फायदा मिलेगा। बिजनेसमैन अपने धंधे में नई तकनीक अपना सकते हैं। जो भी कदम उठाएं, उसमें लाभ होगा।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
आज का दिन आपके लिए स्पेशल साबित हो सकता है। किसी एक ही तरकीब पर काम करना काफी रहेगा। फिजूल की टेंशन में अपना समय बर्बाद न करें। आज कोई रिस्क वाला काम न करें। कार्यक्षेत्र में आपके कार्य कौशल की प्रशंसा होगी। आपको आज नई जिम्मेदारियां दी जाएंगी।


**LEO** 23 July - 22 Aug
आज का आपका दिन बहुत अच्छा बीतेगा। दिल में कोई बात या फिर दिमाग में कोई नया आइडिया हो तो फौरन किसी अपने के साथ शेयर करें। रिश्तेदारों से अनबन दूर करने का समय है। दोस्तों के साथ रहने से फायदा हो सकता है। किसी कारण घरवालों से बहसबाजी होगी। सावधान रहें।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
आज आपका दिन काफी बिजी कर देने वाला होगा। सोच-समझकर उठाए गए कदम का फायदा होगा और इससे खुशी होगी। पुराने समय से चली आ रही टेंशन भी कम हो जाएगी। अगर आप दूसरों की मदद करेंगे तो आपकी मदद करने वाले भी आएंगे। ईमानदारी से जो काम करेंगे वह फलदायक रहेगा।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
आपको दिन के पहले हिस्से में फोन कॉल्स के जरिए आज कोई खुशखबरी मिलेगी। ऑफिस के साथी भी टीमवर्क से खुश होंगे। लेन-देन और बिजनेस में खतरा हो सकता है। साथ ही दिया हुआ धन आज फंसेगा। हेल्थ पर ध्यान भी देने की जरूरत है, अन्यथा आगे चलकर स्वास्थ्य संबंधी कष्ट होंगे। दांपत्य के मामले में आज का दिन अच्छा है। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
आज आपको दिन के पहले हिस्से में थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है। आलस्य को त्यागें। शाम तक मुनाफे के कई मौके आएंगे। घूमने-फिरने के मौके जब भी आते हैं, आप हमेशा तैयार रहते हैं। ऐसा ही मौका आज शाम भी है। आज किसी मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होंगे और अच्छे लोगों से मुलाकात भी होगी।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
आज आपका टाइम अच्छा है। इसका पूरा फायदा उठाएं। भविष्य से जुड़ी किसी योजना की नींव डाल सकते हैं। ऑफिस में साथियों से बहस में न उलझें। आपकी कई इच्छाएं आज पूरी होंगी। घूमने-फिरने से कोई जरूरी काम बन सकता है। किसी अभियान में आपकी जीत हो सकती है।



**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज आपकी किसी से अनबन न हो इस बात का ध्यान रखें। कामकाज में आपकी स्थितियां बेहतर होंगी। बिजनेस में मुनाफे की आशा रहेगी और शादीशुदा जिंदगी में भी कामयाबी हासिल होगी। दिनभर काम करने लायक बहुत से काम हैं लेकिन किसे करना है और किसे नहीं यह आपको सोचना है।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
आज टीमवर्क से काम करने वाला दिन है। ऑफिस में अपने साथियों के साथ मिलकर काम करने से अच्छे रिजल्ट मिलेंगे। बातचीत से कोई नया फायदे का आइडिया आ सकता है। आज के दिन अपने दोस्त के लिए तोहफा खरीदते वक्त अपनी जेब का खास ख्याल रखें।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आज का दिन आपके लिए काफी चुनौतीभरा हो सकता है। आहिस्ता-आहिस्ता आगे बढ़ने से ही फायदा होगा। अगर आप यूं ही अपनी कोशिशें जारी रखें तो अटके हुए काम भी बन जाएंगे। सबकुछ भूलकर अपने काम में जुट जाएं, शायद यह सफर का आखिरी दौर होगा। बाहर फिजूलखर्ची करने के बजाय घरवालों के साथ समय गुजारें। वाहन प्रयोग में सावधानी बरतें, वाहन अचानक खराब हो जाने से खर्च बढ़ सकता है।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

यह वर्ष राजस पाद से प्रवेश हो रहा है। वर्ष का स्वामी बृहस्पति जनवरी तक जहां आपके विशेष परिश्रम को उजागर करेगा। वहीं, फरवरी के महीने में आपको बौद्धिक प्रयासों में भी आशातीत सफलता प्राप्त होगी। मार्च-अप्रैल में कुछ जातकों को अनियोजित तरीके से धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। मई-जून में दूर व नजदीक की धार्मिक यात्रा का योग बनेगा। इस दौरान की गई यात्रा सफल होगी। जुलाई-अगस्त में भवन हर आपके कर्म क्षेत्र और उदय पर हावी रहेगा। सितंबर में नए व्यावहारिक कार्यों का आयोजन होगा। अक्टूबर आते तक अधिकतर जातकों का भाग्य उदय अपने बुद्धि बल और पुरुषार्थ से होगा। विद्यार्थियों के लिए यह वर्ष प्रतियोगिताओं में सफलता कारक रहेगा। नवंबर-दिसंबर में अविवाहितों के विवाह होंगे। विशेष परिणामों के लिए हनुमान जी की पूजा व मंगलवार का व्रत हितकारी सिद्ध होगा। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

### कल का पंचांग (मंगलवार, 13 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति पौष 24, शक संवत 1947, माघ कृष्ण, दशमी, मंगलवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 30, रज्जब 23, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 13 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल दोपहर 3 बजे से 4 बजकर 30 मिनट तक। दशमी तिथि अपराह्न 3 बजकर 18 मिनट तक उपरांत एकादशी तिथि का आरंभ। चंद्रमा दिन-रात तुला राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार- मकर में शुक्र, कुज दिवस।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | | 8 | 9 | | | |
| | | 8 | | | | | | 9 |
| | | | | 5 | 7 | 4 | | |
| | 4 | 5 | | | | | | 2 |
| | | 7 | | | | 9 | | |
| 9 | | | | | | 7 | 8 | |
| | | 1 | 7 | 2 | | | | |
| 7 | | | | | | 1 | | |
| | | | 3 | 9 | | 8 | 4 | 7 |

### TELEVISION



big magic

| | |
|---|---|
| 09:00 | बालू हलवू |
| 10:00 | बजूबा बूढ़बक |
| 11:00 | रुद्र के रक्षक |
| 11:30 | अलादीन |
| 12:00 | चक्रधारी अजेय कृष्णा |
| 13:30 | भ से भई |
| 14:30 | हम पांच |
| 15:00 | अजब देश की गजब कहानी |
| 16:30 | प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी |
| 19:30 | रुद्र के रक्षक |
| 21:00 | पीरू |

मेरा गांव, मेरे पास

## हर की पैड़ी पर ID कार्ड की जांच से उठा विवाद

### धार्मिक पहचान जानने के लिए जांचे जा रहे हैं पहचान पत्र



■ **NBT रिपोर्ट, देहरादून:** हरिद्वार में हर की पैड़ी के घाटों पर गंगा सभा द्वारा की गई पहचान पत्र जांच को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि गंगा सभा से जुड़े तीर्थ पुरोहित घाटों पर काम करने वाले विक्रेताओं, मजदूरों, फेरीवालों और भिखारियों से उनकी धार्मिक पहचान जानने के लिए आधार कार्ड और अन्य पहचान पत्र चेक कर रहे हैं। इस कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों और अलग-अलग संगठनों में नाराजगी देखी जा रही है।

गैर-हिंदुओं के प्रवेश को लेकर बहस तेज

दरअसल, गंगा सभा ने उत्तराखंड सरकार से मांग की है कि कुंभ मेला क्षेत्र, जिसमें हर की पैड़ी और आसपास के घाट शामिल हैं, को गैर-हिंदुओं के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया जाए। इसी मांग के बाद शनिवार को हर की पैड़ी के ब्रह्मकुंड और आसपास के घाटों पर रैंडम वेरिफिकेशन किया गया। गंगा सभा के सचिव उज्ज्वल पंडित का कहना है कि पवित्र स्थल पर गैर-हिंदुओं की मौजूदगी से श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हो सकती हैं और सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं भी पैदा होती हैं। इस बीच, नगर निगम ने स्थिति पर अपना पक्ष रखा है।

हरिद्वार नगर निगम के नगर आयुक्त नंदन कुमार ने कहा कि हर की पैड़ी क्षेत्र में गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर रोक कोई नया नियम नहीं है। उनके मुताबिक, आजादी से पहले से ही मैन्युअल के पॉइंट नंबर 20 में इसका उल्लेख है। यह नियम हर की पैड़ी की धार्मिक गरिमा और परंपराओं की रक्षा के लिए बनाया गया है। वहीं, पुलिस स्टेशन के प्रभारी रितेश शाह के अनुसार, पुलिस नियमित रूप से वेरिफिकेशन ड्राइव चलाती है और किसी भी तरह की अवैध गतिविधि पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाती है। दूसरी ओर, हाई कोर्ट के वकील कार्तिकेय हरि गुप्ता ने इस कार्रवाई को असंवैधानिक बताया है। उनका कहना है कि धर्म के आधार पर किसी व्यक्ति की मौजूदगी या व्यापारिक गतिविधियों पर रोक लगाना कानून के खिलाफ है।

## राम मंदिर से पकड़ा गया कश्मीरी है मानसिक रोगी

■ **NBT न्यूज अयोध्या:** राम मंदिर परिसर में स्थित सीता रसोई के पास कश्मीरी मुस्लिम युवक द्वारा नमाज पढ़ने की कोशिश के मामले में जांच के बाद बड़ा तथ्य सामने आया है। जांच में आरोपी अब अहद शेख को मानसिक रोग से पीड़ित पाया गया है। उसके परिजनों द्वारा पुलिस को सौंपे गए दस्तावेजों के अनुसार, अहद का इलाज वर्ष 2024 से जम्मू मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। अयोध्या पुलिस ने अहद की मेडिकल हिस्ट्री को जम्मू पुलिस और सीआरपीएफ से सत्यापित कराया, जिसमें मानसिक बीमारी की पुष्टि हुई है। एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर के अनुसार, जांच में आरोपी से जुड़ा कोई भी संदिग्ध तथ्य सामने नहीं आया है।

आरोपी से जुड़ा कोई भी संदिग्ध तथ्य सामने नहीं आया

जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले से अहद शेख का परिवार अयोध्या के लिए रवाना हो चुका है। अयोध्या पुलिस अब औपचारिक प्रक्रिया पूरी कर अहद शेख को उसके परिजनों को सौंप देगी। जांच में किसी भी प्रकार की आतंकी साजिश के संकेत न मिलने पर पुलिस प्रशासन ने राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा व्यवस्था और सख्त कर दी गई है। एसपी सुरक्षा के निर्देश पर परिसर में अतिरिक्त गश्त शुरू कर दी गई है और आने-जाने वाले हर व्यक्ति पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in